संसेक्स 71,555.19 ▲ +482.70
डॉलर 83.0866 ▲ +0.1027

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 25.0 | 15.0 | 17.0 |
| धनबाद | 26.0 | 17.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 17.0 | 19.0 |
| पलामू | 24.0 | 16.0 | 18.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 14 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक 15, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय स्वागत करें ज्ञान एवं सौभाग्यरूपी उजालों का...08


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


बाफ्टा में पुरस्कार प्रदान करेंगी अभिनेत्री...12 देश विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,160

चांदी (1 किलो) 78,000

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### कोटा में फिर कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या, इस साल का तीसरा मामला

# झारखंड के शुभ ने जेईई का रिजल्ट देख लगाया मौत को गले

**एजेंसी। कोटा**

राजस्थान के कोटा जिले में कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड केस रोकना प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती बन गया है। एक के बाद एक लगातार स्टूडेंट सुसाइड कर रहे हैं। ताजा मामला मंगलवार सुबह सामने आया, जब एक जेईई की तैयारी कर रहे झारखंड के एक छात्र 16 वर्षीय शुभ कुमार चौधरी ने फंदे पर झूलकर मौत को अपने गले लगा लिया। बताया जाता है कि मृतक जेईई मेन में कम परसेंटाइल आने के बाद खुश नहीं था और इसी वजह फांसी लगाकर उसने जान दे दी है। सोमवार रात को ही जेईई एग्जाम का रिजल्ट सामने आया था। शुभ पिछले दो साल से कोचिंग सिटी में ही एग्जाम की तैयारी कर रहा था। वह कोटा के महावीर नगर इलाके में एक हॉस्टल में रह रहा था।



**पेरेंट्स ने किया फोन तो उड़ गए होश**

कोटा में डीएसपी भवानी सिंह ने जानकारी दी कि स्टूडेंट 12वीं कक्षा की पढ़ाई भी करता था और साथ ही जेईई एग्जाम की तैयारी कर रहा था। छात्र ने हाल ही में जेईई एग्जाम दिया था, जिसका सोमवार रात को रिजल्ट सामने आया है। उसके बाद सुबह पैरेंट्स ने जब फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद वार्डन को कॉल किया गया। वार्डन ने जब छात्र के कमरे में जाकर देखा तो वह दरवाजा अंदर से बंद था और अंदर से कोई जवाब नहीं दे रहा था। इसके बाद दरवाजे को धक्का देकर खोला तो सामने पंखे पर छात्र शुभ लटका हुआ मिला। इस मामले की सूचना पुलिस और उसके परिजनों को दी गई। जिसके बाद छात्र के शव को पुलिस ने अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

**इस साल सुसाइड की यह तीसरी घटना**

2024 की शुरूआत से अब तक तीन मामले कोचिंग स्टूडेंट के सुसाइड के सामने आ गए हैं। झारखंड निवासी शुभ के सुसाइड से पहले कोटा में 24 जनवरी को यूपी मुरादाबाद के रहने वाले मोहम्मद जैद ने आत्महत्या की थी। वह नीट की तैयारी कर रहा था। इसके पहले 1 जनवरी को 18 साल की निहारिका ने भी सुसाइड कर मौत को अपने गले लगाया था। 2023 में 29 स्टूडेंट ने आत्महत्या की थी।

**रविवार से ही एक और छात्र है लापता**

जवाहर नगर थाना से मध्यप्रदेश के राजगढ़ के ब्यावरा निवासी एक छात्र लापता है। छात्र के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। छात्र की अंतिम लोकेशन गरडिया महादेव में थी। पुलिस, एसडीआरएफ और गोताखोर की टीमें उसे तलाश कर रही हैं। छात्र पिछले 10 माह से महावीर नगर प्रथम स्थित एक हॉस्टल में रहकर आईआईटी जेईई कि तैयारी कर रहा है।

## सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध : अर्जुन मुंडा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



किसान संगठनों के दिल्ली कूच करने के अभियान के बीच चंडीगढ़ जाकर उनसे बातचीत करने वाले केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि भारत सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, भारत सरकार किसानों के साथ हमेशा बातचीत के लिए तैयार है लेकिन कई मुद्दों पर राज्य सरकारों के साथ विचार-विमर्श कर रास्ता निकालना होगा और इसके लिए कोई फोरम बनाना पड़ेगा। इसके साथ ही मुंडा ने किसान संगठनों से आम लोगों का भी ध्यान रखने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्हें इसका ध्यान रखना चाहिए कि जनसामान्य को कोई कठिनाई नहीं हो। अर्जुन मुंडा ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ हमेशा बातचीत के लिए तैयार है। इसलिए जब यह मसला सामने आया तो केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, नित्यानंद राय और उन्होंने खुद चंडीगढ़ जाकर किसान संगठनों के साथ बातचीत की।

# 2027 तक हर किसी के पास होगा तीन कमरे का पक्का मकान : चंपई

■ मुख्यमंत्री ने 25385 लाभुकों को सौंपे स्वीकृति पत्र ■ डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की जारी

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि वर्ष 2027 तक झारखंड में हर किसी का अपना तीन कमरे वाला पक्का मकान होगा। कोई भी व्यक्ति झुग्गी-झोपड़ी, टूटे-फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों के आशियाना के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को दुमका जिले के जामा प्रखंड स्थित कमार दुधानी में आयोजित अबुआ आवास योजना कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दुमका के 9827, जामताड़ा के 5711 और देवघर जिला के 9847 लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया और उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहले किस्त की राशि के रूप में 76 करोड़ 15 लाख 50 हजार रुपये हस्तांतरित किए।

**योजना का गलत लाभ लेने-देने वालों पर होगी कार्रवाई :** मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अबुआ आवास योजना का गलत तरीके से लाभ लेने वालों और बिचौलियों के साथ इसमें संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस योजना के तहत गरीब, जरूरतमंद और आवास विहीन लोगों को पक्का मकान दिया जाना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता सूची के तहत लाभुकों को मकान स्वीकृत करने की कार्रवाई करें।



**व्यवस्थाओं में हुआ है सुधार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं में सुधार लाए बिना राज्य को आगे नहीं ले जा सकते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य समेत अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और मजबूत करने का काम हो रहा है। हेमंत सोरेन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी अपने कुशल नेतृत्व में जिस तरह विकास को नया आयाम दे रहे थे, उसी को आगे बढ़ने का काम हमारी सरकार कर रही है।

**हर वर्ग एवं समुदाय के सशक्तिकरण पर जोर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी- मूलवासी, दलित, पिछड़े, किसान-मजदूर, बुजुर्ग, दिव्यांग, महिला, बच्चे समेत हर वर्ग और तबके के सशक्तिकरण की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सर्वजन पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्ग, महिला, दिव्यांग और विधवा को पेंशन मिल रहा है। किसान सालों भर कृषि कार्य कर सकें, इसके लिए खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**बिना शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ेगा**

सीएम ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। बिना अच्छी शिक्षा के समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। कहा कि आर्थिक तंगी की वजह से किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं हो, इसकी व्यवस्था सरकार ने कर रखी है। छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना है। साथ ही प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है।

**शहरों के समानांतर सुविधाएं करा रहे उपलब्ध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड ग्रामीण परिवेश वाला राज्य है यहां के ज्यादातर ग्रामीण कृषि और मजदूरी पर निर्भर हैं ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम हो रहा है। शहरों के समांतर गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अब 100 यूनिट की बजाय 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने का निर्णय लिया है।

## एक नजर

### चंपई सरकार की तीसरी कैबिनेट बैठक 15 फरवरी को

**रांची।** चंपई सरकार की तीसरी कैबिनेट की बैठक 15 फरवरी को होगी। यह बैठक शाम पांच बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में विधानसभा के बजट सत्र को आहूत करने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर निर्णय लिया जाएगा। कैबिनेट के निर्णय की प्रत्याशा में राज्यपाल को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बजट सत्र 23 फरवरी से दो मार्च तक आहूत किया गया है।

### गुजरातियों पर टिप्पणी को लेकर तेजस्वी पर मामला रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की 'केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं' वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मानहानि की कार्यवाही को रद्द कर दिया। पिछले हफ्ते, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि यादव द्वारा बिना शर्त अपनी टिप्पणी वापस लेते हुए एक विशिष्ट हलफनामा दायर किया गया है।

## एशिया के कई देशों के बाद अब अबू धाबी में भी रुपे कार्ड



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर हैं। यहां उनका 'अहलान मोदी' कार्यक्रम के साथ अबू धाबी के सबसे बड़े हिंदू मंदिर के उद्घाटन का भी कार्यक्रम होना है। ऐसे में यूएई पहुंचे पीएम मोदी की वहां के राष्ट्रपति अल नाहयान के साथ मुलाकात भी हुई और दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर बातचीत की। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें रुपे कार्ड भेंट किया। पीएम मोदी से मिलने के बाद यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने यहां यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की। इससे पूरे संयुक्त अरब अमीरात में रुपे की सार्वभौमिक स्वीकृति बढ़ेगी। यहां इस रुपे कार्ड की सुविधा का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अपने नाम उभरे हुए एक कार्ड को स्वाइप किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि हम दोनों यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरूआत कर रहे हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

## हेमंत और पिंटू के करीबियों के ठिकानों पर फिर ईडी के छापे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और उनके प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू के करीबियों के रांची स्थित ठिकानों पर ईडी की टीमें मंगलवार सुबह से छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि जमीन घोटाले में ईडी की जांच का दायरा बढ़ा है। राजस्वकर्मी भानु प्रताप सिंह और हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह से पूछताछ के बाद कई अन्य भू-खंडों की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ियों के नए साक्ष्य एजेंसी के हाथ लगे हैं। रांची के कोकर में जमीन कारोबारी रमेश गोप के यहां ईडी की टीम ने छापा मारा है। रमेश गोप बड़गाईं अंचल के सीओ भानु प्रताप प्रसाद के करीबी हैं। इधर शहर के सबसे पॉश इलाके अशोकनगर में भी एक ठिकाने पर रेड की जा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी की छापेमारी में मिले जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज

**रांची।** ईडी ने रांची में जमीन के तीन बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की। इनमें कोकर के अयोध्यापुरी निवासी रमेश गोप, रातू रोड निवासी आर्किटेक्ट विनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप शामिल हैं। विनोद सिंह के रोस्पा टावर स्थित कार्यालय ग्रिड्स कंसलटेंट में सुबह से ही ईडी का छापा चल रहा है। छापेमारी में इनके ठिकाने से जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित दस्तावेज मिले हैं। साथ ही ईडी को कुछ जगहों से प्रतिबंधित जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित कागजात भी मिले हैं। सभी दस्तावेजों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## ईडी कोर्ट ने हेमंत की न्यायिक हिरासत अवधि 22 तक बढ़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बरियातू की 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में आरोपित पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को 22 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। साथ ही मामले में आरोपित ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## बोकारो में सीआरपीएफ ने नक्सलियों को घेरा, मुठभेड़



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

झारखंड के बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के नक्सल प्रभावित झुमरा की तलहटी स्थित चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के चियाटांड़ एवं दंडरा के मध्य जंगल में मंगलवार सुबह सीआरपीएफ एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सीआरपीएफ 26वीं बटालियन को सूचना मिली थी कि जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा है।

बताया गया है कि सीआरपीएफ ने चारों तरफ से नक्सलियों को घेर लिया है। बताया गया है कि चियाटांड़ एवं दंडरा के जंगल में घिरे नक्सलियों ने सीआरपीएफ के जवानों पर गोलीबारी आरंभ कर दी। इसके बाद जवानों ने भी जवाब देना शुरू कर दिया। दोनों ओर से अब तक सैकड़ों राउंड फायरिंग की सूचना है। गोलीबारी में किसी के भी हताहत की सूचना नहीं है। पुलिस एवं सीआरपीएफ के वरीय पदाधिकारी मौके के लिए रवाना हो गए हैं। स्थानीय थाना प्रभारी ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

## इंडिया रेडियो सबसे बड़े श्रोता समूह तक बना रहे इसके लिए बदलाव जरूरी


सुनील बादल

13 फरवरी को यूनेस्को ने अद्वितीय पहुंच के कारण विश्व रेडियो दिवस की शुरूआत की थी संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव बान की मून ने रेडियो की तारीफ करते हुए कहा है कि रेडियो कम लागत में उपलब्ध, मूल्यवान संचार का साधन है, जिसका संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना के दिन से ही विश्व भर के लोगों तक पहुंचने के लिए इस्तेमाल कर रहा है।मौजूदा डिजिटल प्रसारण के युग में भी रेडियो सबसे तेजी से विश्व के सबसे बड़े श्रोता समूह तक पहुंचने का माध्यम बना हुआ है।रेडियो का इतिहास भी दिलचस्प है।24 दिसंबर 1906 की शाम कनाडाई वैज्ञानिक रेगिनाल्ड फेसेंडेन ने जब अपना वॉयलिन बजाया और अटलांटिक महासागर में तैर रहे तमाम जहाजों के रेडियो ऑपरेटरों ने उस संगीत को अपने रेडियो सेट पर सुना, वह दुनिया में रेडियो प्रसारण की शुरूआत थी। इससे पहले जगदीश चंद्र बसु ने भारत में तथा गुल्येल्मो मार्कोनी ने वर्ष 1900 में इंग्लैंड से अमेरिका बेतार संदेश भेज कर व्यक्तिगत रेडियो संदेश भेजने की शुरूआत कर दी थी, पर एक से अधिक व्यक्तियों को एक साथ संदेश भेजने या ब्रॉडकास्टिंग की शुरूआत 1906 में फेसेंडेन के साथ हुई।ली द फोरेस्ट और चार्ल्स हेरॉल्ड जैसे लोगों ने



इसके बाद रेडियो प्रसारण के प्रयोग करने शुरू किये।तब तक रेडियो का प्रयोग सिर्फ नौसेना तक ही सीमित था।1917 में प्रथम विश्व युद्ध की शुरूआत के बाद किसी भी गैर फौजी के लिए रेडियो का प्रयोग निषिद्ध कर दिया गया। रेडियो पर विज्ञापन की शुरूआत 1923 में हुई। नरीमन प्रिंटर संचालित मुंबई के गुप्त रेडियो स्टेशन ने गांधी जी का ह्यभारत छोड़ोह्न का संदेश, मेरठ में 300 सैनिकों के मारे जाने की खबर, कुछ महिलाओं के साथ अंग्रेजों के दुराचार जैसी खबरों का प्रसारण किया, जिसे समाचार पत्रों में सेंसर के कारण प्रकाशित नहीं किया गया था।पहला ट्रांसमीटर 10 किलोवाट का था, जिसे शीघ्र ही नरीमन प्रिंटर ने और सामान जोड़ कर सौ किलोवाट का कर दिया।अंगरेज पुलिस की नजर से बचने के लिए ट्रांसमीटर को तीन महीने के भीतर ही सात अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया।12 नवंबर 1942 को नरीमन प्रिंटर और उषा मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया और नेशनल कांग्रेस रेडियो की कहानी यहीं खत्म हो गयी।नवंबर 1941 में रेडियो जर्मनी से नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भारतीयों के नाम संदेश भारत में रेडियो के इतिहास में एक और प्रसिद्ध दिन रहा जब नेताजी ने कहा था, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। इसके बाद 1942 में आजाद हिंद रेडियो की स्थापना हुई जो पहले जर्मनी से फिर सिंगापुर और रंगून से भारतीयों के लिये समाचार प्रसारित करता रहा भारत में सबसे पहले रेडियो का प्रसारण 1923 में कोलकाता के एक क्लब द्वारा किया गया था। इसके बाद बंबई रेडियो क्लब द्वारा रेडियो प्रसारण किया गया जो 1926 में इंडियन ब्राडकास्टिंग कंपनी बना कर किया गया।1936 में इसका नाम बदल कर ऑल इंडिया रेडियो और 1957 में आकाशवाणी किया गया ।केवल भारत सरकार के स्वामित्व वाले ऑल इंडिया रेडियो के पूरे भारत में लगभग 450 एफएम स्टेशन हैं। भारत में 381 चालू निजी एफएम रेडियो स्टेशन हैं और 454 कम्युनिटी रेडियो स्टेशन संचालित हैं।1956 में विविध भारती का आगमन हुआ।वर्तमान में विविध भारती के 37 केंद्र है।इस समय रेडियो की पहुंच 92 फीसदी भारतीय भूभाग और 99.19 प्रतिशत भारतीय जनता तक है।रेडियो आज विश्व के साथ भारत में अधिक लोकप्रिय एफएम के आने से हुआ जो न्यूजऑनएआइआर एप्प पर ऑनलाइन,मोबाइल फोन,गाड़ियों से लेकर सभी म्यूजिक सिस्टम और एंड्रोएड टीवी तक में उपलब्ध है जिसे रात दिन कहीं भी घूमते फिरते सुना जा सकता है । भारत के विकास में अद्वितीय योगदान वाले आकाशवाणी को भी अपनी पुरानी शैली में बदलाव करते हुए लाइव,अधिक से अधिक आमजन से सीधे जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए और लोकप्रियता सूची स्वतंत्र एजेंसी से बनवाकर उसके अनुरूप प्रसारण करना चाहिए। पारंपरिक जानकारी देने और शास्त्रीय संगीत से लेकर ग्रामीणों और अन्य लक्ष्य समूहों को केंद्रित बासी कार्यक्रमों के बजाय नवीन सूचनाओं से लैस करना चाहिए। अनुबंध आधारित ही हों पर सभी रिक्त पदों को समीक्षा उपरांत भरना चाहिए और तकनीक को सर्वोपरि रखना चाहिए ।अधिकारी केंद्रित करने के बजाय बीबीसी की तरह प्रसारण कर्मी केंद्रित और शिकायत निवारण नेटवर्क आधारित करना चाहिए तभी यह विश्व का सबसे बड़ा प्रसारण तंत्र अपनी प्रासंगिकता बचाए रख पाएगा।

## एक नजर

### सरस्वती पूजा को लेकर मांडर थाना में शान्ति समिति की बैठक



**मांडर।** थाना में मंगलवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर बोलते हुए थाना प्रभारी विनय यादव ने कहा कि पूजा हर्षोल्लास से मनाने की चीज है। इसे सभी लोग खुश होकर मनाएं। माता सरस्वती से विद्या की देवी है। इस मौके पर माता सरस्वती से अच्छी शिक्षा की प्रार्थना करें। थाना क्षेत्र के सरस्वती पूजा कमिटी के सदस्य एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ सरस्वती पूजा शांति पूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया।

### जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**चान्हो।** प्रखंड के करकट गांव में जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने मगंलवार को गरीब, असहाय, निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए गांव के लगभग 50 लोगों के बीच कम्बल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे लोग जो लाचार, बेबस व गरीब होने के कारण इस कड़ाके की ठंड में किसी तरह अपना जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अभी भी सभी लोगों के पास पर्याप्त कंबल नहीं है। जिससे ठंड से बचा जा सके। इसी को देखते हुए हमारी ओर से एक छोटी सी प्रयास पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है। जितना हो सकता है मैं गरीबों को जरूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करता हूं। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद ही है कि ये सिलसिला जो हमने 15 साल पहले शुरू किया था आज तक चल रहा है और आगे भी इसी तरीके से चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले समय मे ठंड का प्रकोप ओर ज्यादा बढ़ने की संभावना है। मौके पर नेयाजुल खान, जावेद खान समेत और भी लोग उपस्थित थे।

### मदरसा इस्लामिया महमूदिया के हाफिज ने एक ही बार में पूरा कुरान पढ़कर सुनाया

**मांडर।** मंगलवार को मदरसा इस्लामिया महमुदिया के एक छात्र हाफि ज अनस यासिर जो सुंदरू लोहरदगा के रहनेवाले है, ने रात 12:41 मिनट से दिन 12:30 तक उनके शिक्षक मौलाना वकारी मुहम्मद ताहा. मसूद अल-मोजाहिरी और मौलाना जावेद अल-मोजाहिरी के सामने एक बार में पूरी कुरान पढ़कर एक रिकॉर्ड बनाया। यह मदरसा इस्लामिया महमूदिया की बहुत बड़ी कामयाबी है कि मदरसे ऐसा होनहार हाफिज बनाया है। खास तौर पर मदरसे के संचालक मौलाना डॉ. अब्दुल जलील साहब कासमी नदवी ने इस मदरसे के शिक्षको को वेतन की चिंता से मुक्त कर दिया है।

# पदभार ग्रहण करते ही रिम्स के निदेशक आये एक्शन में कइयो की लगा दी क्लास




पैसे की कोई कमी नहीं रही है नीयत की कमी के कारण नहीं हो रहा था सुधारः डॉ राज कुमार निदेशक, रिम्स वर्ष 2022 में 300 करोड़ और 2023 में 400 करोड़ रुपये वापस चले गए । रिम्स में मरीजो को छोटे सामान व दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही थी। हर विभाग में मरीजों की जरुरत के सभी सामान से निःशुल्क देना है। सामानो को समय-समय पर नहीं खरीदा जाना अपने आप में कई सवाल खड़े होते है। खर्च करने के लिए मन साफ होना चाहिए हलांकि अब इस पर मेरी पैनी नजर बनी रहेगी। क्योंकि यह राज्य का सबसे बड़ा अस्पताल है और यहां ज्यादातर गरीबो का इलाज होता है । राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से उन्होंने कहा कि आईसीयू के औचक निरीक्षण के दौरान कई नर्सेज और वार्डन तथा हैड बॉय सहित अन्य कईयों को गलत पाए जाने पर चेतावनी दी है और औचक निरीक्षण दिन और रात दोनों समय किया जाएगा और प्रयास होगा कि अगले कुछ माह में रिम्स की व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाए। 50 बेड में 150 मरीज रहने को मजबूर हैं। अक्सर मरीजो को एक डिपार्टमेंट से दूसरे डिपार्टमेंट में शिफ्टफ्ट करना पड़ता है। दिशा निर्देश दिया गया है, व्यवस्था ठीक करने में कुछ समय लग सकता है। निरीक्षण के दौरान देखने को मिला कि मरीजो के परिजन उनके साथ ही किसी तरह रह रहे हैं। यह देखने में अच्छा तो नही लगा लेकिन विश्वास है कि आने वाले समय में बेहतर बदलाव होगा। डॉक्टर और कर्मचारी दोनो की है भारी कमी, बहाली होगी।






### सड़क जाम से मरीज को होती है परेशानी

मंगलवार को तेज बारिश हो रही थी। सड़के पूरी तरह से जाम थी। मरीजों को यहां आने में काफी परेशानी हो रही है। इसके लिए प्रशासन और निगम को मरीज के हितो में ध्यान देना होगा। रिम्स मुख्य गेट के पास मंदिर के बगल में एक प्याउ है जिसके आड़ में कई ठेला खोमचा व सब्जी की दुकाने लगी हुई है, जिससे रोड संकीर्ण हो जा रहा है।

### 9 मार्च को चाईबासा में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**चाईबासा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के तत्वावधान में आगामी 9 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए तैयारियां आरंभ हो गई है. इसी क्रम में मंगलवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला ने अपर उपायुक्त, एलडीएम और नगरपालिका के पदाधिकारियों के साथ बैठक की तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए प्रेरित किया. इस दौरान प्राधिकार के सचिव राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे. मालूम हो कि आगामी माह 9 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोग अपने बैंक ऋण, पेंशन, बीमा संबंधित विवाद, मुआवजा बीमा, वन अधीनियम, शमनीय फौजदारी मुकदमा, राजस्व वाद, दूरसंचार वाद, नौकरी विवाद , वैवाहिक वाद, भू-अर्जन वाद, मोटरयान दुर्घटना क्लेम संबंधित सुलहनीय मामलों के निष्पादन के लिए प्राधिकार के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# प्रथम चरण में 518 लाभुकों को मिलेगा अबुआ आवास योजना का लाभ



**सुनील कुमार गुप्ता लापुंग**

लापुंग प्रखंड में 518 लाभुकों को मिलेगा अबुआ योजना का लाभ सूची जारी की गई । यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने दी है। मंगलवार को लापुंग प्रखंड मुख्यालय में जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से अबुआ आवास योजना की जानकारी लिया । इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने लापुंग प्रखंड के 518 लाभुकों की सूची जारी किया और बताया कि अबुआ आवास योजना के प्रथम चरण की सूची में पात्रता रखने वाले लाभुकों को 20 फरवरी से पहले अपनी केवाईसी प्रखंड कार्यालय में एंट्री कराना होगा। उन्होंने बताया कि जॉबकार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता नंबर व केटेगरी आदिवासी, हरिजन, पिछड़ी व अल्पसंख्यको का प्रमाण के साथ प्रखंड कार्यालय में जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि 518 आबुआ आवास योजना की स्वीकृत हुई है उसमें आदिवासी, हरिजन, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक जाति के लोगों को अलग-अलग कोटा आवंटित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री 20 फरवरी को रांची जिला में अबूआ आवास योजना का प्रथम किस्त देकर इसकी शुरूआत करेंगे। अबुआ आवास योजना की राशि चार किस्तों में लाभुको को दिया जाएगा। लापुंग प्रखंड के सभी 11पंचायतों में 40 से 50 आवास पंचायतवार आबंटित किया गया है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर अबुआ आवास का चयन करें । लापुंग प्रखंड का कोई भी गरीब व मजदूर आवास योजना से वंचित न रहे इसका ख्याल रखें । साथ ही उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड में विचौलिया से सावधान रहें और सरकारी योजनाओं को उनसे दूर रखें।

# बेड़ो में पहली बार 1986 में हुई थी मां शारदे की सार्वजनिक पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के महावीर चौक में 1986 ई से शिक्षण संस्थानों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से सरस्वती पूजा की पूजा अर्चना का शुभारंभ किया गया था। वैसे मां सरस्वती की पूजा का इतिहास बेड़ो स्कूलों में सैकड़ों वर्ष पुराना है। बेड़ो के राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में अपने स्थापना काल 1956 ई से ही सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाता है जबकि टेरो बेसिक स्कूल, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बोर्ड स्कूल बेड़ो में सरस्वती पूजा का प्रचलन बहुत पहले शुरू हो चुका था। लेकिन चौक चौराहों में सरस्वती पूजा का आयोजन गैर शैक्षणिक संस्थानों बेड़ो महावीर चौक में 1986 झरी क्लब में 1990 तथा क्लब ऑरिकल में 1991 ई से सरस्वती पूजा का प्रचलन शुरू हुआ। सार्वजनिक सरस्वती पूजा का आयोजन महावीर चौक में सबसे पहले शशिभूषण बडाईक और किशोरी बडाईक तथा उनके मित्रों ने शुरू की थी। उनमें से केवल झरी क्लब का पूजा ही अब तक जारी है। इस वर्ष झरी क्लब में 34 वां सरस्वती पूजा का आयोजन किया जाएगा। समय के साथ सरस्वती पूजा में बहुत ही बदलाव आया है और अब यह पूजा भव्य पंडाल के रुप में परिणत हो गया। लेकिन पूजा से अधिक उत्साह और उल्लास यहां मां सरस्वती के विसर्जन में देखने को मिलता है।

## न्यूज बॉक्स

### होली पर हास्य कवि सम्मेलन

रांची। 23 मार्च को मारवाड़ी भवन मे देश के सुप्रसिद्ध हास्य व्यंग कवियों का लगेगा जमावड़ा जो कि अपने हास्य व्यंग कविताओं से लोगों को खूब हंसाते हुए होलियाना अंदाज में भरपूर मनोरंजन करेंगे। बैठक में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु सुरेश चंद्र अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक बनाये गये तथा सहयोगी के रूप में 10 सदस्यों मनोज चौधरी, संजय सर्राफ, मनीष लोधा, सौरभ बजाज, विकास अग्रवाल, सनी टिंबडेवाल, अंकित बजाज, अमित चौधरी, रौनक झुनझुनवाला एवं निर्भय शंकर हरित को विशेष रूप मे शामिल किया गया। बैठक में सदस्यों को विभिन्न विभागों की जिम्मेवारियां दी गई। समिति द्वारा मारवाड़ी भवन हरमू रोड रांची में हास्य व्यंग कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष देश के कई नामी गिरामी सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, अनिल अग्रवंशी, के साक्षी तिवारी लखनऊ, राजेश अग्रवाल, दीपक जन सैनी, ज्ञानी बैरागी, सहित अन्य कई हास्य कवि भाग लेंगे ।

### आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने नवनिर्मित खीस्त राजा गिरजाघर का किया उद्घाटन



**रांची।** आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे एवं बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने रांची कैथलिक महाधर्मप्रांत के नवाटाड़ पल्ली के कानीजाड़ी गांव में एक ग्राम खीस्त राजा गिरजाघर का अशीष और उद्घाटन किया। ग्रामवासियों ने दोनों धर्माध्यक्ष का बड़ी जोरदार से स्वागत किया उसके पश्चात पवित्र मिस्सा बलिदान संपन्न हुई जिसकी अगुवाई रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे की। मिस्सा के दौरान बिशप थियोदोर मस्करेन्हास ने अपने धर्मोपदेश में कहा किः गिरजाघर कलीसिया के विश्वास का साक्षात प्रमाण है। समारोह के मौके पर आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे और बिशप थियोदोर मस्करेन्हास के अलावा क्रिस्टोफर लकड़ा नवाटाड़ पल्ली के पल्ली पुरोहित, आनंद डेविड खलखो रांची महा गिरजाघर के पल्ली पुरोहित, वाल्टर, फाङ्ग आशीत टोप्पो, सुशील बेक, अजीत सोरेंग, नीलम तीडू, प्रसन्न तिर्की, रोशन टोप्पो, इरेनियुस केरकेट्टा अनेक धर्मबहने एवं विश्वासगण शामिल हुए। आर्च बिशप फेलिक्स टोप्पो एस जे ने अपने आशीर्वचन में अपने विश्वास को और मजबूत करने, बच्चों को अच्छी शिक्षा देना और राजनीतिक अधिकार को जानने पर जोर दिया। इस दौरान कानीजाड़ी के वॉल्टर किस्पोट्टा और लोयो गांव के असीम मिंज ने पुरोहिताई जीवन के एक वर्ष पूरा करने के अवसर पर केक काट कर लोगों के साथ आनंद मनाया। इस को बनाने के लिए कानीजाड़ी के कैथोलिक ग्राम वासियों ने कड़ी मेहनत की ।इसकी नींव अजीत सोरेंग ने डाली थी। इसे बनने में बिशप थियोदोर मस्करेन्हस और फाङ्ग आनंद डेविड खलखो का बहुत बड़ा योगदान रहा है। साथ ही बहुत से लोगों के आर्थिक मदद के कारण ही इस गिरजेघर का निर्माण कार्य पूरा हो पाया है। पवित्र मिस्सा बलिदान के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

### दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन



**रांची।** जेएसओयू के शिक्षार्थी सहायता केंद्र और कर्मचारियों के लिए क्षमता निर्माण' पर दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को समाप्त हो गई। कई अध्ययन केंद्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और कार्यशाला से लाभान्वित हुए। आज मुख्य विषय अध्ययन केंद्र के लिए यूजीसी के नियम और विनियम, दूरस्थ शिक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग, दूरस्थ शिक्षार्थियों के लिए यूजीसी के नियम और विनियम 2020, और दूरस्थ शिक्षा के लिए शिक्षण प्रबंधन प्रणाली का प्रभावी उपयोग था। जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा में भी स्व-शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। प्रो. अनिर्बान घोष, एनएसओयू, डॉ. पापिया उपाध्याय, एनएसओयू ने जेएसओयू के समन्वयक और कर्मचारियों को सभी व्याख्यान दिए। जेएसओयू के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज अगरिया ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यशाला में प्रो टी एन साहू, वीसी, प्रो घनश्याम सिंह, रजिस्ट्रार, डॉ मोहन लाल, डॉ बरुण मंडल, डॉ प्रेमसागर, विकास मौर्य और जेएसओयू के सभी कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के 15 अफसरों का ट्रांसफर

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा के पंद्रह अफसरों का तबादला मंगलवार की देर रात कर दिया गया। इनमें अनवर हुसैन को उपनगर आयुक्त, रांची नगर निगम, निरंजन कुमार को डीडीसी जामताड़ा, मो सदात अनवर को डीडीसी धनबाद, दिलेश्वर महतो को डीडीसी गुमला, पशुपतिनाथ मिश्रा को डीडीसी गढ़वा, अतुल कुमार को अवर सचिव नगर विकास, शैलेंद्र रजक को सचिव प्रदेशिक परिवहन प्राधिकार दुमका, दिनेश कुमार को सचिव प्रदेशिक परिवहन प्राधिकार सिंहभूम, चंद्रभूषण सिंह को बंदोबस्त पदाधिकारी, दुमका, सुधा वर्मा को बीडीओ, जमशेदपुर सदर, मनीष कुमार को भूमि सुधार उपसमाहर्ता, गुमला, सुधीर कुमार को क्षेत्रीय निदेशक, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, राजीव कुमार सिंह को महाप्रबंधक, पर्यटन विकास निगम, विशालदीप खालखो को परियोजना निदेशक जमशेदपुर, जयदीप तिग्गा को परियोजना निदेशक, सरायकेला-खरसांवा बनाया गया है।

# खलारी में मां सरस्वती की पूजा आज, तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

मां सरस्वती की पूजा को लेकर क्षेत्र में तैयारी पूरी कर ली गई है। गांव, गली, मुहल्लों में पंडाल बनाया जा रहा है। कुछ एक को छोड़ सभी सरकारी व निजी स्कूलों में भी मूर्ति स्थापित कर पूजा किया जा रहा है। मंगलवार को हुई बारिश के बावजूद साज सज्जा ठीक किया जा रहा है। देर शाम तक लोग जेहलीटांड़ स्थित कुम्हार टोले से मां सरस्वती की मूर्तियां ले जाते रहे। आयोजन समितियां पंडालों को अलग अलग आकर्षक आकार देने में लगे हैं। खलारी प्रखंड क्षेत्र में करीब एक सौ जगहों पर सरस्वती पूजा की जा रही है। मूर्तियां खलारी जेहलीटांड़ में बनाई गई हैं। जेहलीटांड़ के मूर्तिकार प्रमोद प्रजापति मां सरस्वती की मूर्तियों को एक दिन पूर्व ही अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रमोद ने बताया कि इस वर्ष छोटी बड़ी 115 मूर्तियां बनाएं हैं। अधिकतर मूर्तियां आर्डर पर बनाए गए हैं। मूर्तियां 500 रूपए से लेकर 12000 रुपए कीमत तक बिकी। खलारी के अलावा सटे दूसरे जिलों के चंदवा, बालूमाथ, पिपरवार, बहेरा, कल्याणपुर व चामा, बिजुपाड़ा तक के लोग मूर्तियां ले गए हैं।

# बिजली विभाग की लापरवाही से शॉर्ट सर्किट राशेश्वर महतो का घर जल कर हुआ खाक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिजली विभाग के लचर व्यवस्था सट सर्किट के वजह से 11 फरवरी 2024 को लगभग सुबह 6:30 बजे रांची जिला राहे प्रखण्ड चैनपुर गांव निवासी राशेश्वर महतो के घर में भीषण आग लगने के वजह से पूरा घर जल कर हुई राख, मौके पर राहे ओपी प्रभारी राम रेखा जी अपने प्रशासन टीम , दमकल टीम और ग्रामीण के सहयोग से भीषण आग को काबू कर अन्य दूसरा घर को जलने से बचाया। भीषण आग के वजह से राशेश्वर महतो तीस बाई तीस का कच्चा मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया, कीमती लकड़ी से बना घर, कीमती लकड़ी से बना एक पीस पलंख, दो पीस चौकी, चार पीस दरवाजा, पहनने का वस्त्र, पंखा, टेबल, कुर्सी, टुलू पंप, का कीमत लगभग साढ़े पांच लाख रूपया तथा साथ में धान बेचा हुआ नगद राशि चालीस हजार रूपए एवम भैंसा बेचा हुआ सत्तर हजार रूपए यानी कुल एक लाख दस रुपए नकद राशि समेत कुल लगभग सात लाख रुपए का क्षति हुआ है। राशेश्वर महतो गरीब किसान परिवार से आते हैं , मौके पर राशेश्वर महतो ने स्थानीय जन प्रतिनिधि और स्थानीय प्रशासन को लिखित रूप से मदद मांगते हुए बताया कि आग लगने के वजह से हुई क्षति से बेघर हो चुके हैं, हमारा घर में 90 वर्षीय बूढ़ी मां है तो वहीं दो साल का छौटा नाजुक बच्चा नाती है, घर में बैल , बकरी और भैंस भी है जिससे बिना घर का बहुत दिक्कत हो रहा है, क्षेत्र में हाथी का प्रकोप भी बहुत है इसीलिए तत्काल क्षति पूर्ति का मुआवाजा उपलब्ध किया जाय। मौके घटना स्थल जेबीकेएसएस क्रांतिकारी नेता देवेन्द्र नाथ महतो घटना स्थल पर पहुंचकर परिवार का दुःख को देखते हुए स्थानीय प्रशासन से मांग किया है कि पीड़ित रशेश्वर महतो को विभाग तत्काल क्षति पूर्ति मुआवजा दे अन्यथा जेबीकेएसएस आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## मूसलाधार बारिश के बीच किता गांव में लगी खुशी चौपाल

# महिलाएं हाथ उठा कर दी आशीर्वाद, बोलीं- हम सब आज से खुशी दूत

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

मंगलवार को सिल्ली के किता गांव में मूसलाधार बारिश के बीच खुशी चौपाल लगा। पूर्व उप मुखिया जगदीशचन्द्र महतो और लोटा पंचायत की पंचायत समिति सदस्य अंजना देवी ने संयुक्त रूप से संचालन किया। दूसरे सत्र में रुड़सेट ट्रेंनिग सेंटर में तकनीकी शिक्षा ले रहे छात्रों के बीच खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी चौपाल और क्लास को संबोधित करते हुए संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मुश्किल और झंझावत का मुकाबला आप कभी भी तनाव में रहकर नहीं कर सकते। तनाव मुश्किलों को और बढ़ा देती है। खुशी-सकारात्मकता में इतनी ताकत है कि यह आपको हर झंझावतों से उबार कर मंजिल तक पहुंचा देगी। चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करती



### रुड़सेट ट्रेंनिग सेंटर में आयोजित हुआ खुशी क्लास, छात्रों की गूंजी आवाज- टेंसन गो, हैप्पी कम

एक कहानी भी सुनाई-- दुखों से घिरा एक निराश युवक नदी के पुल पर बैठा था। पुल के नीचे से स्वच्छ और चमकीले पानी को सतह तक निहार रहा था। देखता है, एक लकड़ी का पटरा, बहुत सारे बुरादे के साथ बहता आ रहा है। स्वच्छ पानी गंदा हो गया। लेकिन थोड़ी देर में पानी पटरा और बुरादे को बहा ले गया। पानी फिर पारदर्शी सा दिखने लगा। कुछ ही देर में ढेर सारे पत्ते बहते आ गए। पानी फिर गंदा हुआ। लेकिन फिर से पानी पत्तो को बहा ले गया और पानी पूर्व के भांति पारदर्शी हो गया। यह देखते- देखते युवक में ऊर्जा का संचार हुआ। खुद में सोचा- समय भी तो इसी बहते पानी की तरह है। इसमें सुख-दुख, अवसाद आदि गंदगी की तरह आ जाते हैं। समय तो इसे भी बहा ले जाएगा। फिर जिंदगी में आने वाले सुख-दुख से घबराना या इतराना कैसा ? समय तो इन्हें भी बहा ही ले जाएगा।

### विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आदर्श ग्राम लोटा कीता (चपाटांड़) में अखाड़ा का जीर्णोद्वार कार्य का शिलान्यास, लोटा उच्च विद्यालय में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, विधायक निधि से लोटा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, गोराडीह बाजार टांड में 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य, गोड़ाडीह में 450 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य, गोड़ाडीह ऊपर टोला में 150 फीट पीसीसी पथ निर्माण साथ ही साथ गोड़ाडीह गांव में वाचनालय एवं कदमटाड़ में 150 फीट पीसीसी का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव का सर्वांगीण विकास करना ही मेरा लक्ष्य है। गांव के विद्यालय में स्मार्ट क्लास शुरू होने से गांव के बच्चे भी अब नई शिक्षा पद्धति से पढ़ सकेंगे और पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त कर सकेंगे।

### खलारी थाना में हुई शांति समिति की बैठक

# सरस्वती पूजा के विसर्जन पर पुलिस की होगी खास नजर

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी थाना परिसर में सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने की। बैठक में षांति समिति के सदस्यों के साथ नए थाना प्रभारी का परिचय भी हुआ। सदस्यों ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था से जुड़े समस्याओं से अवगत कराया। महिला जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं यदि उनके द्वारा हल नहीं हो सकेगा तभी प्राथमिकी दर्ज करें ताकि ग्रामीणों को बेवजह कोर्ट का चक्कर न लगाना पड़े। थाना प्रभारी ने कहा कि बाल व महिला उत्पीड़न के मामलों में कानून के तहत सजा मिलना चाहिए। क्योंकि ऐसे मामलों में एक पीड़ित ही पीड़ा को समझ सकती है। यदि समझौता करा दिया गया तो शायद न्याय नहीं हो सकेगा। कहा कि वे अपने स्तर पर सभी के साथ न्याय करने का प्रयास करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि चोरी पर लगाम लगाने के लिए रात्रि में मोटरसाइकिल गश्ती कराएंगे। नशा के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। सरस्वती पूजा के विसर्जन में पुलिस की खास नजर रहेगी। बैठक में खलारी पश्चिमी की जिला परिशद सदस्य सरस्वती देवी, अनि संदीप कुमार, सअनि अखिलेश सिंह, सुभान मियां, मुखिया पुतुल देवी, तेजी किस्पोट्टा, सुनीता देवी, शीला देवी, पुष्पा खलखो, पारसनाथ उरांव, शिवनाथ मुंडा, शिवरत मुंडा, मलका मुंडा, मजहर आलम, दिनेश प्रसाद, विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, मुन्नू शर्मा, कृष्णा चौहान, विक्की सिंह,अशोक राम, जितेन्द्र सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# डेवलपर का चेक लेने से किया इंकार तो मध्यस्थता अधिकारी ने बेइज्जत कर दफ्तर से निकाला बाहर

**अमित कुमार। रांची**

जब डेवलपर्स अपने मनमानी पर उतरे और ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करने लगे तो संवैधानिक रुप से गठित रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ग्राहक और डेवलपर्स के बीच वैकलपिक रास्ता निकाल कर दोनो के हित में कार्य करता है। डेवलपर्स द्वारा गलत करने पर रेरा उसे उस काम को पूरा करने का दबाव देता है। पर सोमवार को झारखंड रेरा में कुछ अलग ही मंजर देखने को मिला। जब बिल्डर ने रेरा के अधिकारी को पैर छू कर मिठाई खिलाई फिर अधिकारी ने वादी को डांट कर बेज्जत किया फिर बाहर जाने को कहा। हम बात कर रहें है नीलकंठ डेवलपर्स के प्रोपराइटर सतीश कुमार की। वह कांके स्थित सेमर टोली में श्री एनक्लेव अपार्टमेंट बनवा रहे हैं। इसके लिए अनिता भौमिक पति अंशुमाल शर्मा ने 2016 में 1373 वर्ग फीट का फ्लैट बुक करने के लिए 31 लाख 51950 रुपए का एग्रीमेंट किया। इसके एवरेज में वर्ष 2016 में ही 24 लाख 11 हजार रुपए चेक के माध्यम से उन्हें एक बड़ी रकम दे दी गई। आज 8 साल बीत जाने के बाद फ्लैट का काम अधूरा पड़ा है । बावजूद इसके डेवलपर्स द्वारा अनिता भौमिक को जबरन रजिस्ट्री कराने का दबाव बनाया



जाता रहा। जब फ्लैट लेने से उन्होंने इनकार कर दिया तब उन्हें उनका पूरा पैसा 24 लाख 11000 वापस करने के लिए रेरा के मध्यस्था अधिकारी को चेक दिया गया। अधिकारी श्री मुखर्जी द्वारा जब अंशुमाल को फोन कर बुलाया गया। अंशुमाला वहां अपने वकील के साथ पहुंचे। पहुंचने के बाद उन्होंने देखा तो आश्चर्यचकित हो गए की डेवलपर रेरा के अधिकारी को पैर छूकर मिठाई खिला रहा है और दूसरी और वह अधिकारी उन्हें इस बात के लिए दबाव दे रहा है कि आप चेक स्वीकार कर लें। जब चेक लेने से यह कह कर वादी ने मना किया गया कि मेरी पत्नी बाहर गई हुई है और कहा कि आप एक तरफा निर्णय नहीं ले सकते हैं। ऐसे में अधिकारी काफी गुस्सा करते हुए अंशुमाला शर्मा और उनके वकील को डांट फटकार कर बाहर जाने को कहा।



रेरा के **चेयरमेन वीरेंद्र भूषण** ने इस संदर्भ में बताया कि ऐसी स्थिति में ग्राहक को एसबीआई के वर्तमान सेविंग ब्याज दर से पैसा देने का नियम है। मेरा प्रयास होगा कि ग्राहको को बिल्डर द्वारा जो रकम निर्धारित होगा वो दिया जाएगा।

### क्या कहते हैं पीड़ित

**अंशुमाल शर्मा**



अधूरे फ्लेट में कैसे रहें। इस वजह से रजिस्ट्री नहीं कराई । यदि इन पैसो के बैकों में एफडी करते तो आठ साल के बाद मेरे पैसे का वैल्यु कुछ और ही होता। मेरे पैसे से डेवलपर्स ने तो अपने लिए कई गुणा पैसा बना लिया है। मध्यस्थ के लिए जिस अधिकारी को काम मिला है वे सिर्फ मूलधन के बराबर चेक लेने का दबाव बना रहा है। डेवेलवर से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार फोन किया गया पर उन्होने फोन नहीं उठाया । ऐसे अनेक मामले हैं जिसमें बिल्डर पूरे पैसे लेकर ग्राहक पर ही रौब गांठते या दबाव डालते हैं । अंशुमाल शर्मा भी काफी भयभीत हैं और उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा है।

**डेवलपर सतीश कुमार ने बताया**

मामला रेरा में चल रहा है। जो भी फैसला होगा वो मान्य होगा। लेकिन मध्यस्था अधिकारी के द्वारा बुलाए जाने पर वादी के नहीं आने से हम सभी परेशान हैं, और जब उन्हें बुलाया गया तो वे मध्यस्था से बाहर निकल गये। ऐसे में वे कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं। हालांकि फोन पर बात करने के दौरान उन्होंने वादी सहित पत्रकार को मानहानि मामले में कोर्ट में घसीटने की धमकी दी।

## मासिक धर्म की स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास

**रांची।** मासिक धर्म स्वास्थ्य और उस दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अद्वैतेशा बिड़ला के नेतृत्व में आदित्य बिडला एजुकेशन ट्रस्ट के तहत शुरू की गई पहल 'उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस' झारखंड में आ गई है। कई राज्यों में यात्रा की सफलता जारी रखते हुए इस पहल का उद्देश्य झारखंड में किशोरियों और महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह वैन पूरे झारखंड के कई शहरों को कवर करते हुए किशोरियों और महिलाओं तक पहुंच रही है। उजास मासिक धर्म स्वास्थ्य एक्सप्रेस मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करती है। स्कूलों, आंगनबाड़ियों, सरकार द्वारा संचालित कॉलेजों और स्थानीय समुदायों और जिला अस्पतालों में मुफ्त सैनिटरी नैपकिन का वितरण करती है। यही, झारखंड में भी किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय एनजीओ पार्टनर्स सेफ सोसाइटी और सह्याद्री फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्य किए गए।

## रांची सहित कई जिलों में दिनभर झमाझम बारिश
### 15 फरवरी तक बारिश होने के हैं आसार



**झारखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। रांची,बोकारो, हजारीबाग में सुबह से बारिश हो रही है। वहीं राज्य के कई जिलों में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने आज 13 फरवरी और 14 फरवरी को अलर्ट जारी किया है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल भी बारिश हुई। पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड के मौसम में यह बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की स्थिति 15 फरवरी तक रहने के आसार हैं।**

## महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती मनाई



**रांची।** आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती का जयंती नटराज योग संस्थान में उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया. संस्थापक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया इतिहास में कुछ दिन, कुछ क्षण, कुछ पल ऐसे आते हैं, जो भविष्य की दिशा को ही बदल देते हैं। आज से 200 वर्ष पहले दयानन्द जी का जन्म ऐसा ही अभूतपूर्व पल था। ये वो दौर था, जब गुलामी में फंसे भारत के लोग अपनी चेतना खो रहे थे। स्वामी दयानन्द जी ने तब देश को बताया कि कैसे हमारी रूढ़ियों और अंधविश्वास ने देश को जकड़ा हुआ है। इन रूढ़ियों ने हमारे वैज्ञानिक चिंतन को कमजोर कर दिया था। इन सामाजिक बुराइयों ने हमारी एकता पर प्रहार किया था। समाज का एक वर्ग भारतीय संस्कृति और आध्यात्म से लगातार दूर जा रहा था। ऐसे समय में, स्वामी दयानन्द जी ने वेदों की ओर लौटो इसका आवाहन किया। उन्होंने वेदों पर भाष्य लिखे। बीजेपी युवा मोर्चा के कला एवं खेल संस्कृति के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी जी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज के युग में युवाओं को महर्षि दयानंद सरस्वती जी के बारे में जानने की आवश्यकता है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में टॉक ऑन जेंडर सेंसीटाईजेशन पर कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज राँची में वीमेन सेल के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर टॉक ऑन जेंडर सेंसीटाईजेशन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हिंदुस्तान की वरिष्ठ महिला पत्रकार श्रेयशी मिश्रा और अधिवक्ता अभिनय प्रीत जो संत जेवियर्स कॉलेज के पूर्व छात्र रह चुके है मौजूद थे, विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ,रेक्टर फादर अलेक्स एक्का , फादर डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर , प्रो. बी के सिन्हा, डॉ भारती रायपत आदि मौजूद थे । प्रधानाचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा ने सबको स्वागत किया और नारी योगदान की महत्व को बताया। आयोजन के मुख्य वक्ता अभिनय प्रीत ने कार्यक्रम के विषय पे चर्चा करते हुए इस प्रसंग की गंभीरता को समझाया और बताया कि कैसे लोगों को इसको जड़ से समझना है और इसके बारे में अधिक से अधिक बात करना है।




## विद्यार्थियों ने वेटलिफ्टिंग में लहराया परचम

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज राँची के छात्रों ने झारखण्ड स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 में भाग लेकर मैडल जीता है। मैडल जीतने वालों में मास्टर केटेगरी से कॉमर्स विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनिर्बान गुप्ता, छात्रों में पुरुष एकल सब जूनियर केटेगरी से ललित नारायण सिंह लागुरी, सूरज तिग्गा व मानस जायसवाल और लादुरा चाकी, जूनियर केटेगरी से डेनिस नीर लकड़ा और दीपक कुमार चंद्रवंशी तो वही महिला एकल से अपुरबा सौम्य कच्छप शामिल हैं डॉ. अनिर्बान गुप्ता ने कुल 255 किलोग्राम उठाकर फुल पॉवर लिफ्टिंग में सिल्वर व बेंचप्रेस में स्वर्ण पदक हासिल किया है। पुरुष के विभिन्न श्रेणी में लादुरा चाकी ने स्वर्ण पदक, डेनिस नीर लकड़ा सिल्वर मैडल व ललित नारायण सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया है।

## पीएमओ का अधिकारी बना ठग गिरफ्तार

**रांची।** एक आईजी से पीएमओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का ओएसडी बनकर ठगी करने पहुंचे युवक को डोरंडा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक का नाम मनीष कुमार साहू बताया गया है। डोरंडा थाना की पुलिस ने मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। बता दें कि सोमवार को लोहरदगा का रहने वाला मुख्य आरोपी मनीष साहू पिता प्रसाद साहू सहित चार युवक पीएमओ के प्रिंसिपल सेक्रेटरी का ओएसडी बन आईजी से मिलने पहुंचे थे। आईजी को उक्त व्यक्तियों पर शक हुआ तो उन्होंने पीएमओ से संपर्क कर मनीष साहू नामक व्यक्ति के बारे में पता किया तो पता चला कि इस नाम का कोई भी पीएमओ में प्रिंसिपल सेक्रेटरी का ओएसडी नहीं है। इसके बाद आईजी ने डोरंडा थाना को सूचित कर उक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जांच करने का आदेश दिया। मनीष के साथ गए और तीन युवकों से भी पूछताछ जारी है।

# सरस्वती पूजा आज, जोरदार तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में हर गली हर मोहल्ले में मां सरस्वती का पूजा पंडाल बनाने में छात्र जुटे हुए हैं। बसंत पंचमी 14 फरवरी को है। इस दिन ही मां सरस्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। यह दिन विद्यार्थी और कला, साहित्य, संगीत आदि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बेहद खास है। पंडित मनोज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि इस दिन पीले रंग का भी विशेष महत्व बताया गया है। बसंत पंचमी का दिन विद्या आरंभ या किसी भी शुभ कार्य के लिए बेहद उत्तम माना जाता है। इस दिन बहुत ही शुभ योग बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार वसंत पंचमी 13 फरवरी की शाम 7.48 बजे से शुरू हो जाएगी। इस पंचमी तिथि का समापन 14 फरवरी की शाम 5.40 बजे होगा। उदयातिथि के चलते पंचमी का त्योहार 14 फरवरी को मनाया जाएगा। सुबह 7.06 बजे से दोपहर 12.34 बजे तक और दोपहर 1.10 बजे से शाम 5.40 बजे तक मां सरस्वती की पूजा की जा सकेगी। पूजा के लिए चार शुभ योग है। इनमें शुभ योग, शश योग, लक्ष्मी नारायण योग और रवि योग शामिल हैं।

## चिन्मय मिशन की गीतापाठ प्रतियोगिता में सरला बिरला के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची।** श्रीमद्भगवद्गीता हमें सकारात्मकता की ओर अग्रसर करती है और हमारे जीवन के हर पड़ाव पर उचित निर्णय लेने में हमें सक्षम बनाती है। चिन्मय मिशन प्रतिवर्ष गीता-पाठ प्रतियोगिता आयोजित करता है। सत्र 2023-24 में भी सरला बिरला के छात्रों ने चिन्मय- मिशन द्वारा आयोजित गीता-पाठ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए स्कूल लेवल, सिटी लेवल एवं इंटरसिटी लेवल पर पुरस्कार प्राप्त किया है। चिन्मय मिशन ने अत्यधिक छात्रों की सहभागिता के लिये ट्राफी देकर प्रधानाचार्या को सम्मानित किया है। इंटरसिटी लेवल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अक्षिता पंडित कक्षा द्वितीय सी ने स्कूल को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने सिटी लेवल और स्कूल लेवल पर अनुकरणीय प्रदर्शन से स्कूल को गौरवान्वित किया। सिटी लेवल पर 28 छात्रों और स्कूल लेवल पर 162 छात्रों ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीते। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों का पालन करने से व्यक्ति कर्मयोगी बनता है। यह छात्रों को सकारात्मकता की ओर अग्रसारित करती है, अतः छात्र कर्म को ही अपना लक्ष्य बनाएं।

# छह छात्रों से 27 से 30 लाख में हुआ था सीजीएल पर्चे का सौदा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी पेपर लीक मामले में मंगलवार को गिरफ्तार झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मोहम्मद शमीम और उसके दोनों बेटों शहजादा और शाहनवाज को रांची सिविल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीनों को नगड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार किए गये झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो. शमीम और उनके दो बेटों ने छह अभ्यर्थियों को परीक्षा के पहले 27-30 लाख रुपये में पर्चे उपलब्ध कराए थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि इस पेपर लीक कांड में रांची से लेकर पटना तक के सरकारी अफसरों, कोचिंग संचालकों और धंधेबाजों का बड़ा नेटवर्क सक्रिय था।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में बिहार विधानसभा के कर्मी मोहम्मद रिजवान की भी संलिप्तता सामने आयी है। रिजवान गिरफ्तार अवर सचिव का दामाद है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसआइटी की टीम ने पटना के अनीसाबाद स्थित उसके घर में छापेमारी की लेकिन वह फरार मिला। पुलिस ने बताया कि पहले तो मो. शमीम ने पेपर लीक कांड में अपनी संलिप्तता से इंकार किया लेकिन जैसे-जैसे सबूत पेश किये गये, वह राज उगलता चला गया। मो. शमीम ने बताया कि जेएसएससी पेपर लीक मामले में छह अभ्यर्थियों से डीलिंग हुई थी। सौदा 27 से 30 लाख में तय हुआ था। दो अभ्यर्थियों की परीक्षा 28 को हुई थी। परीक्षा से दो दिन पहले ही दोनों को पटना भेज दिया गया था। पटना में मो. शमीम के दामाद रिजवान ने उनके रहने की व्यवस्था की थी। दोनों को परीक्षा के पहले ही उत्तर याद करा दिया गया था। इसके बाद उन्हें सेंटर तक छोड़ा गया। एक अभ्यर्थी का सेंटर धनबाद और दूसरे का रांची में था। पेपर लीक कांड में गिरफ्तार आरोपितों ने 28 की परीक्षा में शामिल दोनों अभ्यर्थियों का नाम और पता भी पुलिस को बता दिया है। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है। एसआईटी की टीम जेएसएससी पेपर लीक कांड में परीक्षा लेने वाली एजेंसी सतवंत इंफो प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों से पूछताछ करेगी।

## सरस्वती मंदिर का चौथा वार्षिकोत्सव कलश यात्रा से प्रारंभ

**रांची।** रांची का एकमात्र माँ सरस्वती का मंदिर माँ त्रिशक्ति देवी मंदिर का चौथा वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम कलश यात्रा के साथ प्रारंभ माँ त्रिशक्ति देवी मंदीर जहाँ मुख्य रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा विराजमान है। रांची का एक मात्र सरस्वती मंदीर है। यह रांची में पहाड़ी मंदिर के पास स्थित है। इस मंदिर के चौथे वार्षिक उत्सव की शुरूआत आज 13 फरवरी दिन मंगलवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया कल बसंत पंचमी के दिन प्रातः 10 बजे माँ सरस्वती की विशेष पूजा एवं संध्या में 6:30 बजे 501 महिलाओं द्वारा भव्य महाआरती की जायेगी साथ हीं खीर भोग का वितरण किया जायेगा कार्यक्रम के अंतिम दिन 11 बजे हवन पूजन एवं दोपहर से भव्य भंडारा का आयोजन के साथ तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन होगा।

# राहुल पलामू के न्याय यात्रा में नहीं होंगे शामिल, किसान आंदोलन में लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेता एवं सांसद राहुल गांधी के बिना पलामू और गढ़वा जिले में कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलेगी। छत्तीसगढ़ में न्याय यात्रा के क्रम राहुल गांधी किसान आन्दोलन में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। राहुल गांधी के बिना पार्टी की न्याय यात्रा कितनी सरदार होगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

बताते चलें कि पिछले कई दिनों से प्रदेश से लेकर जिला एवं प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए लगे हुए थे। छत्तीसगढ़ सीमा से सटे गढ़वा के रामानुजगंज के सर्वोदय विद्यालय परिसर से 14 फरवरी को राहुल गांधी न्याय यात्रा की शुरूआत करने वाले थे। इसके लिए वहां पर स्टेज भी बनाया गया था और कई स्तरों पर तैयारी की गई थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को गोदरमाना में राहुल गांधी जी की होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सभा पूर्व की निर्धारित समय के अनुसार सर्वोदय विद्यालय प्रांगण में आयोजित होगी, किन्तु अपरिहार्य कारणों से सभा में राहुल गांधी की उपस्थिति नहीं हो सकेगी, बाकी कार्यक्रम पूर्व के निर्धारित समय अनुसार होंगे। इधर अन्य कांग्रेस कार्यकताओं ने बताया कि न्याय यात्रा निर्धारित समय पर संबंधित जगह से निकलेगी और गढ़वा के बाद पलामू से होते हुए बिहार में प्रस्थान कर जाएगी। राहुल गांधी की कमी खलेगी, लेकिन उनके बिना यह यात्रा पूरी करने का निर्णय लिया गया है।

## 46 मदरसों व 38 संस्कृत विद्यालयों को मिले अनुदान

**रांची।** झारखंड राज्य मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के अध्यक्ष मुस्तफा कासमि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के माननीय उपाध्यक्ष शमशेर आलम से मुलाकात कर झारखण्ड राज्य अन्तर्गत प्रस्वीकृत 46 एवं 38 संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मियों को वेतन मद में अनुदान दिलाने की मांग की गयी। महासंघ के अध्यक्ष ने कहा की जिस तरह उतर प्रदेश, उड़ीसा, प, बंगाल और बिहार में प्रसिकृत मदरसा और संस्कृत विद्यालयों को अनुदान दिया जाता है उसी तर्ज पर झारखंड में भी उक्त मदरसों को मिलना चाहिए। प्रतिनिधिमण्डल ने आगे बताया की सरकार का संकल्प संख्या 2887 दिनांक 14,11,2011 के अलोक में अन्य राज्यों का अध्यन कर सरकार को रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है परंतु अब तक इस पर कोई कारवाई नही हुई। उक्त मांगों पर माननीय उपाध्यक्ष श्री शमशेर आलम ने गंभीरतापूर्वक विचार कर यथा सम्भव कारवाई करने का आश्वासन दिया।



### सीबीआई जांच की मांग को लेकर आजसू ने निकाला मशाल जुलूस

# 15 फरवरी को सभी उपायुक्तों को पत्र सौंपेगा आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच समेत चार सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का चरणबद्ध आंदोलन जारी है। आज आजसू ने राज्य के लाखों छात्रों के हित एवं अधिकार से जुड़ी मांगों को लेकर प्रदेश भर में मशाल जुलूस का आयोजन किया। इस मशाल जुलूस में प्रदेश के हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर सरकार की युवाओं के प्रति असंवेदशीलता के विरोध में अपनी आवाज को बुलंद किया। रांची जिला में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस का आयोजन किया गया। मशाल जुलूस में आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रभारी समेत भारी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभियार्थी शामिल हुए। मशाल जुलूस को लेकर आजसू के




प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि जेएसएससी पेपर लीक मामला राज्य के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।यह मशाल जुलूस सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने, इस परीक्षा में हुए धांधली को लेकर विरोध कर रहे निर्दोष छात्रों पर हुए प्राथमिकी को अविलंब वापस लेने, झारखंड चयन आयोग के अध्यक्ष सहित सभी अधिकारियों को बर्खास्त करने और गलत तरीके से चयनित परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डालने एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्यवाई करने की मांग को लेकर रांची समेत पूरे राज्य में निकला गया है। राज्यस्तरीय मशाल जुलूस की धनबाद जिला में अगुवाई आजसू के प्रदेश महासचिव विशाल महतो ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निदेशानुसार छात्र हित में आजसू पेपर लीक मामले को लेकर आंदोलनरत है। कल हुए हस्ताक्षर अभियान के बाद आज मशाल जुलूस का आयोजन किया गया है। इसके बाद 15 फरवरी को पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर सभी जिले के उपायुक्तों के द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा जाएगा। सरकार की गलत नीतियों से तंग आ चुके युवाओं के साथ 17 फरवरी को आजसू राजभवन के समक्ष प्रदर्शन करेगी। राज्यस्तरीय मशाल जुलूस में रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक राज, विनोबा भावे विश्वविद्यालय अध्यक्ष अनुराग भारद्वाज देवा महतो, कोल्हान विश्वविद्यालय अध्यक्ष हेमंत पाठक धर्मराज प्रधान, सिद्दो कान्हु विश्वविद्यालय अध्यक्ष निर्मल मंडल, सभी जिलाध्यक्ष छात्रसंघ - जमाल गद्दी, दीपक दुबे, विशाल यादव, विजय महतो, फूल सिंह बड़ाईक, रविन्द्र ठाकुर, शानू कुमार, अमित यादव, तनवीर हसन, समेत कई लोग शामिल हुए।

# झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड वोटर अवेयरनेस कांटेस्ट को लेकर सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय सभागार में विभिन्न कोटि के कलाकारों के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रांची के विभिन्न कोटि के कलाकारों जैसे चित्रकार, संगीतकार, गीतकार, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, फिल्म निर्देशक, अभिनेता-अभिनेत्री आदि को झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देना तथा प्रतियोगिता के नियमों से उनको अवगत कराना। कार्यशाला में पहुंचे कलाकारों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने उनसे कहा कि यह एक अच्छा मौका है जब वे लोकतंत्र के महापर्व के प्रचार प्रसार में भागीदार बनकर न केवल अपनी कला का सर्वश्रेष्ठ उपयोग कर सकते हैं, बल्कि उनके सामने पुरस्कार जीतने का भी अवसर है। बताया गया कि नेशनल वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की तर्ज पर झारखंड में भी यह वोटर अवेयरनेस कॉन्टैक्ट आयोजित किया जा रहा है जिसकी प्रविष्टियां भेजने के लिए झारखंड के सभी आयु वर्ग के लोगों से अपील की जा रही है। बताया गया कि शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियो, रील मेकिंग तथा पोस्टर मेकिंग जैसी चार कोटि की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विस्तृत जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट से भी प्राप्त की जा सकती है।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# चांडिल अनुमंडल कार्यालय मैदान में मिलन समारोह आयोजित



ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह उर्फ मलखान सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के समक्ष अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# भाजपा ही राज्य के निर्माण और विकास के लिए समर्पित पार्टी

## ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह भाजपा में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल अनुमंडल मैदान में भाजपा की ओर से मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन हुआ। ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अरविंद कुमार सिंह को विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई। मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है। उन्होंने कहा कि मलखान सिंह की घर वापसी हुई है। इनके पार्टी में पुनः सक्रिय होने से सिर्फ कोल्हान में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पूर्व से अलग झारखंड राज्य की लड़ाई चल रही थी

**बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ही राज्य के निर्माण से लेकर विकास के लिए समर्पित और संकल्पित पार्टी है।**

लेकिन 65 वर्षों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी भी झारखंड की जन भावनाओं को नहीं समझा। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस यहां के आदिवासी मूलवासी को वोट बैंक समझती रही। वोट लिया और नोट देकर आंदोलन को खरीदा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने अपने वादे के अनुरूप जन भावनाओं का सम्मान करते हुए अलग राज्य का सपना साकार किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य का गठन किया। एक आदिवासी को राज्य का पहला मुख्यमंत्री बनाया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री आज जेल में हैं तो वो अपने लूट और भ्रष्टाचार के कारण। नाम बदलकर जमीन लूटने के कारण। आज जब ईडी की कार्रवाई हो रही तो झामुमो बौखलाहट में है लेकिन किए की सजा आखिर उसे ही तो भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न खायेंगे, न खाने देंगे का संकल्प लिया है। देशभर में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही। विश्व के विकसित देश को पीछे छोड़ भारत 5वीं अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत तीसरी बार मोदी सरकार में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत बनेगा। न कोई भूखा होगा, न कोई बेघर होगा। सबको स्वास्थ्य की सुविधा होगी। सबके हाथ रोजगार होंगे। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है।

# 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड को 'ए टू जेड' तक लूट लिया : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा ने बड़गाई के विवादास्पद 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य बैंक्वेट हॉल बनाने की खबरों के बीच में हेमंत सोरेन पर तंज कसा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को कहा कि आर्किटेक्ट विनोद सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट की जो खबरें आ रही हैं, उसमें बताया जा रहा है कि बड़गाई की 8.46 एकड़ जमीन पर भव्य बैंक्वेट हॉल बनाने की तैयारी थी। प्रतुल ने कहा कि मीडिया की खबरों के अनुसार चैट में आर्किटेक्ट विनोद ने पूर्व मुख्यमंत्री के लिए हॉल का जो नक्शा बनाया है उसमें उनको 'मिस्टर एक्स' कहकर संबोधन किया है। प्रतुल ने कहा कि इसी 'मिस्टर एक्स' ने झारखंड का 'ए टू जेड' लूट लिया। चार वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार के ऊपर 70,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार, लूट, खसोट का आरोप लगा। पूर्व मुख्यमंत्री और आर्किटेक्ट विनोद के बीच हुए चैट में कई अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग की भी डीलिंग हुई थी। अभी तो सरकार के सिर्फ पूर्व खान सचिव और रांची के पूर्व डीसी जेल में है। अभी कई और बड़े लोग जेल जाने की कतार में हैं।

### झामुमो भूल रही हेमंत रिमांड पर है, रिसोर्ट में छुट्टी नहीं मना रहे

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हास्यास्पद तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री के लिए रिमांड में सुख सुविधाओं की मांग कर रही है। प्रतुल ने कहा की सत्ताधारी दल यह भूल रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के संगीन आरोप में जेल गए थे और फिलहाल ईडी के रिमांड में उनसे पूछताछ हो रही है। वह किसी रिसोर्ट में छुट्टी नहीं मना रहे हैं। उन पर झारखंड को लूटने के गंभीर आरोप लगे हैं जिसकी जांच हो रही है। प्रतुल ने कहा वंशवादी राजनीतिक दलों में ऐसा ही होता है कि इसके नेता और कार्यकर्ता अपने आप को कानून से ऊपर समझते हैं। झामुमो जिस तरीके से रिमांड की अवधि को बढ़ाने पर आपत्ति कर रही है,यह सीधे तौर पर न्यायालय के कार्य में हस्तक्षेप है। वैसे भी इन वंशवादी राजनीतिक दलों के लिए सहूलियत के हिसाब से चीजें तय होती है।

## झारखंड मैथिली मंच की बैठक में लाइब्रेरी को समृद्ध करने पर हुई चर्चा

### उषा किरण खान को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच के कार्यालय परिसर में मंगलवार को स्व. शारदा नन्द झा की स्मृति में स्थापित लाइब्रेरी को समृद्ध करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरूआत गोसाउनिक गीत और बाबा विद्यापति की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित के साथ की गई। बैठक में मैथिली और हिन्दी की प्रख्यात साहित्यकार स्व. डा. उषा किरण खान के आकस्मिक निधन पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। बैठक में लाइब्रेरी को मैथिली पुस्तकों से समृद्ध करने के लिए विस्तृत चर्चा भी की गई। इसी क्रम में साहित्यकार सुरेंद्र नाथ मिश्र लिखित दो मैथिली पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में अमरनाथ झा, बैद्यनाथ झा (महासचिव), डा.नरेन्द्र झा, प्रमोद कुमार झा, सुरेंद्र नाथ मिश्र, जयंत कुमार झा, ब्रज कुमार झा, कृष्ण कुमार झा (कोषाध्यक्ष), डा.आकांक्षा चौधरी सहित अन्य ने अपने बहुमूल्य विचार व्यक्त किए।

## झारखंड में राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च को

**रांची।** राज्य की विभिन्न अदालतों में नौ मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें आपराधिक सुलह योग्य मामले, दीवानी, श्रम और वैवाहिक समेत अन्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने रांची के व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) में बैठक की और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर निबटारे पर जोर दें। उन्होंने इसके लिए सभी कर्मचारियों को मिलजुलकर कार्य करने को कहा ताकि ज्यादा से ज्यादा केस निबटाए जा सकें। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने मामलों के निबटारे को लेकर अधिक से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेजने को कहा ताकि वादों का निष्पादन तेजी से हो सके। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि आप इसे गंभीरता से लें ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए अधिक से अधिक लंबित मामलों को निबटारा किया जा सके। इसके लिए सभी को दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग से जुड़े केस, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से जुड़े केस, भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## झारखंड हाई कोर्ट में मंजूनाथ भजंत्री मामले की अगली सुनवाई 26 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में कोर्ट में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस हुई।

## रिम्स की जमीन को अब अतिक्रमण मुक्त कराएगा जिला प्रशासन

**रांची।** बरियातू स्थित डीआइजी ग्राउंड की जमीन पर अतिक्रमण करनेवाले 138 लोगों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया है। रिम्स प्रबंधन अब जिला प्रशासन की मदद लेकर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करायेगा। रिम्स अधिकारियों का कहना है कि डीआइजी ग्राउंड पर ओपीडी कांप्लेक्स बनाना है, लेकिन जब इसका डीपीआर बनाने का कार्य शुरू हुआ, तो पता चला कि जमीन के कई हिस्से पर अतिक्रमण है।

## किसानों को प्रताड़ित और उपेक्षा करना बंद करे केंद्र सरकार : भाकपा

**रांची।** भाकपा राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय सिंह ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों को प्रताड़ित और उपेक्षा करना बंद करे। उन्होंने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के जरिये किसानों की मांग पर शांति पूर्वक अपनी मांगों के सवाल पर दिल्ली प्रदर्शन करने जा किसानों को दिल्ली से पहले रोका गया। सिंधु बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने ड्रोन से अश्रु गैस का गोला की बरसात करवाना यह दशार्ता है कि किसानों के आंदोलन से केंद्र सरकार भयभीत हो गई है । उन्होंने कहा कि अपने देश के किसानों के साथ दुश्मन देश की सेना को तरह व्यवहार किया जा रहा है। भाकपा किसानों के आंदोलन के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाकपा संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से 16 फरवरी के हड़ताल और बंद के सवाल पर सड़क पर उतरकर समर्थन करेंगी।

# सूबे की उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार को प्रतिबद्ध हूं : राज्यपाल

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबरे वाला विश्वविद्यालय, राजस्थान की ओर से आयोजित 12वें दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर इस विश्वविद्यालय की ओर से गवर्नर को डी.लिट की मानद उपाधि से सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि वह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में राज्य की उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## पहले चरण में राज्य के 157 हेक्टेयर भूमि पर होगी शुरूआत

# बंजर भूमि में होगी कांटा रहित कैक्टस की खेती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अवध नारायण प्रसाद ने कहा कि झारखंड की बंजर भूमि को हरा-भरा करने के लिए सरकार कांटा रहित कैक्टस की खेती की ओर कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार झारखंड की कुल 68 प्रतिशत बंजर भूमि को जीवंत बनाने के साथ उसे उपयोगी और कमाई का जरिया भी बनाने की पहल कर रही है। वह मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग के तहत झारखंड स्टेट वाटरशेड मिशन के तत्वावधान में प्रमोशन ऑफ स्पाइनलेस कैक्टस प्लांटेशन एंड कल्टिवेशन पर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे।

### किसानों की आय में होगा इजाफा



उन्होंने कार्यशाला में वाटरशेड क्षेत्रों से आये किसानों से कहा कि वे सिर्फ जमीन दें और देखभाल की जिम्मेदारी उठायें, विभाग उसके बाद कैक्टस की खेती की सारी जरूरतें पूरी करेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल विभाग राज्य की 157 हेक्टेयर भूमि पर कैक्टस की प्रायोगिक खेती की शुरूआत करने जा रहा है। खूंटी जिले में इसका प्रयोग शुरू हो गया है। केंद्र प्रायोजित इस योजना का मुख्य उद्देश्य बंजर भूमि का सतत विकास करना है। साथ ही वाटरशेड विकास, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और लोगों की आजीविका को बढ़ाना है। कार्यशाला में बताया गया कि कांटा रहित कैक्टस की खेती से बंजर भूमि को जहां नया जीवन मिलेगा, वहीं कैक्टस से कई तरह के उत्पाद बनेंगे, जो किसानों की आय में इजाफा करेंगे। बताया गया कि कैक्टस से जैव उर्वरक, पशु चारा, खाद्य पदार्थ, जैव ईंधन, कृत्रिम चमड़ा आदि का निर्माण होगा। साथ ही कैक्टस के कारण भूमि का जल संचय विकसित होगा। पर्यावरण को लाभ पहुंचेगा। कार्यशाला में बाहर से आये विशेषज्ञ बीके झा और नेहा तिवारी ने कैक्टस के पौधे तैयार करने से लेकर उसकी सिंचाई, देखभाल और उत्पादन की मार्केटिंग तक पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैक्टस 25 साल तक फलता-फूलता रहता है। इसकी खेती में पानी की काफी कम जरूरत पड़ती है। कार्यशाला में संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. जगन्नाथ उरांव, होर्ट के वैज्ञानिक बीके झा, एनएडी-आइसीएआरडीए की डॉ नेहा तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

# लोस चुनाव के पूर्व राजद को झारखंड में करारा झटका

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय सचिव, राजद संसदीय बोर्ड के सदस्य व पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद घूरन राम ने पार्टी के सभी पदों एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी, संगठन सचिव उमेश सिंह, डंडई प्रखंड अध्यक्ष सुभाष चंद्र मेहता, गढ़वा नगर कमेटी अध्यक्ष अरविंद पटवा, सन्नी चंद्रवंशी आदि ने भी उनके साथ झामुमो छोड़ दिया है। इस दौरान पूर्व सांसद श्री राम ने राजद नेतृत्व व प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे। कहा इसमें अनुसूचित जाति के लिए कहीं कोई जगह नहीं है और न ही कोई मान सम्मान है। अभी तो इस्तीफे की शुरूआत हुई है। इंडिया गठबंधन से दलित समाज के लोगों का इस्तीफा का तांता लगेगा। उन्हांने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। मौके पर फजील अहमद, कुर्बान अंसारी, राजेंद्र राम, अनिल कुमार, जितेंद्र चंद्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।



**राष्ट्रीय सचिव ने छोड़ी पार्टी, भाजपा ज्वाइन करने की संभावना**

## 14 को भी खुला रहेगा ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय




**रांची।** सरस्वती पूजा को लेकर घोषित 14 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश के दिन भी प्रोजेक्ट भवन स्थित ग्रामीण विकास विभाग का कार्यालय खोलने का आदेश दिया गया है। इस संबंध में मंगलवार को विभाग के उप सचिव के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है।आदेश में विभाग ने कहा है कि अबुआ आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को गति देने के कार्य के चलते बुधवार को कार्यालय खुला रहेगा। ऐसे में विभाग के सभी आप्त सचिव, पदाधिकारी व कर्मचारी रोजाना की तरह कार्यालय में उपस्थित रहेंगे।

## महिला नेता से दुष्कर्म के प्रयास मामले में विधायक ढुल्लू महतो कोर्ट से बरी



**पीड़ित बयान पल्टी**

**धनबाद।** कमला देवी मामले में पीड़ित और उसके पति द्वारा अपने पूर्व के बयान से मुकरने के बाद मंगलवार को न्यायालय ने सबूत के अभाव में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को बरी कर दिया। धनबाद के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार ने मामले में फैसला सुनाते हुए बाघमारा विधायक को मामले से बरी कर दिया। उल्लेखनीय है कि धनबाद जिला भाजपा की पूर्व महिला नेता कमला देवी ने बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो पर आरोप लगाया था कि विधायक ने उनके से छेड़छाड़ करते हुए उनसे दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। उस वक्त इस मामले को लेकर धनबाद कई धरना-प्रदर्शन भी हुए थे। इसके बाद पीड़िता इस मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट पहुंची थी। कोर्ट के आदेश पर धनबाद के कतरास थाने में विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ 04 अक्टूबर, 2019 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इनके बाद 15 फरवरी, 2020 को पीड़िता ने न्यायालय के समक्ष धारा 164 के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। इस मामले में 17 जनवरी को धनबाद के एमपी-एमएलए अदालत में पीड़िता के पति का बयान दर्ज कराया गया,

## ईडी ने 34वें नेशनल गेम्स घोटाले में दायर याचिका वापस ली

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 34वें नेशनल गेम्स में घोटाले के अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज सीबीआई से दिलाने का आग्रह करने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा की याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में ईडी के अधिवक्ता एके दास ने कोर्ट को बताया कि अनुसंधान से संबंधित जो पुराने दस्तावेज सीबीआई से मांगे गये थे, वे ईडी को मिल चुके हैं। ऐसे में याचिका वापस लेने की अनुमति दी जाये। कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया। बीते दिनों सीबीआई ने साक्ष्य नहीं मिलने की बात कहते हुए मामले में सीबीआई कोर्ट में फाइनल फॉर्म दाखिल कर दिया है। 11 अप्रैल, 2022 को झारखंड हाई कोर्ट ने कई सालों से एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में चल रहे इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था। हालांकि, बाद में इस मामले में शेड्यूल ऑफेंस को देखते हुए ईडी ने भी इस मामले में अनुसंधान प्रारंभ किया है लेकिन उसे सीबीआई से अनुसंधान से संबंधित पुराने दस्तावेज नहीं मिल पा रहे थे, जिसे लेकर ईडी की ओर से सीबीआई से अनुसंधान के दस्तावेज दिलवाने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## जंगल की जमीन कब्जाने में रुंगटा ग्रुप का भी नाम

**रामगढ़।** जिले में जंगल की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों में रुंगटा ग्रुप का नाम भी शामिल है। कुजू ओपी क्षेत्र में श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड प्लांट के खिलाफ भी वन विभाग में मामला दर्ज है। इस प्लांट के मालिक ने वन विभाग की 50 डिसमिल जमीन पर अपना कब्जा जमा लिया है। यहां तक की उस क्षेत्र में प्लांट का सेटअप भी तैयार कर दिया गया है। वन विभाग के पदाधिकारी को जब इसकी सूचना मिली तो उन्होंने प्लांट मालिक को उस स्थान से अपना पूरा सेटअप हटाने का निर्देश दिया लेकिन रुंगटा ग्रुप ने जंगल की उस जमीन को छोड़ने में काफी लापरवाही दिखाई। नतीजा यह हुआ कि वन विभाग के पदाधिकारी को प्लांट के खिलाफ शिकायत दर्ज करनी पड़ी और अब प्लांट के प्रतिनिधि हर तारीख पर हाजिर हो रहे हैं। इस प्रकरण पर डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि जब श्रीराम पावर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने जंगल की जमीन पर कब्जा किया था।

तो उस दौरान उनसे दस्तावेज की मांग की गई थी। उनके दस्तावेज भी जब जांच में कहीं नहीं टिके तो प्लांट के लीगल सेल ने यह कहा कि वह जल्द ही वन विभाग की जमीन से अपना पूरा सेटअप हटा लेंगे। यदि वह अपना सेटअप नहीं हटाते हैं तो उन्हें जबरन हटाया जाएगा। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यदि वह अपना सेटअप हटाते हैं तो उसके बावजूद उन्हें वन विभाग के नियमों के अनुसार हर्जाना भरना पड़ेगा।

## लग्जरी कार से अवैध कोयले का हो रहा था खेल, रामगढ़ पुलिस ने किया खुलासा

**अवैध कोयला लदा टवेरा जब्त, तीन कारोबारी गिरफ्तार**

**रामगढ़ ।** रामगढ़ जिले में अवैध कोयले के कारोबारी पुलिस की आंख में धूल झोंकने के लिए अब नया तिकड़म लगा रहे हैं। ट्रक और अन्य माल वाहक वाहनों को छोड़ अब लग्जरी कार से अवैध कोयले की ढुलाई करने में जुट गए हैं। उनका यह खेल तब खत्म हो गया जब रामगढ़ पुलिस ने चुट्टूपालू घाटी में एक टवेरा कार को जब्त किया। मंगलवार को गस्ती के दौरान रामगढ़ पुलिस ने घाटी में ललकी घाटी मोड़ के पास एक टवेरा कार (जेएच 10 जी 5923) को पकड़ा। पुलिस ने जब्त गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें लगभग 800 किलो कोयला मिला। इस दौरान पुलिस ने तीन कारोबारी को भी पकड़ा जिसमें संदीप साहू, मोहम्मद सोनू उर्फ सैफ और रवि भुइंया शामिल हैं।

**हेसागढ़ा से रांची ले जाया जा रहा था कोयला :** रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

## भाजपा विरोधी राज्य सरकारों को परेशान कर रही है केंद्र सरकार : वृंदा कारात

**रांची।** माकपा पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा कारात ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार भाजपा विरोधी राज्य सरकारों को परेशान कर रही है। केंद्र की ओर से उन राज्यों की आर्थिक नाकेबंदी कर उन्हें संकट में डालने की साजिश की जा रही है। कारात मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है, बेरोजगारी, बढती महंगाई, मेहनतकशों के जीवन जीविका पर संकट और कार्पोरेट घरानों को लूट की छूट। उन्होंने कहा कि वैसे नेता जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं लेकिन उनके भाजपा में शामिल हो जाने से वे पुरी तरह "दुध के धूले हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार षडयंत्र पूर्वक हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर झारखंड में राजभवन के सहयोग से सरकार गिराने का खेल खेलने की विफल कोशिश की गयी। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम ही होगा। भाजपा जैसा सोच रही है कि आम चुनाव का परिणाम उसके पक्ष में जायेगा। वैसा नहीं होने जा रहा है क्योंकि आम जनता, मजदूर - किसान सहित सभी तबके भाजपा और मोदी सरकार की जनविरोधी और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतर कर आंदोलन का रास्ता अपना रहे हैं। आगामी 16 फरवरी को किसानों - मजदूरों द्वारा आयोजित होने वाली देशव्यापी जन कार्रवाई इसका ताजा उदाहरण है। मौके पर माकपा संबोधित करते हुए सीपीआई (एम) के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने बताया कि पार्टी राज्य कमिटी ने एचईसी के मजदूरों और अधिकारियों की ओर प्लांट को बचाने के लिए चलाए जा रहे।

## एक नजर

### चंद्रशेखर बने बरही थाने के नए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी



**बरही।** 12वें बैच के जेपीएस अधिकारी चंद्रशेखर कुमार बरही के नए थाना प्रभारी सह निरीक्षक बनाए गए है. इस पूर्व श्री कुमार का चाईबासा थाना में पदस्थापित थे. बरही वासियों का नए पुलिस इंस्पेफ्टर से काफी उम्मीद है. विदित हो कि तत्कालीन इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह के तबादले के बाद 5 फरवरी से बरही थाना का प्रभार सीनियर एसआई महेंद्र बैठा देख रहे थे. नए इंस्पेक्टर के सामने बरही की ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए प्रतिदिन लगने वाले जाम से बरहिवासियो को मुक्ति दिलाना एक बड़ी चुनौती होगी.

### वन विभाग की कई एकड़ जमीन अतिक्रमित

**बरही।** अतिक्रमण से पूरा राज्य संक्रमित है. सरकारी जमीन की बंदरबाट आम हो गई है. कही जीएम तो कही नदी क्षेत्र को समतल कर भू माफिया औने पौने दाम में बेचने में लगे है. उक्त बाते बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह हरिला वन समिति के अध्यक्ष बद्री यादव ने कही. उन्होंने बताया कि करसो, धनवार पंचायत अंतर्गत हरिला व जरहिया वन क्षेत्र का एक बड़ा भूभाग वन विभाग की लापरवाही के कारण अतिक्रमण के चपेट में है. प्लॉट नंबर 1109, 1365, 1266 आदि क्षेत्र के कई हिस्से पर अवैध रूप से कब्जा है. इस संबंध में उन्होंने स्थानीय वन पदाधिकारी से लेकर जिला स्तर तक कई बार लिखित शिकायत की है, परंतु कोई कारवाई नही हुई है. उन्होंने आरोप लगाया कि सभी जगह मैनेज दिखता है. स्थानीय पदाधिकारी और वनकर्मी जानकर भी मामले को अनदेखा कर रहे है. गौरतलब है कि अतिक्रमण के कारण दिन प्रतिदिन वन क्षेत्र, नदी और नाले सिमटते जा रहे है जिसका पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है. यदि इस दिशा में शीघ्र कदम नही उठाया गया तो आनेवाले समय में पूरे वन क्षेत्र पर अतिक्रमणारियो का कब्जा होगा, और जंगल सिमट जायेगे.

*जंगलों की हो रही है अंधाधुंध कटाई*: फॉरेस्टर व रेंजर तथा वन कर्मी के लगातार वन क्षेत्र भ्रमण के बाबजूद भी हरिला, जरहिया, कदवा, रानीचुआ स्थित वनों की अंधाधुंध कटाई हुई है.

### सरस्वती पूजा के अवसर बच्चों का निःशुल्क होगा नामांकन

**बरकट्ठा।** प्रखंड के कपका स्थित सीबीएसई पैटर्न पर आधारित विद्यालय में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक सत्येंद्र प्रसाद ने किया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समिति द्वारा सरस्वती पूजा के दिन गरीब व मेधावी विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। पूजा के दिन जितने भी विद्यार्थियों का नामांकन होगा वह निःशुल्क रहेगा। साथ ही एक स्कूल बैग व अन्य उपहार दिए जाएंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि बरकट्ठा प्रखंड का यह एकमात्र विद्यालय है जहां गुणवत शिक्षा के साथ संस्कार युक्त शिक्षा के लिए प्रसिद्ध है।

### पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की प्रेस वार्ता

# मुरकट्टी डैम के किनारे तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

गुप्त सूचना के आधार पर बासल थाना क्षेत्र के मुरकट्टी डैम के किनारे पुलिस टीम ने छापेमारी कर 3 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी प्रेस वार्ता में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने दी। उन्होंने बताया की 12 फरवरी को गुप्त सूचना मिली थी की मुरकट्टी डैम के किनारे 6-8 की संख्या में अपराधी जमा हुए हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। बताया की उसी पर पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी कर रियांश सिंह उर्फ स्वतंत्र उर्फ आरडीएक्स पिता मनोज सिंह धुर्वा रांची, शिवम राज पिता रंजीत कुमार धुर्वा रांची, अनिकेत कुमार उर्फ मोनू पिता धर्मदेव साव धुर्वा रांची को गिरफ्तार कर लिया। बताया की पुलिस ने अपराधियों के पास से दो देसी कट्टा, एक पिस्टल और एक 8 एमएम की जिंदा गोली बरामद किया है। छापेमारी दल में पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पुलिस निरीक्षक योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतीय, पतरातू थाना प्रभारी राजदीप कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, पुअनि सोनू कुमार, मंटू चैधरी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# वैलेंटाइन डे नहीं बलिदान दिवस मनाएं : रंजन चौधरी




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

वैलेंटाइन डे के ही दिन 4 साल पहले पुलवामा आतंकी हमले में हमने अपनी सेना के 44 जवानों को खो दिया था। इस घटना के बाद खून से सड़के सन गई थी। दृश्य को देख हर भारतीय की आत्मा विचलित हो गई थी। धमाका इतना तेज था कि सेना की गाड़ी के परखच्चे उड़ गए थे। हमारे कई जवानों ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था। जगह-जगह मलबे और शवों के टुकड़े बिखरे थे। कहीं जवानों के हथियार तो कहीं उनके जूते पड़े थे। उक्त बातें याद दिलाते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे नहीं बल्कि हर हिंदुस्तानी को बलिदान दिवस के रूप में मनाने की अपील की है। विधायक मीडिया प्रतिनिधि युवा रंजन चौधरी ने कहा की क्या पाश्चात्य संस्कृति की अंधी दौड़ में हम इतने मतवाले हो चुके हैं कि अपने देश की अस्मिता की रक्षा में जुटे उन 44 शहीदों की शहादत को भूलकर 14 फरवरी को कोई जश्न या खुशी मनाएंगे। नहीं, अगर हम अपने देश से प्रेम करते हैं, देश की अस्मिता की रक्षा के लिए जुटे जवानों से प्रेम करते हैं तो पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों की याद में आंखें नम अवश्य करेंगे और वैलेंटाइन डे नहीं बल्कि इसे बलिदान दिवस के रूप में मनाएंगे। उन्होंने हजारीबाग वासियों से अपील किया की 14 फरवरी को बलिदान दिवस के रूप में मना कर संपूर्ण दुनिया को एक संदेश दें की हमारी सभ्यता और संस्कृति अपनों को कभी भुलाती नहीं है बल्कि उनके शहादत को हमेशा अपने दिलों -दिमाग में रखती है और उन्हें नमन करती है।

### हजारीबाग में अमर कुमार बाउरी ने कहा

# मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पाई उस सरकार से विकास की परिकल्पना बेकार है



**नवीन मेल संवाददाता।** हजारीबाग हजारीबाग। झारखंड के भाजपा विधायक दल के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी मंगलवार को चतरा से रांची जाने के क्रम में हजारीबाग परिषद और सभागार पहुंचे जहां हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने पहुंचकर उनका हजारीबाग में स्वागत किया। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने उनके साथ झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और भाजपा संगठन को लेकर लंबी चर्चा- परिचर्चा की। भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने यहां बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा नेताओं और कार्यकताओं से भी बड़े ही सहजता से मुलाकात की। मौके पर अमर कुमार बाउरी ने झारखंड की मौजूदा राजनीतिक हालात पर कहा की चंपई सोरेन सरकार जो अबतक अपना मंत्रिमंडल का गठन नहीं कर पाई उससे राज्य के विकास की परिकल्पना करना बेकार है।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मिकी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, कमांडो सिक्योरिटी सर्विस के संचालक टुनटुन सिंह, भाजपा नेता टोनी जैन, अमित कुमार सिंह, आनन्द साहा, सुमन राय, राजकरण पांडेय, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे प्रेस क्लब के पदाधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की आराधना को लेकर हजारीबाग प्रेस क्लब, हजारीबाग के पत्रकार समूह खासा उत्साहित हैं। हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्य पखवाड़े से जिस शिद्दत के साथ सरस्वती पूजा की तैयारी में जुटे हैं वह पत्रकारों के सामूहिक एकता के साथ समाज में एकजुटता का सकारात्मक परिचायक है। हजारीबाग प्रेस क्लब के उदय के पश्चात पहली बार हजारीबाग के पुराने समाहरणालय परिसर में एक जर्जर भवन के क्लब हेतु आवंटन के पश्चात बड़े तेजी से जीर्णोद्धार किया गया और कल तक वीरान पड़े भवन को हजारीबाग प्रेस क्लब के रूप में विकसित कर इसे चमन बना दिया गया। हजारीबाग प्रेस क्लब परिसर में सरस्वती पूजा की तैयारी अंतिम चरण पर है। बेहद ही आकर्षक ढंग से विद्युतीय साज- सज्जा और टेंट- पंडाल के

**वीरान पड़े भवन को हजारीबाग प्रेस क्लब के रूप में विकसित कर इसे चमन बना दिया गया**

साथ प्रकृति की मनोहारी खूबसूरती के बीच आकर्षक सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। कलम के सिपाही विद्या की देवी मां शारदे के आराधना के लिए व्याकुल दिख रहे हैं। क्लब के द्वारा जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अधिवक्ता, व्यवसाई, समाजसेवी, पत्रकार सहित अन्य सभी वर्गों को पूजा में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित भी किया गया है। पूजा के दौरान वर्तमान वर्ष हजारीबाग में हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित सरस्वती पूजा की अलौकिक छटा कुछ अलग और बेहतर होगी। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्य इस उत्सव के साथ एक नई ऊर्जा से परिपूर्ण होकर भविष्य में बेहतर करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे ।

# प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो : डॉ प्रवीण




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड होस्पिटल के बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग में विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर छात्रों ने महिलाओं और लड़कियों के उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और समाज को प्रेरित किया। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, स्किट प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और इस वैश्विक मुद्दे पर अपना विचार व्यक्त किया। सभी प्रतियोगिता का निर्णय डॉ. निशाद, डॉ. जयेश एवं डॉ. शाज़िया महरीन ने सुझबुझ कर दिया। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि विज्ञान में लड़कियाँ और महिलाएँ का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में लड़कियों एवं महिलाओं की भागिदारी एवं समानता सुनिश्चित करनी चाहिए। विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण उप प्राचार्य सह ओरल पैथोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. अंकुर भार्गव एवं ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सौम्या वर्मा के द्वारा किया गया।

# पांच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ सह कलश यात्रा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के छड़वा डैम काली मंदिर कंचनपुर में श्री श्री 1008 श्री पांच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ का अयोजन के साथ कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ काली मंदिर प्रांगण से छड़वा डैम से पानी लेकर मंदिर प्रांगण पहुंचे। कलश यात्रा में शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा हुए शामिल। मंदिर समिति के द्वारा हर्ष अजमेरा का भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा में काली मंदिर के आसपास के गांवों से लगभग दो हजार महिला भाग लिए और विधि-विधान से तरीके से पूजा अर्चना किया गया। श्री श्री 1008 श्री पंच दिवसीय वार्षिक महायज्ञ कलश यात्रा संध्या आरती, प्रसाद वितरण,13 फरवरी को प्रचंड पूजन, ब्राह्मण वरण, मंडप प्रवेश, पाठ प्रारंभ, वेदी प्रतिष्ठा पूजन, संध्या आरती प्रसाद वितरण, 14 फरवरी को बेदी पूजन,पाठ, महा आरती, प्रसाद वितरण, 15 फरवरी को वेदी पूजन, पाठ, महा आरती प्रसाद वितरण, 16 फरवरी को देवी का षोडशोपचार पूजन, वेदी पूजन पाठ विसर्जन सामूहिक हवन,यज्ञ विसर्जन, कन्या/ब्राह्मण पूजन, भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि मां काली का आशीर्वाद समस्त हजारीबागवासियों पर सदैव बनी रहे। साथ ही कहा की सफल आयोजन के लिए मंदिर समिति बधाई के पात्र है। अगले 4 दिनों तक लगातार मां काली की भव्य पूजा अर्चना के साथ प्रथम वार्षिक उत्सव मनाया जाएगा आप समस्त हजारीबागवासियों से अनुरोध है की मां काली के भव्य मंदिर परिसर अवश्य पहुंचे।

## न्यूज बॉक्स

### हजारीबाग पुलिस ने पकड़ा 100 किलो गांजा



**हजारीबाग।** पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक पिकप वाहन से 100 किलो गांजा पकड़ा है। इस बात की जानकारी हजारीबाग पुलिस कप्तान अभिषेक सिंह ने प्रेस कॉनफरेंस कर दी। उन्होंने बताया कि गुप्त जानकारी के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। एक पिकप वाहन पुलिस चेकिंग देख कर भागने की कोशिश करने लगा जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा कर अपराधियों को धर दबोचा। पकड़ाये पिकअप को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में विधिवत तलाशी लिया, तलाशी के रूप में गाडी पर लोड चार प्लास्टिक के बोरा में गांजा पाया गया। सभी बोरा को खोलने पर प्रत्येक बारा में एषा-एक किग्रा0 का 25-25 पैकेट कुल मिलाकर 100 पैकेट में 100 किप्रा0 गांजा पाया गया, जिसे विधिवत जन किया गया तथा गाडी पर सवार चालक सहित दो व्यक्ति को कड़ाई से पुछताछ किया गया तो उनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया तत्पश्चात उसे गिरफ्तार किया गया। जप्त सामान एवं गिरफ्तार अभियुक्त को थाना लाया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-46/24 दिनांक- 12/02/24 धारा 414/34 भा०व०बि० एवं 20( ) ठ.ऊढ.र. अं अंकित कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजी जा रही है तथा इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

### हजारीबाग द 'फाईनेस्ट' सिटी समूह की छोटी कोशिशें, समाज में लाएगी बड़ा बदलाव



**हजारीबाग।** समूह का सामूहिक वनभोज समारोह का आयोजन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित छड़वा डैम के किनारे खूबसूरत प्राकृतिक वादियों के बीच किया गया। यह लोकेशन बेहद खूबसूरत है और इस ग्रुप के लोकेशन चयन के उपरांत यहां अन्य सैलानी भी आने को आतुर दिख रहें हैं। ग्रुप द्वारा हमेशा अपने करीबी प्राकृतिक खूबसूरत स्पॉटों को एक्सपोज भी किया जाता है रहा है। वनभोज में सैंकड़ों सदस्य जुटे और एक संग मिलकर बड़े ही आत्मिय भाव से दुनिया के सारे गम भूलकर खुशी के इस पल को खूब एंजॉय किया। इसमें हर उम्र, वर्ग और संप्रदाय के लोग शामिल हुए। हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी ग्रुप से जुड़े सभी जनों के नेक इरादे और जज्बे का ही परिणाम है की आपने एक असंभव से कृत्य को संभव कर दिखाया है और लाखों लोगों के एक समूह के माध्यम से समाज में जहाँ सोशल मीडिया के जरिये लघु वीडियो के माध्यम से आपसी सहयोग, भाईचारगी और एकता का मिसाल पेश किया है वहीं धरातल पर इसे उताकर मानवता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर मिसाल पेश किया है। निश्चित रूप से आपकी यह छोटी कोशिशें समाज में बड़ा बदलाव जरूर लाएगी। बस जरूरत है समूह से जुड़े लोग इसी सक्रियता और तत्परता के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए कार्यरत और सेवारत रहें। साथ ही ऐसे समूह से समाज के अन्य सेवाभावी लोग भी जुड़े और अपने स्तर से सहयोग करें।

### बारिश से जिले का जन जीवन अस्त-व्यस्त



**रामगढ़।** बेमौसम बारिश से जिलाभर में जन जीवन प्रभावित हुआ है। बारिश के कारण मंगलवार को सड़क और बाजारों में लोग काफी कम नजर आए । सोमवार रात से ही जिलाभर में रुक रुककर बारिश हो रही है और अगले दो दिनों तक बारिश होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किसान बारिश होने से तो खुश नजर आए। पर कहा की बारिश के साथ कहीं ओलावृष्टि नही हो जाए। किसानो ने कहा की यदि ऐसा हुआ तो फसलों को नुकसान हो सकता है।

### सदर विधायक ने रामलीला मंचन के कलाकारों व आयोजकों को किया सम्मानित



**हजारीबाग।** बड़ा अखाड़ा में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का सप्ताहिक आयोजन महंत विजयानंद दास द्वारा किया गया है । 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा हुआ था इस अवसर पर हजारीबाग में श्री रामलीला कृष्ण लीला महासमिति हजारीबाग द्वारा राम उत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। 21 जनवरी को स्थानीय कलाकारों के द्वारा रामलीला मंचन, एवं 22 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ राम दरबार पूजन हवन एवं अयोध्या के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया था। साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ के अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा, विधायक मनीष जायसवाल, कार्यक्रम के मुख्य सलाहकार महंत विजयानंद दास , कार्यक्रम संयोजक सुबोध सिन्हा के द्वारा राम उत्सव के आयोजक समिति एवं रामलीला मंचन करने वाले कलाकारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया एवं बड़ा अखाड़ा हजारीबाग में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विधायक मनीष जायसवाल ने श्री रामलीला कृष्ण लीला महासमिति का प्रशंसा की एवं कहा दो दिवसीय कार्यक्रम यादगार रहा, कार्यक्रम का मंच संचालन महासमिति के मीडिया प्रभारी प्रदीप पाठक ने किया मौके पर राकेश गौतम,उपाध्यक्ष राम किशोर सावंत, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, शशिकांत उर्फ चुन्नू, बबलू सिन्हा, अनीता, ज्योतिष्ण, सावित्री, सीमा, डिंपल, एवं रामलीला मंचन के 50 कलाकार के साथ-साथ शहर के बहुत सारे गण्या मान्य लोग एवं भक्तजन उपलब्ध थे।

### दिव्य कल्याण आश्रम के समीप खड़ी बाइक हुई चोरी

**बरकट्ठा।** दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा के समीप से एक मोटर साइकिल की चोरी हो गई। इस बाबत ग्राम पेंसरा ,बरकट्ठा निवासी हीरालाल प्रसाद ,पिता नारायण महतो ने बरकट्ठा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया की सोमवार 12 फरवरी की दोपहर दो बजे के करीब अपनी मोटर साइकिल नंबर जेएच 02 एजेड 1272 को दिव्य कल्याण के समीप खड़ा कर बाजार गया था कुछ देर बाद वापस लौटने पर देखा की बाइक अपने स्थान से गायब है। काफी खोजबीन के पश्चात पता नही लगने पर थाना में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई है।

### सड़क निर्माण में भारी अनियमितता

# युवा नेता गौतम व मुखिया प्रतिनिधि ने मनमानी करने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

इचाक अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाका बभनी से बरकट्ठा के पंचरुखी तिलैया होते हुए बरकठ्ठा मुख्य सड़क मार्ग पर लगभग 22 करोड़ की लागत से डीएमएफटी फंड से पीसीसी पथ का निर्माण हो रहा। निर्माण होने के दो दिन बाद ही ढलायी फट जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार व डाढ़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दयानन्द मेहता निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पाया की सड़क में लगी गंदगी के अम्बार पर ही सड़क ढाल दिया जा रहा है। उक्त स्थान में बने सड़क पर दो दिन में ही दरार पड़ने लगा और जहां तहां पानी जमा हुआ पाया। वहीं निर्माण के दौरान उपयोग होने वाले घटिया बालु,कम मात्रा मे सीमेंट और स्टीमेट से कम मात्रा में ढलाई किया जा रहा। वहीं गौतम कुमार ने मिलीभगत से लुट करने का आरोप लगाया। वहीं डाढ़ा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ने कहा की सुदूरवर्ती इलाका होने के कारण और निम्न तबके के लोगों के कारण ऐसा सांठ गाँठ हो रहा। यहां के ग्रामीणों को डरा धमका कर जबरन घटिया कार्य का निर्माण किया जा रहा। जब तक वरीये पदाधिकारी इसकी गुणवता का जांच नहीं करेंगे तब तक हम एक प्रतिनिधि होने नाते यें काम चलने नहीं देंगे। अगर ठीकेदार जबरन काम करने की कोशिश किया तो हजारो ग्रामीणों के साथ बभनी से लेकर बरकठ्ठा तक धरना पर बैठ जायेंगे। विरोध करने के दौरान रंजीत यादव, सुमन कुमार, कमल कुमार, दीपक ठाकुर, टेकलाल सिंह, चेतलाल सिंह, लालमोहन सिंह, बिनोद टूडू, इत्यादि दर्जनों महिला पुरुष विरोध मे शामिल थे।

### स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत किया गया विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**रामगढ़।** 30 जनवरी 2024 से 13 फरवरी 2024 तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को हाई स्कूल सोसोकला में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों के बीच कुष्ठ रोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के क्विज प्रतियोगिता कराई गई एवं प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों एवं शिक्षक को मानसिक रोग के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। मौके पर काय चिकित्सक सावन कुमार ठाकुर, जिला कार्यक्रम सहायक आमोद कुमार, पीएमडब्लू-एनएलईपी मनीषा पहान, सीएचओ सुश्री श्वेता लकड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

# सदर विधायक ने गांधी मैदान में सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

। एनएच 100 से मटवारी गांधी मैदान के चारों ओर करीब 01 किमी लंबाई की राइडिंग क्वॉलिटी में सुधार कार्य का विधिवत शिलान्यास विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा करीब 52 लाख रुपए की लागत से गांधी मैदान के चारों ओर गुणवत्त कालीकरन पथ का निर्माण किया जाएगा। सड़क शिलान्यास के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल ने गांधी मैदान के नगरपालिका मार्केट में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों संग चाय पर चर्चा भी किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की गांधी मैदान शहर की हृदयस्थली है और यहां हमेशा लोगों की चहल कदमी रहती है ऐसे में गांधी मैदान के चहुंओर सुदृढ़ और मजबूत सड़क का होना बेहद जरूरी है,इस सड़क निर्माण से लोगों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। मौके पर स्थानीय भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, समाजसेवी रूही खान, पार्वती धामी, सुशील कुमार, शिवा धामी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित कई अन्य लोग मौजूद रहें ।

## एक नजर

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोग हुए घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल हो गये।जानकारी के अनुसार पहली घटना गोहरीडांड़ भट्टीमोड़ के नजदीक घटी जिसमें । राजेन्द्र बड़ाईक एवं संतोष साय पत्थलकुढ़ा निवासी बाइक से अनियंत्रित हो कर गिरे जिससे दोनों को चोट लगी।वहीं दूसरी घटना जेरवा खुंटाटोली के पास मुख्य सड़क पर घटी जिसमें हिरमन साय एवं विरेन्द्र मिंज जेरवा निवासी खालीजोर साप्ताहिक बाजार से टीवीएस से लौट रहे थे।खुंटाटोली के पास पीछे से एक बाइक ने धक्का मार दिया जिससे दोनों गिर गये और जख्मी हो गये जिसमें विरेन्द्र मिंज गंभीर रूप से घायल है।

### जाम की चपेट में रहा झुमरी तिलैया शहर

**कोडरमा ।** झुमरी तिलैया शहर में जाम एक आम समस्या बनती जा रही है। ट्रैफिक व्यवस्था भी यहां लचर नजर आ रहा है। कुछ ऐसे हीं नजारा देर शाम दिखा, जहां लोगों को जाम में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा संध्या पांच बजे के बाद परीक्षा खत्म होने के बाद टोटो, ऑटो और दो पहिया वाहन के अलावा पैदल निकले छात्रों के कारण झुमरी तिलैया के मुख्य झंडा चौक से पूर्णिमा टॉकिज के समीप जाम की स्थिति बन गई। आवेरब्रिज में भी यह जाम का नजारा दिखा।

### धूमधाम से स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनी

**कोडरमा ।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया में आर्य समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। डीएवी की वैदिक परंपरानुसार सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं हवन कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। क्लास पांचवीं की शाम्भवी ने अंग्रेजी में और खुशी तिवारी ने हिंदी में स्वामी जी के विचारों,महत्वपूर्ण योगदानों और उनकी उपलब्धियों को साझा किया। क्लास चौथी की अनुष्का गुप्ता ने कविता प्रस्तुत किया। पांचवी की अनन्या ने स्वामी जी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी पूछा। दूसरी की श्रेया विश्वकर्मा, उज्वल भारती,इंद्रजीत ने सुंदर स्लोगन लिखा।

### रोटरी क्लब के शिविर में 30 किडनी रोगियों की निःशुल्क जांच

**कोडरमा / झुमरीतिलैया।** रोटरी क्लब कोडरमा ने रोटरी डायलिसिस सेंटर परिसर में शिविर आयोजित कर किडनी रोग से पीड़ित 30 लोगों का निःशुल्क जांच की गयी। जांच रांची के प्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद चरण मंगल ने किया। डॉ श्री मंगल कहा कि किडनी शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। इसको सुरक्षित रखकर ही व्यक्ति निरोगी रह सकता है। डायबिटीज और बीपी से ग्रसित लोग इस रोग से ज्यादा पीड़ित होते हैं। लोगों को पता ही नहीं चलता है और लोग किडनी रोग से ग्रसित हो जाते हैं। बाद में पता चलने पर डायलिसिस करना ही उपाय बचता है।

उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

# लाभुकों का चयन कर योजना से लाभान्वित कराने का निर्देश दिया



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि, बागवानी, पशुपालन, सहकारिता एवं संबद्ध विभागों की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, सहकारिता एवं अन्य संबद्ध विभागों की समीक्षा कर विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में हो रहे कार्यों एवं लाभुकों को मिल रहे लाभ का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कृषि, पशुपालन एवं अन्य संबद्ध विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी कृषकों को केसीसी के लाभ से भी आच्छादित करने का निर्देश दिया। जिला पशुपालन कार्यालय की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पशुपालन विभाग के तहत चल रही योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत प्रखंड स्तर पर लाभुकों का चयन करते हुए लक्ष्य के अनुरूप सभी लाभुकों को योजना से लाभान्वित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बचें हुए लाभुकों को जल्द से जल्द योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। झारखंड कृषि श्रृण माफी योजना के अंतर्गत किसानों का पोर्टल पर अपलोड डाटा को एक सप्ताह के अंदर ई-के.वाई.सी. करते हुए शत प्रतिशत किसानों को लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही कृषक पाठशाला योजना के अंतर्गत सिमडेगा में वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व योजनाओं का क्रियान्वयन कर राशि व्यय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत रिजेक्ट फॉर्म का पुनः समीक्षा करते हुए किसानों को योजना से आच्छादित करने हेतु सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया तथा फरवरी माह में लक्ष्य के अनुरूप केसीसी योजना से अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित करने का निर्देश दिया गया।

पेपर लीक मामले में आजसू पार्टी ने निकाला मशाल जुलूस

# मुख्यमंत्री से घटना की सीबीआई जांच की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आजसू पार्टी सिमडेगा द्वारा छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाईक के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। इस मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और झारखंड जेएसएससी सीजीएल परिक्षा में हुए पेपर लीक की सीबीआई जांच एवं छात्रों के साथ न्याय हो, इसके लिए जम कर नारे बाजी की गई। जुलूस सिमडेगा थाना के पास से निकल कर सिमडेगा शहर के हृदय स्थल महावीर चौक तक गई। मौके पर आजसू पार्टी सिमडेगा जिला सचिव विकास बड़ाईक ने कहा कि 8 सालों के लंबे इंतजार के बाद छात्रों के उनके माता-पिता अभिभावकों के चेहरों पर खुशी दिखी थी की अब हमारे बच्चे झारखंड के अधिकारी-पदाधिकारी बनेंगे परन्तु झारखंड को लुटने वाले लोगों ने झारखंड के होनहार छात्रों के भविष्य का सौदा पच्चीस-पच्चीस लाख में कर दिया। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक कि घटना में कहीं ना कहीं कार्यपालिका और विधायिका दोनों फेल हुई है।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा भाजपा के नीतियों को लोगों के बीच करेगी उजागर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

मंगलवार को परिषदन भवन में झामुमो जिला सिमडेगा के पदाधिकारियों द्वारा केन्द्र के निर्देश अनुसार केन्द्रीय कार्यलय से महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के साथ विडियो कोन्फ्रेसिंग के मध्यम से वर्ता की गई।बैठक में केन्द्र द्वारा निर्देशित किया गया कि जिस तरह से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष सह राज के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को बीजेपी और केंद्रीय जांच एजेंसी के द्वारा फसा रहा है झारखंड के जनता सब जानती है और कभी माफ नहीं करेगी। राज्य के सभी आदिवासी मूलवासी दलित, पिछड़ा ,अल्पसंख्यक सभी लोग गुस्सा में है।इसी को लेकर 15 फरवरी से पदयात्रा के माध्यम से सभी को जागरुक किया जाएगा ।लोगो को बताया जाएगा कि राज्य के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश के तहत फसाया गया है बैठक में केंद्रीय समिति सदस्य बिरजो कांडुलना, मो शाहिद, फिरोज अली ,जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ,जिला सचिव सफीक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग ,जिला उपाध्यक्ष दीप्तिमान तिर्की ,संगठन सचिव बिपिन कुल्लु ,सह सचिव सिकंदर बरवा ,संगठन सचिव कल्याण मिंज ,किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन ,युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू डांग , छात्रा मोर्चा अध्यक्ष पुनीत तिर्की आदि उपस्थित थे।

समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने की बैठक

# अब वह समय आ गया है कि आपका हक व अधिकार के लिए सदन तक आवाज उठाई जाये



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

प्रखंड के कुड़पानी में झारखंड पार्टी की ओर से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, युवा जिलाध्यक्ष सन्देस एक्का,बिरसा माझी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री के गांव आगमन पर ग्रामीणों के अंदर खुशी देखने को मिला और उन्होंने पारंपरिक तरीके से नाचते गाते हुए अपने गांव में उनका स्वागत करते हुए बैठक का आयोजन किया चबूतरा में आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आज भी इस क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है इसकी वजह से लोग खेती करना छोड़ रहे हैं, अगले हाथियों का झुंड द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे सामानों को भी नष्ट करते हैं जिसकी वजह से लोग परेशान हैं, इसके अलावा पीने की पानी सड़क आदि चीजों की भी समस्या है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। पूर्व मंत्री ने कहा कि अब वह समय आ गया है कि आपका हक अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाया जाए और इसके लिए झारखंड पार्टी जमीन से जुड़कर काम कर रही है, आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की वजह से इस क्षेत्र में समस्याएं बड़ी हैं लेकिन अब उनके समाधान करने के लिए हमने कमर कस लिया है और आप सभी संगठित रहकर आगामी चुनाव में झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि आपकी समस्याओं को पहली प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जा सके। मौके पर संदेश एक्का ने कहा कि ग्रामीण परिवेश को बदलने के लिए युवाओं की आवश्यकता है और युवा राजनीति के माध्यम से भी अपने क्षेत्र का विकास कर सकते हैं इसलिए समझ में फैली बुराइयों को दूर करते हुए आप आगे आकर समाज का भला करें। मौके पर मुख्य रूप से प्रचारक जॉर्ज तिर्की,प्रमोद खेस, सचिव सुमरन तिर्की सक्रिय कार्यकर्ता सहदेव सिंह, वॉलटर कुल्लू, सुमिलन किंडो, विजय किंडो, रवि बड़ाईक का आदि मौजूद रहे।

# विश्व हिंदू परिषद शुरू की धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान



**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा द्वारा धर्म रक्षा निधि समर्पण की अभियान शुरू हुई यह अभियान पूरे जिले में चलेगी जिसके तहत संगठन के लोगों के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच कर सहयोग ली जाएगी । जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बताया कि वर्तमान में देश में हिदू समाज विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है और निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए इन चुनौतियों का जवाब देना नितांत आवश्यक है। हमारा सबसे पहला कर्तव्य अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को बचाना है। साथ ही साथ धर्म रक्षा करना भी है। बताया कि विश्व हिदू परिषद हर साल एक बार धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य परिषद के आयोजन में सीधे तौर पर आम जनता की भागीदारी को सुनिश्चत करना है। इसके तहत संगठन के साथ साथ समाज का भी योगदान लिया जाता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के बाद भी हिदुओं के सामने खड़ी चुनौतियां समाप्त नहीं हुई हैं। धर्मांतरण, गोरक्षा, मठ-मंदिरों की सुरक्षा, लव-जेहाद जैसी समस्या अब भी हिदुओं के सामने खड़ी हैं।

रूर्बन मिशन के तहत संचालित योजनाओं का डीडीसी ने किया निरीक्षण

# मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र को शीघ्र दुरुस्त करने का बीडीओ को दिया गया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

प्रखंड अंतर्गत ऐडेगा कलस्टर के ऐडेगा और लचरागढ़ पंचायत में रूर्बन मिशन द्वारा संचालित योजनाओं का निरीक्षण करने डीडीसी सन्दीप कुमार दोराईबुरु पहुँचे इस मौके पर लचरागढ़ के प्रिंस चौक स्थित बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन, इंदटांड़ स्थित इंडोर स्टेडियम, जिम, मोडल स्कूल स्थित स्मार्ट क्लास रूम वहीं एडेगा पंचायत के पोगलोया बड़का टांड स्थित बांसकला केंद्र, रागी प्रोसेसिंग युनिट, मिट्टी कला केंद्र, बैंगल सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी बहुउद्देश्य सामुदायिक केंद्र के बगल स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र ब्राह्मण टोली की जर्जर स्थिति को देखते हुए शीघ्र इसे दुरुस्त करने का बीडीओ कोलेबिरा को निर्देश दिए। मौके पर बीडीओ कोलेबिरा ने बताया कि सभी जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर लिया गया है बहुत जल्द इनकी मरम्मती होगी वही डीडीसी ने कहा यहां काफी सारी योजनाएं रूर्बन मिशन के तहत चल रही हैं जिसमें मल्टीपरपज हॉल, इनडोर स्टेडियम, बंबू क्राफ्ट, जिम, मिट्टी कला केंद्र राजी प्रोसेसिंग यूनिट इत्यादि जगहों का विकसित किया सभी जगह पर जाकर अच्छा लगा बहुत सारी योजनाओं में काफी काम हुई है। कुछ में काम चल रही है, इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन पूर्व में ही ऑनलाइन माध्यम से हुई है पर अभी तक हैंडोवर नहीं हो पाया है। इसपर उन्होंने ने कहा कि इसमें क्या कंपोज हुआ या नहीं देखना पड़ेगा जो भी प्रक्रिया है उन्हें तत्काल पूर्ण करते हुए जल्द ही हैंडोवर कर दिया जाएगा ।

संत जेवियर में चल रहे कॉलेज उत्सव का हुआ समापन

# एजुकेशन हब बन सकता है सिमडेगा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

संत जेवियर कॉलेज में पिछले तीन दिनों से चल रहे कॉलेज उत्सव मुदित का हुआ समापन। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा उपस्थित थे। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि एक ही स्थान पर एक के बाद एक स्कूल कॉलेजों का होना इस का संकेत है कि अगर ध्यान दिया जाय तो सिमडेगा जिला एजुकेशन हब के रूप में उभर सकता है। उन्होंने कहा कि सौ वर्षों की गुलामी के बाद जब देश आजाद हुआ तब

### प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा हुए शामिल

देश का टूटा फूटा बिखरा हुआ था। ऐसी स्थिति में देश को संभालना काफी चुनौती था। तब हमारे प्रधानमंत्री नेहरू जी ने उस चुनौती को स्वीकारा और दस साल तक प्रधानमंत्री के रूप में शासन करते हुए देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम किया। विधायक ने कहा कि आज देश मे सबसे अधिक जनसंख्या युवाओं का है। पर आज युवाओं की बढ़ती आबादी के अनुरूप रोजगार देने के लिए कोई तैयारी नहीं है। न हम तैयार हुए हैं न ही सरकार ही तैयारी कर पाई। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी सीमित है और उसी में सब अपना हिस्सा चाहते हैं। अब युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी लगाने के लिए दौड़ लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जीवन मे कुछ नया कीजिये। आपको अलग दिशाएं लेने की जरूरत है। आना वाला समय डिजिटल और टेक्नोलॉजी का है।

### ढिबरा को लेकर ठोस नीति बनाए प्रशासन व सरकार

**कोडरमा।** ढिबरा नीति को प्रभावी ढंग से अविलंब लागू करने को लेकर ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने समाहरणालय परिसर के समक्ष बेमियादी धरना शुरू किया। पहले दिन धरना में ढिबरा मजदूरों का सैलाब उमड़ पड़ा। संघ के अध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने कहा कि इस बार आर-पार की लड़ाई होगी। प्रशासन और सरकार को जीवन-यापन चलाने के लिए ढिबरा को लेकर ठोस नीति बनानी ही पड़ेगी। प्रशासन रास्ता निकाले, जिससे राजस्व भी मिले और ढिबरा व्यापार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत बने। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों पर सीसीए लगाया गया है। क्राइम कंट्रोल एक्ट में कुख्यात अपराधियों को जिला बदर करने का प्रावधान है। अपराधी एक दर्जन गंभीर मामले में शामिल हो या एक साल में, दो से तीन बड़े कांड किए हो, उनपर सीसीए लगाया जाता है। ये पूर्णतः तानाशाही निर्णय है और कोडरमा के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन ढिबरा चुनकर जीवन-यापन करने वालों को कुख्यात अपराधी बना दी है।

# सरस्वती पूजा को लेकर बोलबा थाना परिसर में हुई शान्ति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**

बोलबा थाना में सरस्वती पूजा को लेकर शान्ति समिति की हुई बैठक। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने प्रखण्ड छेत्र में सरस्वती पूजा एवं इस मौके पर होने वाले आयोजित कार्यक्रमों के बारे जानकारी लिया गया । बताया गया कि स्कूलों के अलावे बोलबा दुर्गा मन्दिर, लेटाबेड़ा शिव मन्दिर, मालसाडा, अलिंगुड, पीडियापोंछ एवं अन्य स्थानों में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया है प्रशासन की ओर से निर्देश दिया गया कि अधिक आवाज में गाना नहीं बजाएं, सिर्फ भक्ति गाना ही बजाना है । निर्धारित समय 4 बजे तक मूर्ति विसर्जन कर देना है । शराब पीकर किसी भी हाल में पूजा स्थल या मूर्ति विसर्जन के समय नही जाना है । बताया गया कि भक्ति भाव के साथ सरस्वती पूजा सम्पन्न करने की बात कहा गया । इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, थाना प्रभारी अरुनिष रोशन, एसआई सुमन कुमार, एएसआई सुनील टोपनो, अंचल निरीक्षक अनिल टूटी, मुखिया बिनोद बड़ाईक, हीरालाल प्रधान, भानुप्रताप सिंह, एवं अन्य लोग मौजूद थे ।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा पुलिस ने 42 मिसिंग मोबाईल फोन किया बरामद

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस अपने सामुदायिक पुलिसिंग के लिए जानी जाती है और जिसके तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों के खोए हुए मोबाइल को अपने तकनीकी का उपयोग करते हुए लोगों को सकुशल बरामद की के साथ लोगों को लौटाती है जिसको लेकर काफी चर्चा में रहती है।सिमडेगा मडेगा जिलान्तर्गत विभिन्न थानों में जनवरी में मिसिंग मोबाईल से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर तकनीकी शाखा सिमडेगा एवं विभिन्न थानों के संयुक्त प्रयास द्वारा, त्वरित कार्रवाई करते हुए पिछले माह जनवरी में कुल 42 मोबाईल बरामद किया गया है। सिमडेगा एसपी सौरभ ने सिमडेगा की जनता से अनुरोध किया है कि, किसी को कोई भी खोया हुआ मोबाईल मिलता है तो, अपने नजदीकी थाना में जमा करायें और अपने दायित्व का निर्वाह्व करें।

### सिमडेगा उपायुक्त ने छात्रा को जैवलिन थ्रो स्टिक देकर किया सम्मानित



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ठेठईटांगर, सिमडेगा की छात्रा सुमोति कुमारी को जैवलिन थ्रो स्टिक भाला फेंक छड़ी प्रदान किया।बताते चलें, कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, ठेठईटांगर की छात्रा सुमोति कुमारी ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमें सुमोति कुमारी ने जैवलिन थ्रो में जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उपायुक्त महोदय द्वारा उनका हौसला अफजाई करते हुए जैवलिन थ्रो स्टिक प्रदान किया गया। साथ ही खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी बेहतर प्रदर्शन करने की बात कहीं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर सिमडेगा समीर रनयर खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर पंकज कुमार एवं विद्यालय के वार्डन पुनम साहु उपस्थित थे।

### आयुष पद्धति के तहत बोलबा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय बाजारटांड़ शेड में आयुष पद्धति के द्वारा मुक्त उपचार शिविर कैंप का आयोजन हुआ।आयुष एण्ड हेल्थ नेस सेंटर बोलवा के अगुवाई में निःशुल्क चिकित्सा शिविर कैंप का मुखिया सुरजन बड़ाईक, भाजपा युवा अध्यक्ष किशोर कुमार सिंह, डाक्टर संसमय,खुदीराम सिंह के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।किया गया।मौके पर मुखिया द्वारा विभिन्न विकारों के निदान हेतू लोगों को बतायें।वहीं डाक्टर संसमय ने आयुष पद्धति के बारे विस्तृत जानकारी दीं। बीमारी खास कर बच्चों के प्रति दिन प्रतिदिन नये नये बीमारी का निदान आयुष सेंटर में होने की बातें बताई। खुदीराम सिंह के द्वारा मंच का संचालन किया गया। आयुष विभाग के द्वारा बारी बारी से लोगों की बीमारी जांचकर दवा दी गयी। प्रतिदिन आयुष हेल्थ सेंटर में मरीजों का जांच कर दवा दी जायेगी।मौके पर काफी संख्या में मरीज उपस्थित थे।

### विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बने पीसीसी सड़क का हुआ उद्घाटन



**जलडेगा।** प्रखंड अंतर्गत कुटुंगिया पंचायत अन्तर्गत डोंगापानी में पी सी सी सड़क माननीय विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बनाया गया जिसका उद्घाटन विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के द्वारा किया गया। प्रथिमिकता देते हुए विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बिना देर किए पीसीसी सड़क देने का काम किया।सड़क उद्घाटन के दौरान स्थानीय लोगों ने विधायक का स्वागत किया और सड़क निर्माण के लिए उनका धन्यवाद भी दिया। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहा है, जहां जो भी कमी है उसे पूरा किया जा रहा है। इस सड़क का बन जाने से हमारे क्षेत्र के लोगो को कोई भी परेशानियों का सामना करना नही पड़ेगा और तो और बरसात के दिनों यहां पर कीचड़ होने के कारण लोगो को आने जाने में असुविधा होती थी उससे भी आराम मिलेगी।मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिला विधायक प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष मो शमी आलम , कांग्रेस प्रदेश अल्पसंखयक सचिव जमीर अहमद, जिला विधायक प्रतिनिधि नेलन कांडुलना, मो जमीर हसन, प्रखड अध्यक्ष सुशील जडिया, सचिव पंकज कुमार साहु, मण्डल अध्यक्ष अमर तोपनो, सुनील सुरीन, मशीदास तोपनो, निरल जोजो, फूलकुर्या डांग एवं काफी संख्या में पुरुष एवं महिला उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कुरडेग।** बीआरसी में मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत रसोइयों के प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के कुल सात संकुलों के 13 रसोइयों ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा ,सीओ किरण डांग,डॉ पीके बारीक ने रसोइयों द्वारा पकाए हुए भोजन को चखे। मौके पर बीपीओ देशबन्धु शास्त्री,शिक्षक श्रवण बड़ाईक,बीआरपी,सूरज कुमार,रूबीबाई एवं थेरेपिस्ट रेखा कुमारी के द्वारा भोजन निर्माण की प्रक्रिया में स्वचछता एवं सफाई का पालन,भोजन की गुणवता,भोजन का स्वाद आदि की जांच की गई और कुल 100 अंकों में अंक निर्धारित करते हुए अधिकतम अंक लाने वाले दल को विजेता घोषित किया गया।संकुल रामवि चापाबारी को प्रथम स्थान और संकुल रामवि घाघमुंडा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान वाले को 2000 रू एवं द्वितीय स्थान वाले को 1000 रू की प्रोत्साहन राशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

## एक नजर

### देर से पहुंचे समाहरणालय कर्मियों ने किया उपायुक्त का विरोध

गिरिडीह। मंगलवार की सुबह समाहरणायल में देर से पहुंचने के कारण गेट को बंद कर दिया गया था, जिसकी वजह से समाहरणालय के कर्मचारियों को दो घंटा बारिश में गेट के बाहर भीगना पड़ा और दिक्कतों का सामना करना पड़ा इसकी वजह से समाहरणालय के कर्मचारियों ने सभी धरना पर बैठ गए।

### गिरिडीह रेड क्रॉस में फिजियोथेरेपी सेवा अब शाम 7 बजे तक



गिरिडीह। रेड क्रॉस सोसायटी भवन गिरिडीह में वर्षों से फिजियोथेरेपी सेवा का लाभ आमलोगों को रियायत दर पर दिया जा रहा है। पहले यह सेवा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक ही उपलब्ध कराई जा रही थी। पर लोगों के अनुरोध पर इस सेवा का विस्तार शाम 7 बजे तक कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार ने कहा कि जल्द ही रेड क्रॉस भवन में ओपीडी सेवा भी शुरू कर दी जाएगी । जहां लाचार मरीजों का ईलाज मात्र 50 रुपये में ही संभव हो पायेगा। इसके लिए शहर के प्रख्यात चिकित्सकगण अलग-अलग दिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक अपनी सेवा देंगे। ऐसे मरीजों को रियायत दर पर दवाइयां भी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### विधायक ने दो बड़ी योजनाओं का किया शिलान्यास

गिरिडीह। बिरनी प्रखंड के दो अलग - अलग योजनाओं का मंगलवार को विधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलान्यास किया।। जिसमें गारागुरु से चिरुडीह होते हुए मीना बाजार जोड़ने वाली लगभग 7.15 किलोमीटर लम्बी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया गया।। जिसकी लागत 4 करोड़ 25 लाख रुपये है।। दूसरी योजना लेबर गांव में योजना का शिलान्यास किया।।मौके पर पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह,माले नेता मुस्तकीम अन्सारी, प्रमुख रामु बैठा,उप प्रमुख शेखर सुमन,जिम्मी चौरसिया,अली असगर,बद्री राम, सगीर अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या महिलाओं उपस्थित रहे।

### प्राकृतिक जलस्त्रोतों पर धनबाद के काम की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना

धनबाद। शहरी विकास व आवास मंत्रालय नई दिल्ली ने पुणे में सैलो एक्वीफायर मैनेजमेंट पर दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया। सेमिनार में देशभर के दस नगर निकायों को आमंत्रित किया गया। धनबाद द्वारा प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण पर किए जा रहे काम की सराहना कर दूसरे नगर निकायों को सीखने लेने की सलाह दी गई। देश के चुनिंदा नगर निकायों में अमृत योजना के तहत योजना की शुरूआत की गई।

#### गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने थाने में किया विरोध

# विरोध के बाद पुलिस आरोपी से कर रही है पुछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** थाना क्षेत्र के ग्राम झुरझुरी अंतर्गत हरिजन टोला के ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बरकट्ठा थाना में विरोध प्रदर्शन किया। विदित हो झुरझुरी हरिजन टोला निवासी रामजित भुइयां पिता केदार भुइयां का शव एक कुएं से चार जनवरी को बरामद हुई थी। इस बाबत मृतक के भाई प्रमुख भुइयां ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर हत्या कर शव को कुएं में डाले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। साथ ही आठ लोगों को आरोपी बनाया गया। वहीं पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या 25/24 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की ।परिजनों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का रिपोर्ट आने के बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में आनाकानी कर रही है। जिसको लेकर थाना में विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने आरोपी बद्री भुइयां को पकड़ कर थाने में पुछताछ कर रही है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** बरकट्ठा थाना प्रभारी गौतम कुमार के मुताबिक आवेदन के आधार पर पहले युडी के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

# स्वस्थ दांत खुशहाल जीवन इनरव्हील क्लब ऑफ सनशाइन की बनी पहचान




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन द्वारा बरगंडा स्थित बाल शिक्षा मंदिर मैं सनशाइन हेल्थ केयर के तहत डेंटल चेक अप कैंप लगाया गया। सनशाइन हेल्थ केयर के तहत डेंटल चेकअप कैंप यह क्लब का अनुअल चेक अप कैंप है ।करीबन 250 से अधिक बच्चों का चेकअप डॉक्टर परीक्षित आनंद, डॉक्टर इ. ङ खँ, डॉक्टर सौरभ जागनानी द्वारा किया गया। चेकअप के बाद डाक्टर परीक्षित आनंद एवं डॉ बी के झा द्वारा बच्चों को सही तरह से दांत पर ब्रश चला कर सफाई करने का तरीका बताया गया एवं डॉक्टर सौरव जगनानी द्वारा ओरल कैंसर अवेयरनेस टाक दिया गया । बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी डॉक्टर द्वारा दिए गए। । क्लब द्वारा बच्चों को टूथब्रश,टूथपेस्ट एवं बिस्किट दिया गया। कार्यक्रम के अंत में क्लब प्रेसिडेंट सुमन गौरसरिया एवं क्लब सेक्रेटरी कविता राजगढ़िया द्वारा डॉक्टर एवं स्कूल प्रिंसिपल प्रभाकर घोष जी को सम्मानित करके उनका आभार व्यक्त किया। स्कूल के प्रिंसिपल प्रभाकर घोष जी ने क्लब के एवं डॉक्टर को अपनी ओर से पौधा देकर आभार व्यक्त किया। क्लब की फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय की विशेष निगरानी में यह कैंप सफलता पूर्वक संपन्न हुआ एवं क्लब की मेंबर संगीता सिंह जो की स्कूल की टीचर भी है कैंप को सफल बनाने में उनका भी विशेष योगदान रहा। वाइस प्रेसिडेंट सोनाली तर्वे, सेक्रेटरी कविता राजगढ़िया, पास्ट प्रेसिडेंट रंजना बगेरिया , आइसो स्मृति आनंद, दीप्ति सिन्हा, तनूजा भूषण, जूली सहाय एवं क्लब के अन्य मेंबर्स और स्कूल के टीचर्स उपस्थित थे।

## बिरनी : मारपीट में पांच लोग घायल

**बिरनी गिरीडीह।** बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के द्वारपहरी में रात्रि को दो गुटों में मारपीट हो गई।।जिसमें दोनों पक्षो से कुल छः लोग घायल हो गए। घायल में प्रथम पक्ष में जमाल अंसारी का दोनों पुत्र वही दूसरा पक्ष से चांदनी कुमारी,पंकज तुरी समेत अन्य दो लोगो के रूप में पहचान हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि जमाल अन्सारी आपने घर के मुख्य दरवाजा पर गेट लगा रहे थे। तभी दूसरा पक्षो ने गेट लगाने का विरोध किया।।जिसके बाद दो के बीच तू तू मैं मैं शुरू हो गया।।जिसके यह तूल मारपीट में बदल गई। जिसमें दूसरे पक्ष वाले द्वारा लगाया जा रहा है गेट को गिरा दिया गया।जिसके बाद घटना की सूचना पाकर जमुआ प्रशिक्षु डीएसपी नीलम कुजूर, जमुआ थाना प्रभारी विपिन कुमार, भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त कुशवाहा और मुफस्सिल थाना के पुलिस जवान के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर मामला को शांत करवाया गया।

**दोनों पक्षों ने दिया भरकट्टा ओपी में आवेदन :** इस मामले को लेकर दो पक्षों ने भरकट्टा ओपी में आवेदन देते हुए आरोप प्रत्यारोप लगाया है।

क्या कहते हैं भरकट्टा ओपी प्रभारी : इस घटना के संबंध में भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमंत कुशवाहा ने कहा कि दो पक्षों से आवेदन मिला है। जाँच पड़ताल करने पर जो दोषी पाए जायेंगे उन पर कानूनी कार्यवाही किया जाएगा।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निकाली गई अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–35/2023–24 जिसका पी0आर0 संख्या–318449 Building(23-24):D है, के ग्रुप संख्या–01 एवं 02 को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
PR 318916 Building(23-24)#D भवन प्रमण्डल, कोडरमा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची**

पत्रांक ........................../ राँची, दिनांक ..................../24

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/13/23-24 E-tender P.R No. 317000 Rural Development (23-24)#D Tender Id- 2024_RDSPL_82012_01 को तकनीकी, कारणों के फलस्वरूप निम्नलिखित रूप से आंशिक संशोधित किया जाता है।

कंडिका 3 – ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.02.2024 से दिनांक 16.02.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक 08.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 तक पढ़ा जाए।

कंडिका 5 – ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 17.02.2024 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 22.02.2024 पढ़ा जाए।

निविदा की शेष शर्त्ते यथावत् रहेगी।

PR 318835 Rural Development (23-24)_D
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची

## न्यूज बॉक्स

### स्वदेशी मेले की अवधि एक सप्ताह तक बढ़ने की है संभावना : मिथलेश कुमार मंडल



**रामगढ़।** छावनी फुटबॉल मैदान में चल रहे स्वदेशी मेला की अवधि एक सप्ताह तक बढ़ सकती है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस वार्ता में सह संयोजक मिथलेश कुमार मंडल ने दी। उन्होंने बताया की बेमौसम बारिश का मेला पर प्रभाव पड़ा है। जिसे देखते हुए हमलोगों ने मेला की अवधि को एक सप्ताह बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा की यदि स्वीकृति मिल गयी तो पहले तय समय के अनुसार मेला 12 फरवरी से 23 फरवरी तक चलना था। लेकिन यदि स्वीकृति मिल जाती है तो मेले की अवधि एक सप्ताह तक बढ़ाने की पूरी संभावना है। वहीं, उन्होंने बताया की स्वदेशी मेले में अबतक 60 स्टॉल बुक हो चुके हैं। साथ ही अन्य स्टॉलों के बुक होने की प्रक्रिया चल रही है। बताया की बारिश के कारण 13 फरवरी को बच्चों का होनेवाला कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। लेकिन यदि मौसम अनुकूल रहा तो रात को होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक पंचम चैधरी,प्रहलाद साव, गौतम कुमार महतो, विक्रम राठौर, सोनू प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

### डीएमएफटी कोष से बनने वाले कुंडवा रोड का विधायक अकेला ने किया शिलान्यास



**बरही।** डीएमएफटी योजना से बनने वाले खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा रोड का स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने सोमवार को शिलान्यास किया. मौके पर प्रखंड प्रमुख मनोज रजक मौजूद थे. विधायक ने कहा कि उनके विधान सभा क्षेत्र का कोई भी हिस्सा सड़क के बिना नहीं रहे, इसके लिए वह लगातार प्रयास रत है. वह जिला से लेकर राज्य कोष को भी अपनें क्षेत्र में लाने का लगातार प्रयास कर रहे है. जिसका परिणाम आज कई बड़ी योजनाओ का क्षेत्र काम हो रहा है. उन्होंने बताया कि पूर्व के प्रतिनिधियों ने नाली और गली निर्माण कर विकास का ढिंढोरा पीटने का काम किया है. उन्होंने अपने कार्यकाल में लंबी पुल और लंबे सड़को का जाल बिछाने का काम किया है. उनका प्रयास है कि एक गांव दूसरे गांव से जुड़े, लोगो को आवागमन की सारी सुविधाएं मौजूद हो. इसके साथ ही बिजली, पानी और आवास की सुविधा दिलाने के लिए वह प्रयासरत है. आज बरही विस क्षेत्र का कोई भी गांव बिजली या पानी की समस्या से जूझ नही रहा है. शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सहित कांग्रेस बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, देवा यादव आदि कई लोग मौजूद थे.

### एक लाख चालीस हजार रुपए के साइबर ठगी का मामला आया सामने

**बरही ।** एचपीसीएल गैस के गार्ड प्रभात कुमार के एटीएम से 1 लाख चालीस हजार रूपए के साइबर ठगी का मामला सामने आया है. मामले को लेकर भुक्तभोगी ने बरही थाना में आवेदन दिया है. घटना मंगलवार की है. जानकारी के अनुसार गार्ड अपने स्टेट बैंक के एटीएम कार्ड से पैसे निकालने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम काउंटर पहुंचा. परंतु पैसा नही रहने के कारण एटीएम से पैसा नही निकल सका. यह देख पीछे खड़ा युवक गार्ड को मदद करने के बहाने एटीएम लेकर पैसे निकालने का प्रयास किया. इसी क्रम में बड़ी चतुराई से एटीएम बदलकर दूसरा एटीएम कार्ड गार्ड को दे दिया. गार्ड के घर पहुंचते ही उसके फोन पर चालीस हजार एटीएम मशीन से और चौसठ हजार पॉस मशीन से निकाले जाने का मैसेज आया. तब गार्ड को ठगे जाने और एटीएम बदले जाने की भनक हुई. मामले को लेकर बुधवार को बरही थाना में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाई गई है.

#### डीसी ने बंद करवाए समाहरणालय के दोनों गेट

## चेंबर बंद रहने से भड़के डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मंगलवार की सुबह समाहरणालय में काम करने वाले कर्मचारी अचंभित हो गए, उन लोगों ने देखा कि समाहरणालय का दोनों गेट में ताला लगा हुआ है, इसके कारण कई कमी काफी देर तक गेट के बाहर खड़े नजर आए, इस बीच मूसलाधार बारिश भी शुरू हो गई जिसके कारण कई कर्मी बारिश में भीगते रहे लेकिन समाहरणालय का गेट नहीं खुला, कर्मियों को पता नहीं था चला गेट क्यों लगाया गया हुआ है, सारे कमी 2 घंटे तक बाहर में ही खड़े रहे मामले को लेकर बताया जा रहा है कि मंगलवार को डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को एक बैठक शामिल होना था, इसलिए ऑफिस जल्दी चले आए, जिसे देखा कि ऑफिस के सारे चेंबर बंद पड़े हुए हैं ऑफिस के कर्मी लोग ने पहुंचे हुए इसके वजह से सभी को फटकार लगाते हुए ऑफिस का में गेट बंद करवा दिया गया।

## बेंगाबाद गिरिडीह मार्ग पर दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में एक की मौत

### एक अन्य गंभीर रूप से घायल



**गिरिडीह।** बेंगाबाद गिरिडीह मुख्य सड़क पर सोमवार की रात महदैया मोड़ के पास हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में जहां एक मजदूर की मौत हो गई, वहीं घटना में एक दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक प्रकाश यादव उर्फ गुलाब यादव बेंगाबाद थाना क्षेत्र के मोतीलेदा स्थित परसाटोल का निवासी था. जबकि घायल व्यक्ति की पहचान बलगो बेलाटांड़ निवासी जगदीश वर्मा के रूप में हुई है. घायल को बेहतर इलाज के लिए दुगार्पुर ले जाया गया है. इधर मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव जब उसके घर पहुंचा तो कोहराम मच गया. परिजनों के चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा. बताया गया कि मृतक के तीन बच्चे हैं. घटना के संबंध में बताया गया कि जगदीश वर्मा अपनी मोटरसाइकिल से गिरिडीह से वापस घर लौट रहा था।

झारखण्ड सरकार

**आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड राँची**

इच्छा की अभिव्यक्ति हेतु अति अल्पकालीन आमंत्रण–सूचना

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालयों में पाठ्यक्रम आधारित कक्षा 6 से 12वीं के लिए पुस्तकालय हेतु पब्लिसिंग हाउस से पुस्तकों की सूची एवं दर निर्धारण हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति प्रस्ताव दिनांक–22.02.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।

इच्छा की अभिव्यक्ति प्रारूप कमरा संख्या–205, आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय, द्वितीय तल, कल्याण कॉम्पलेक्स, मोराबादी रॉची से कार्यालय अवधि में इच्छुक पब्लिसिंग हाउस अपने अनुरोध पत्र के साथ 20,000/– का बैंक ड्राफ्ट Tribal Welfare Commissioner, Payable at Ranchi के पक्ष में समर्पित कर दिनांक–15.02.2024 से 19.02.2024 तक प्राप्त कर सकते है।

PR 318854 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(23-24)D

आदिवासी कल्याण आयुक्त।

**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

ज्ञापांक......................... खूँटी, दिनांक...................

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत, खूँटी के अन्तर्गत अवस्थित गया मुण्डा कॉम्पलेक्स के कुल 14 दुकानदारों को बकाया किराया चुकाने के लिए जन सुविधा केन्द्र, नगर पंचायत, खूँटी के कर्मियों के द्वारा बार–बार, सूचना एवं सम्पर्क किया जाता रहा है। जब इन 14 दुकानदारों द्वारा सूचना एवं सम्पर्क करने पर भी दुकान के बकाया किराया अदायगी के प्रति सकारात्मक पहल नहीं की गई, तब कार्यालय पत्रांक 1430, दिनांक 23.09.2023 को सूचना की विज्ञाप्ति दी गई। झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कुल 14 दुकानों को सील कर दिया गया। पुनः कार्यालय पत्रांक 1497, दिनांक 09.10.2023 एवं पत्रांक 1647, दिनांक 06.11.2023 के सूचना विज्ञाप्ति के माध्यम से बकाया दुकान किराया अदायगी की सूचना दी गई। कुल 14 दुकान में से 9 दुकानो का सील कार्यालय पत्रांक 1598, दिनांक 26.10.2023 एवं कार्यालय पत्रांक 1816, दिनांक 09.12.2023 के सूचना के माध्यम से विधिवत कारवाई करते हुए दुकान खोल दी गई है। परन्तु अभी भी कुल 5 दुकानों के मालिक के द्वारा न तो दुकान के बकाया किराया का भुगतान किया गया है और ना ही दिनांक 02.11.2023 एवं 13.12.2023 को दुकान के सील खुलवाने की प्रक्रिया में आपके द्वारा सकारात्मक सहयोग दिया गया है। ऐसी परिस्थिति में ना केवल नगर पंचायत, खूँटी के राजस्व की क्षति हो रही है, बल्कि दुकान को चलायमान रखने के प्रति आपकी स्पष्ट उदासीनता झलकती है। ऐसी परिस्थिति में नगर पंचायत खूँटी के बेरोजगार एवं इच्छुक दुकान चलाने वाले नागरिको को दुकान का सील विधिवत खोलते हुए आवंटित किया जा सकता है। **यह सूचना अंतिम स्मार के रुप में दिया जा रहा है। दिनांक 19.02.2024 तक अपने बकाया दुकान किराया जन सुविधा केन्द्र, नगर पंचायत, खूँटी में जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं पर कार्रवाई की जाएगी।** कुल 5 बकाया दुकान किराया वाले दुकान मालिकों की सूची निम्नवत है:–

**GAYAMUNDA COMPLEX**

| Never raid | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Sl.No. | Shop No. | Ground Floor | | Amount |
| 1 | 14 | अनिल खलखो | जोजो टोली, बाजार टांड, खूँटी | 121500.00 |
| 2 | 15 | सुनिल खलखो | जोजो टोली, बाजार टांड, खूँटी | 121500.00 |
| 3 | 24 | श्वेता प्रीति कुजूर | कटहल टोली, खूँटी | 120000.00 |
| 1st Floor | | | | |
| 5 | 42 | रमेश कुमार | कर्रा रोड, खूँटी | 137160.00 |
| 6 | 40 | पीटर पुर्ति | कोटना, बुरजू | 123440.00 |

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 318896 Urban Development(23-24).D

# तिसरी में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी, उत्साह चरम पर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** वसंत पंचमी के अवसर पर होने वाले विद्यार्थियों के महापर्व ज्ञान की देवी माँ शारदे के पूजनउत्सव को लेकर तिसरी प्रखंड के युवाओं में भी काफी उत्सुकता देखी जा रही है। सरस्वती पूजा की तैयारियों को लेकर सभी स्कूल, कॉलेज शिक्षण संस्थान समेत अन्य जगहों की पूजा कमिटीयां कई दिनों से लगीं हुई हैं। इसी क्रम में तिसरी के माइका थाना, रीजनल गेट, थाना के सामने, केंवटाटांड , तिसरी बाजार ,चंदौरी, गुमगी समेत कई जगहों पर भव्य पंडालों का निर्माण कर माता के पूजन के लिए विभिन्न पूजा कमीटियों द्वारा साजो - सज्जा की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय के माइका थाना, थाना के समीप और रीजनल गेट पर भव्य पंडालों का निर्माण किया गया है। जहाँ मंगलवार की देर रात तक कई युवा पूजा पंडालों को आकर्षक रूप देने के लिए मशक्कत करते नजर आए। सारी तैयारियों के बाद आज सुबह ही इन पंडालों में माँ शारदे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। जिसके बाद पंडितों द्वारा विधिवत पूजा - अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया जायेगा। वहीं संध्या बेला में आरती और सुबह पूजन व हवन के बाद माता की प्रतिमा के विसर्जन के साथ ही यह त्योहार समाप्त हो जायेगा। इस दौरान तिसरी मुख्यालय के माइका थाना और थाना के समीप स्थिति पूजा पंडालों में पूजा कमीटियों द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।

# केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने जवाहर नवोदय विद्यालय में बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गांडेय के जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में मंगलवार को कोडरमा लोकसभा सांसद सह केन्द्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बहुउद्देशीय सभागार और एकीकृत खेल परिसर का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विद्यालय परिवार की ओर से उनका स्वागत किया गया। सासंद उक्त स्थल में आयोजित पूजन कार्यक्रम में भी शामिल हुई। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कलाकृतियां का प्रदर्शनी लगाया गया था, केंद्रीय मंत्री ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और बधाई दी। माननीय माननीय शिक्षा राज्य मंत्री सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार पीएम श्री योजना के तहत पूरे देश में 14 हजार विद्यालय अंडरटेकिंग किया है जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय नेतरहाट विद्यालय शामिल है। नवोदय विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे पढ़ते हैं। कहा नवोदय विद्यालय के बच्चों में बहुत प्रतिभा है। जिसे विद्यालय द्वारा प्रतिभा को सही प्लेटफार्म मिलेगी। केंद्र समय-समय पर शिक्षा विभाग को विभिन्न प्रकार के आदेश जारी करते हैं। जहां पर राज्य सरकार को दिशा निर्देश दिए जाते है। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहां की शिक्षा और अन्य क्षेत्र में राज्य सरकार ध्यान नहीं देती है 80000 शिक्षक का पद खाली है लेकिन राज्य सरकार को इस और ध्यान नहीं है। मौके पर उपस्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य उपेंद्रनाथ चोबे,सांसद प्रतिनिधि, दिनेश यादव,जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रदेशमंत्री दिलीप वर्मा,प्रमुख राजकुमार पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक,पूर्व प्रमुख मनीषा पाण्डेय, प्रकाश यादव, पृषोतम चौधरी,,सुरेंद्र रजक, श्याम पाठक, हरी मंडल,राजू मंडल सहित विद्यालय के शिक्षक दर्जनों छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

**दूसरों को नीची नजर से वही देखता है, जिसे अपनी ऊंचाई पर यकीन नहीं होता : अज्ञात**

# राजनीति विकास की हो सत्ता की नहीं

चुनाव अभी दूर है और उसके पहले हृदय परिवर्तन के बहाने दल परिवर्तन का दौर चल रहा है । कई बड़े नेता गिरफ्तार भी हुए हैं जिनपर लंबे समय से जांच चल रही थी और असंभव से लगते राम मंदिर के निर्माण के बाद 22 जनवरी को जिस तरह भारत राममय हुआ उससे भाजपा गदगद है। इंडी और एंडी अलायंस में बंटा देश लग रहा था कि इस बार मोदी के करिश्मे को चुनौती देगा पर अदृश्य सी लगती गांठ खुलती दिख रही है और एक-एक कर विपक्षी दल अपने अपने रास्ते एंडी की ओर अग्रसर है या वॉक ओवर की तरह दीदी और बहन जी की तरह अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं जिससे भाजपा और एंडी की बांछे खिली हुई है और विपक्ष नए मुद्दों की तलाश में है । मोटे तौर पर ऊपर से दो खेमों में बंटे नेता असल में कई खेमों में बंटे हैं जिनमें एक खेमा दक्षिण भारत का है जिनकी द्रविड़ राजनीति हिंदी विरोध से लेकर हिंदू विरोध के इर्द-गिर्द घूमती रही है। मजेदार बात यह है कि दक्षिण उत्तर से अधिक जागरूक और शिक्षित होने के साथ अधिक तार्किक है जिससे पूर्व में उसे अधिक लाभ मिला है जबकि उत्तर भारत में

**इंडी और एंडी अलायंस में बंटा देश लग रहा था कि इस बार मोदी के करिश्मे को चुनौती देगा पर अदृश्य सी लगती गांठ खुलती दिख रही है और एक-एक कर विपक्षी दल अपने अपने रास्ते एंडी की ओर अग्रसर है या वॉक ओवर की तरह दीदी और बहन जी की तरह अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं जिससे भाजपा और एंडी की बांछे खिली हुई है और विपक्ष नए मुद्दों की तलाश में है । मोटे तौर पर ऊपर से दो खेमों में बंटे नेता असल में कई खेमों में बंटे हैं जिनमें एक खेमा दक्षिण भारत का है जिनकी द्रविड़ राजनीति हिंदी विरोध से लेकर हिंदू विरोध के इर्द-गिर्द घूमती रही है।**

विकास की नई चेतना चंद वर्षों या दशकों में आई है । दक्षिण के स्कूलों से लेकर तकनीकी और मेडिकल संस्थान उत्तर के अरबों रुपए की कमाई से दिन दूनी और रात चौगुनी कमाई कर रहे हैं जबकि उत्तर भारत खास तौर पर हिंदी पट्टी परीक्षाओं में चोरी या कदाचार की बदनामी से लेकर बार-बार व्यापम से लेकर जेपीएससी-बीपीएससी या जेएसएससी घोटाले जैसे घोटालों से लेकर विधान सभा नियुक्ति घोटालों में समाचारों की मुख्य पंक्तियों से एक निराशाजनक संदेश दे रहा है । आज के युवा जो उच्च शिक्षा में निरंतर राज्य या देश का नाम रोशन कर रहे हैं और खेल,भारतीय प्रशासनिक सेवा से लेकर प्रबंधन तथा अन्य विश्वस्तरीय सेवाओं में अग्रणी भूमिकाएँ अदा कर रहे हैं उनमें से अधिकांश हमारे आपके जैसे सामान्य परिवारों से निकल कर जा रहे हैं और झारखंड या बिहार का नाम रौशन करने के बजाय उन राज्यों का नाम रौशन कर रहे हैं जिन्होने उन्हें बेहतर रोजगार दिया है । उन राज्यों में दक्षिण के राज्य सबसे आगे हैं जो आर्थिक रूप से समृद्धि की राह पर हैं और बिहार झारखंड,बंगाल और यूपी के आमजन ग्रामीण मानसिकता से जात-धर्म,अगड़ा-पिछड़ा से लेकर मामूली क्षेत्रीय मुद्दों पर ऊपरी या दिखावे की लड़ाई में उन चालाक नेताओं के मोहरे बन रहे हैं जो अपने परिवारों या जाति विशेष की राजनीति के विकास की राजनीति करते रहे हैं । कई बार ऐसे लोगों को सजा भी हुई पर ये हर बार अपने समर्थकों को यह समझाने में बहुत हद तक सफल रहे कि उन्हें फंसाया गया और वे इस बार अपने बच्चों के माध्यम से उनका भला करेंगे । दिलचस्प बात यह है कि क्षेत्रीय राजनीति के ये वाचाल नेता कभी भी शिक्षा, या जागरूकता की बात नहीं करते बल्कि सरकारी नौकरियों में उनके हिस्से की बात करते हैं ! जब गांव के बदहाल स्कूलों जिनमें से बहुत स्कूलों में शिक्षकों की योग्यता पर सुप्रीम कोर्ट तक सवाल उठा चुका है,में पढ़कर किस प्रकार सरकारी नौकरी पाएंगे।

**बसंत पंचमी पर विशेष**

# स्वागत करें ज्ञान एवं सौभाग्यरूपी उजालों का


ललित गर्ग

**मन** की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा त्योहार है बसंत पंचमी, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। बसंत पंचमी को श्रीपंचमी, ज्ञान पंचमी भी कहा जाता है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। बसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन 'गृहप्रवेश' करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। विवाह के लिए भी बसंत पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस त्योहार को अक्सर समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा जाता है। बसंत पंचमी के साथ, यह माना जाता है कि वसंत ऋतु की शुरूआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरूआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है। यही क्षण है व्यक्तिवादी मनोवृत्तियों को बदलने का, ईमानदार प्रयत्नों की शुरूआत का, इंसानियत की नींव को मजबूती देने का। बहुत जरूरी है मन और मस्तिष्क की क्षमताएं सही दिशा में नियोजित हों। निर्माण का हर क्षण इतिहास बने,



**माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। बसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन 'गृहप्रवेश' करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। विवाह के लिए भी बसंत पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस त्योहार को अक्सर समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा जाता है।**

इसके लिये पवित्र मन से सरस्वती की साधना जरूरी है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणा वादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है। बसंत को ऋतुओं का राजा अर्थात सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है। इस समय पंचतत्त्व अपना प्रकोप छोड़कर सुहावने रूप में प्रकट होते हैं। पंच-तत्त्व- जल, वायु, धरती, आकाश और अग्नि सभी अपना मोहक रूप दिखाते हैं। आकाश स्वच्छ है, वायु सुहावनी है, अग्नि (सूर्य) रुचिकर है तो जल पीयूष के समान सुखदाता और धरती, उसका तो कहना ही क्या वह तो मानो साकार सौंदर्य का दर्शन कराने वाली प्रतीत होती है। ठंड से ठिठुरे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती जौ की बालियों और सरसों के फूलों को देखकर नहीं अघाते। धनी जहाँ प्रकृति के नव-सौंदर्य को देखने की लालसा प्रकट करने लगते हैं तो वहीं निर्धन शिशिर की प्रताड़ना से मुक्त होने पर सुख की अनुभूति करने लगते हैं। सच ! प्रकृति तो मानो उन्मादी हो जाती है। हो भी क्यों ना! पुर्नजन्म जो हो जाता है प्रकृति का। श्रावण की पनपी हरियाली शरद के बाद हेमन्त और शिशिर में वृद्धा के समान हो जाती है, तब बसंत उसका सौन्दर्य लौटा देता है। नवगात, नवपल्लव, नवकुसुम के साथ नवगंध का उपहार देकर विलक्षण बना देता है। बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नये का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरूआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है।

## आपकी बात

### लॉन्ग लास्टिंग प्यार


डॉ. कुमार संजय

**वसंत के आते ही फैज अहमद फैज का यह शेर खुद-ब-खुद जुबां पर आ जाता है :** गुलों में रंग भरे बाद-ए-नौ-बहार चले। चले भी आओ कि गुलशन का कारोबार चले। वसंत ऋतु के आगमन से फूलों में निखार आ गया है, नई उम्मीदें, नई चाहतें सामने आ खड़ी हुई हैं, नई खुशियां हाथ थामने को बेचैन हैं। आइये, वसंत के आगमन का स्वागत करें। वसंत का हाथ थामे आता है वेलेंटाइन डे। एक साल के लंबे इंतजार के बाद प्रेमियों की दिलों की धड़कनें बढ़ा देता है। प्यार करने वालों के लिए इजहार करने का इससे बेहतर समय और क्या हो सकता है जब सारी कायनात इनका साथ देने के लिए आतुर है। **अपने प्यार का इजहार करें, लेकिन इन बातों को जरूर ध्यान में रखें :** (यह आलेख 13 से 30 वर्ष के युवाओं पर केंद्रित है, जो अभी तक सिंगल हैं) झूठ बोलकर किया हुआ कोई भी काम सही नहीं हो सकता। अगर काम सही है तो छुपाना कैसा! इसलिए अपने प्यार के संग आप यह दिन कहीं मनाने जा रहे हैं, तो अपने पेरेंट्स की जानकारी में जाएं। अगर पेरेंट्स नहीं मान रहे तो आप पेरेंट्स की बात मानें, खासकर तब जब आप अपने पैरों पर खड़े नहीं हैं। अपने पेरेंट्स को बैकवर्ड न समझें। वे हर हाल में आपका भला चाहते हैं। पेरेंट्स के नॉलेज में आप कोई काम करते हैं तो दिल से अच्छा और सुरक्षित महसूस करते हैं। पेरेंट्स से अनुरोध है कि समय के साथ चलें। अपने बेटा-बेटी के फ्रेंड के बारे में पूरी जानकारी रखें। अगर वह फ्रेंड सही लगता है तो अपने बेटा-बेटी के साथ इंज्वाय करें। निर्धारित समय के लिए जाने दें। कड़ाई करने से बेहतर होगा दोस्ताना व्यावहार करना। अपने प्यार के साथ क्वालिटी टाइम बिताना ही तो सबसे बड़ा गिफ्ट है। गिफ्ट दीजिए लेकिन किसी से उधार लेकर नहीं और न ही घर से पैसा चुराकर। आप अपने बजट के अंदर रहकर गिफ्ट दें। झूठे दिखावे के लिए बहुत महंगा गिफ्ट देना सरासर बेवकूफी है। सोच-समझकर ऐसे गिफ्ट दें जो भविष्य में आपके खिलाफ न चला जाय। शहर से दूर, एकांत जगह में जाने की कोई जरूरत नहीं है। असामाजिक तत्व ऐसे ही अवसरों की तलाश में रहते हैं। हर वर्ष कई अशुभ, बुरे समाचार सुनने को मिलते हैं। प्रेमियों को बुरी तरह पीटा गया, उनसे उठक-बैठक कराया गया और कुछ तो मर्डर वाले समाचार भी मिलते हैं। अच्छे पार्क, पिकनिक स्पॉट, रेस्तरां में जाएं जहां लोगों की उपस्थिति हो। वैसे पार्क और पिकनिक स्पॉट भी न जाना ही बुद्धिमानी होगी। वह तो आप समझ रहे हैं, क्यों? अच्छा होगा, सोच समझकर सही जगह का चयन करें। **मर्यादा :** अपनी व अपने घर-परिवार की मर्यादा को ध्यान में रखें। कुछ ऐसा न करें कि बाद में आपको पछताना पड़े। आप अपनी नजर में गिर जाएं। याद रखें- संयमित प्यार टिकता है, असंयमित प्यार चंद दिनों में अपना आकर्षण खो देता है। मुख्य रूप से गर्ल्स के लिए लिखा जा रहा है। आकर्षक दिखने के चक्कर में सस्ता मत दिखने लगें। कायदे के कपड़े पहनें, कायदे से बने संवरें। यह बात सिर्फ दिन विशेष के लिए नहीं कही जा रही, बल्कि हर अवसर के लिए कही जा रही है। वैसे तो यह बात सभी के ऊपर लागू होती है। हेलेन केलर ने बहुत खूबसूरत बात कही है - संसार की सबसे खूबसूरत चीजें न देखी जा सकती हैं, न सुनी जा सकती हैं, उन्हें बस दिल से महसूस किया जा सकता है। प्यार एक खूबसूरत एहसास है। इसे शारीरिक आकर्षण, पैसा, उपहार से पाने और लुभाने की कोशिश न करें। वह प्यार छिछला होगा, टिकने वाला नहीं। लॉन्ग लास्टिंग प्यार बसता है - एक दूसरे को समझने में, प्रोत्साहित करने में, अच्छे-बुरे वक्त में। एक- दूसरे के लिए खड़ा होने में बुरा नहीं है। भारतीय बनें। कायदे से मनाएं। एक दिन वाले प्यार को लाइफ लॉन्ग वाले प्यार में कन्वर्ट करें।

**(शिक्षक, मोटिवेशनल स्पीकर और नाटककार)**

**प्रदर्शन**

# किसान संगठनों की सभी मांगे पूरी किये जाने की जिद


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** में भाजपा की एनडीए सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दिन प्रतिदिन एक ताकत के रूप में उभरी है। इस बार के संसद सत्र में कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों ने भारतीय जनता पार्टी को घेरने की कई सघन योजनाएं बनाईं, किंतु मोदी तरकस से निकले वाणों ने एक के बाद एक सभी को भेद दिया, ऐसे में विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा और महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी पर जब देश भर में उसकी कहीं कोई दाल नहीं गल रही तब वह फिर से किसान आन्दोलन को हवा देने में लग गई है। इन दिनों किसान आन्दोलन के नाम पर आन्दोलन जीवी एक बार फिर से सक्रिय हो उठे हैं। कुल मिलाकर विपक्ष का उद्देश्य हर हाल में देश की शांति को बहाल नहीं रहने देने की है। अब उसका लक्ष्य यही होगा कि वह किसी तरह से यह सिद्ध करने में कामयाब हो जाय कि मोदी सरकार किसान विरोधी है और उसे अन्नदाताओं की कोई फिक्र नहीं। वैसे देखा जाय तो स्वतंत्र भारत में स्वाधीनता के बाद से किसान समस्या हमेशा किसी न किसी रूप में बरकरार रही है। भले ही आज का बहुसंख्यक किसान साहूकार के ऋण चंगुल से बाहर आ गया हो, किंतु केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों के बाद भी आज तक किसानों की समस्याओं का अंत नहीं हुआ है। कभी-कभी लगता है कि उन्हें सब कुछ फ्री में दे भी दिया जायेगा तब भी किसानों में एक बड़ी संख्या फिर भी ऐसी रहेगी जिनकी शिकायतों का कोई अंत नहीं किया जा सकता। इस बार संयुक्त किसान मोर्चा का बैनर गायब है, लेकिन पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई किसान संगठन अपनी प्रमुख मांगों को लेकर आगे आये हैं। इसकी कुछ मांगें उचित भी जान पड़ती है, किंतु साथ ही कुछ मांग ऐसी भी हैं जिन्हें पढ़कर सोचना पड़ रहा है कि यह किसी भी सरकार के वश में नहीं कि वह पूरा करके उन्हें दे दे, फिर क्यों ये व्यर्थ में इन्हें पूरा करा लेने की जिद ठान बैठे है। इस बार किसान संगठन कृषि ऋण माफ करने की मांग कर रहे हैं।

**भले ही आज का बहुसंख्यक किसान साहूकार के ऋण चंगुल से बाहर आ गया हो, किंतु केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम प्रयासों के बाद भी आज तक किसानों की समस्याओं का अंत नहीं हुआ है।**



**बोधि वृक्ष**

# एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

इसी तरह, कैलाश मंदिर के तत्व अपने आप में पूर्ण प्रतीत होते हैं और एक दूसरे से इतने सहज तरीके से जुड़े हुए हैं कि वे एक ही परिसर के जान पड़ते हैं। इसलिए, कैलाश मंदिर की संपूर्णता ब्रह्म और ब्रह्मांड का प्रतीक है, जबकि इसके अलग-अलग हिस्से आत्मा के प्रतीक हैं। एलोरा का कैलाश मंदिर एक ऐसा स्थान है, जहाँ स्थापत्य प्रतिभा और अध्यात्मवाद दोनों एक साथ विद्यमान हैं। एक आम सहमति है कि इसके बाद कोई भी भारतीय राजवंश ऐसी राजसी संरचना बनाने में सक्षम नहीं रहा। एक ऐसा ही मंदिर बनाने के लिए जैनों द्वारा प्रयास किया गया था, किंतु वह बहुत छोटे पैमाने पर ही हो सका। उसे अधूरा ही समाप्त करना पड़ा। यह संरचना थी गुफा संख्या 30 जिसे ह्यछोटा कैलाशह्न के नाम से जाना गया। मंदिर का न केवल निर्माण चुनौतीपूर्ण था, बल्कि इसे नष्ट करना भी लगभग असंभव था। मुगल बादशाह औरंगजेब ने एक बार मंदिर की परीक्षा लेने के लिए ऐसा प्रयास किया था। मध्यकालीन स्रोतों का दावा है कि परिणामस्वरूप, यहाँ की अधिकांश चित्रकारियाँ नष्ट हो गईं और नक्काशियों को काफी नुकसान हुआ। हालाँकि, गुफाएँ अब भी मौजूद हैं।

**(समाप्त)**

**देवघर में भगवान शिव के बाबा बैजनाथ बनने की कहानी**

**बैजनाथ धाम कौन सा राज्य में है?**

वैद्यनाथ मंदिर भारत के झारखण्ड राज्य के देवघर में अवस्थित है जहाँ भगवान शिव के 12 ज्योतिलिंगों में शामिल वैद्यनाथ नामक पवित्र शिवलिंग स्थापित है। देवघर में मौजूद यह शिवलिंग सिद्धपीठ माना जाता है जिस कारण इसे कामना लिंगम भी कहते है। यह स्थान बाबा जैसे अन्य नामों से भी लोकप्रिय है।

**(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# दुनिया में मन का संतोष व प्रसन्नता अच्छी सेहत की सबसे बड़ी पूंजी है


किशन भावनानी

दुनियां में जिसके पास प्रसन्नता, मन की शांती, संतोष भरा मन हो वो भाग्यशाली और खुश इंसान है। केवल आज की ही क्यूं वो इंसान हर दुनियां मे खुश है। महाभारत मे धर्मराज युधिष्ठिर से एक यक्षने प्रश्न पुछा के हे धर्मराज सबसे बडा सुख कौनसा है इस प्रश्न के उत्तर के स्वरूप युधिष्ठिरजी ने कहा समाधान ही सर्वोत्तम सुख है। मनुष्य के पास बहुत सारा पैसा हो अछी शादीशुदा जिंदगी हो अच्छे माता पिता हो लेकिन मन मे संतोष व प्रसन्नता न हो तो ऐसा व्यक्ती आज की या किसी भी दुनिया मे खुश नही हो सकता। आज की दुनिया मे पैसा अतिआवश्यक है। लेकीन मन का संतोष प्रसन्नता उससे भी अधिक आवश्यक है,और एक बात जो की आवश्यक है वो है आपकी सेहत, सेहत अछी हो तो व्यक्ती का जीवन आनंदमय होता है,वैसे तो कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस!! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है! क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ की पावन बेला पर मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा, खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है।

**इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना है।**

## टेक वर्ल्ड

### फोन में नहीं है इंटरनेट , तो एसे करे उपयोग

सबसे पहले तो आपको यह देख लेना चाहिए कि यह प्रत्येक ब्राउजर में कार्य नहीं करता है, बल्कि सिर्फ गूगल क्रोम ब्राउजर और नॉर्मल ब्राउजिंग मोड में ही यह काम करता है, अर्थात प्राइवेट या इन्कॉग्निटिव मोड में यह फीचर कार्य नहीं करता है। आजकल के समय में इंटरनेट की अवेलेबिलिटी हर जगह है और इसीलिए ऑफलाइन की कल्पना करना बड़ा मुश्किल है, लेकिन कई बार ऐसी जरूरत आपको पड़ जाती है कि आपके फोन में नेटवर्क नहीं हो और उसे वक्त आपको अपनी ईमेल इस्तेमाल करनी हो पुरानी मेल्स पढ़नी हो ! ऐसी अवस्था में आप निश्चित रूप से कठिनाई में पड़ जाते होंगे और जब बात कठिनाई की होती है तो आसानी से उसको हल करने का तरीका भी आपको जान लेना चाहिए। इंटरनेट पर ईमेल इस्तेमाल करने वाले अधिकांश लोग जीमेल की सर्विस इस्तेमाल करते हैं, और इस्तेमाल करें भी क्यों ना आखिर यह है ही इतनी आसान। इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि अगर आपके फोन में नेटवर्क नहीं है, इंटरनेट नहीं है तो भी आप जीमेल का इस्तेमाल कर सकते हैं आईए देखते हैं। सबसे पहले तो आपको यह देख लेना चाहिए कि यह प्रत्येक ब्राउजर में कार्य नहीं करता है, बल्कि सिर्फ गूगल क्रोम ब्राउजर और नॉर्मल ब्राउजिंग मोड में ही यह काम करता है, अर्थात प्राइवेट या इन्कॉग्निटिव मोड में यह फीचर कार्य नहीं करता है।



**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में राजद 'खेला करने' के खेल में खुद फंसी



**पटना**

नीतीश कुमार के महागठबंधन को छोड़कर एनडीए के साथ आकर सरकार बनाने के बाद राजद के नेता तेजस्वी यादव ने भले ही सत्ता पक्ष को कटघरे में खड़ा करने की नीयत से 'खेला होने' की बात कही थी, लेकिन विधानसभा में विश्वास मत के दौरान राजद इस चाल में खुद फंस गई। दरअसल, सत्ता पक्ष के एक विधायक को छोड़कर देर सबेर सभी विधायक सदन में पहुंच गए, लेकिन सदन में ही राजद के तीन विधायकों ने सत्ता पक्ष की ओर जाकर स्थान ग्रहण कर लिया। वैसे, सत्ता पक्ष के कई नेता विरोधी पार्टियों के कई विधायकों के संपर्क में होने का दावा करते रहे थे, लेकिन राजनीतिक हलकों में इसे सिर्फ राजनीतिक बयानबाजी माना जाता रहा था, लेकिन राजद के तीन विधायकों ने जब सत्ता पक्ष की ओर पहुंचकर विश्वास मत के पक्ष में मतदान किया तब राजद के लिए इसे स्वीकार करना आसान नहीं रहा। राजद के चुनाव चिन्ह लालटेन के सिंबल पर चुनकर विधानसभा पहुंचे तीनों विधायकों प्रह्लाद यादव, नीलम देवी एवं चेतन आनंद ने पलटी मार दी। सबसे गौर करने वाली बात तो यह है कि चेतन आनंद बजट सत्र शुरू होने के करीब आठ से दस घंटे पहले तक राजद के विधायकों के साथ तेजस्वी यादव के आवास पर थे।

बताया जा रहा है कि तेजस्वी सहित राजद के अन्य नेताओं के खेला होने के बयान के बाद भाजपा ने सचेत होते हुए जबरदस्त फिल्डिंग सेट कर दी। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के दिल्ली से लेकर प्रदेश तक के नेता सजग हो गए। इसके बाद कमजोर कड़ी माने जाने वाले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता जीतन राम मांझी के लिए केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय को जिम्मेदारी सौंप दी गई तथा भाजपा के विधायकों को कार्यशाला के बहाने बोधगया पहुंचा दिया गया। सूत्र का दावा है कि उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा विरोधी पार्टी के नाराज विधायकों से संपर्क में आए। चेतन आनंद के पहले से ही मुख्यमंत्री के साथ नजदीकियां बन गई थी। राजद को अपने तीन विधायकों के पलटी मारने तक की उम्मीद नहीं थी, शह-मात के इस खेल में सत्ता पक्ष की इस चाल ने राजद के सभी चालों को धाराशायी कर दिया और स्थिति यहां तक पहुंच गई कि राजद को मतदान के समय वॉक आउट करना पड़ा। माना जा रहा है कि सरकार इन विधायकों की सदस्यता बचाने को लेकर भी हर संभव कोशिश करेगी। जदयू के प्रवक्ता राजीव रंजन कहते भी हैं कि राजद और कांग्रेस के कई विधायक अपनी ही पार्टी नेतृत्व से नाराज हैं। वे अन्य दलों के नेताओं के संपर्क में हैं। ऐसे में जो 'खेला करने' चले थे, उन्हीं के साथ 'खेला' हो गया।

# वित्त मंत्री ने पेश किया 2.78 लाख करोड़ का बजट, शिक्षा पर विशेष जोर

**एजेंसी। पटना**



बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक बजट पेश किया। बजट अनुमान में 2 लाख 78 हजार 725 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि रखी गई है। इसमें शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री ने बजट भाषण में बिहार के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारी सरकार विकास को लेकर काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। बिहार की अर्थव्यवस्था दूसरे राज्यों से बेहतर है। बिहार का विकास दर 10.4 है, जो अन्य राज्यों से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में कुल व्यय बजट अनुमान 2,78,725.72 करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2,61,885.40 करोड़ रुपये से 16,840.32 करोड़ रुपये अधिक है। इसमें शिक्षा विभाग के लिए 52,639.03 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है, जो पूरे बजट का करीब 19 प्रतिशत है।

इसी तरह स्वास्थ्य विभाग के लिए 14,932.09 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। बजट में सड़क प्रक्षेत्र को भी प्राथमिकता दी गई है। पथ निर्माण एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क प्रक्षेत्र में व्यय किए जाते हैं। इन विभागों में इस प्रक्षेत्र में वर्ष 2024-25 में 15,235.12 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है, जिसमें सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत मद में 3,000 करोड़ रुपये अनुमानित हैं।

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण एवं पिछड़ा तथा अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण एवं समाज कल्याण से संबंधित विभागों द्वारा 12,377.26 करोड़ रुपये व्यय किया जाना प्रस्तावित है।

## पं. बंगाल के राज्यपाल बोस पहुंचे दिल्ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस दिल्ली पहुंच गए हैं। वह आज राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। राज्यपाल बोस उन्हें पश्चिम बंगाल और संदेशखाली के मौजूदा हालात से अवगत कराएंगे। राज्यपाल डॉ बोस ने दिल्ली रवाना होने से पहले संदेशखाली में जारी हिंसा और तनाव के माहौल का जायजा लिया। संदेशखाली में महिलाओं ने लंबे समय से यौन उत्पीड़न, मारपीट और गुंडागर्दी की शिकायत की थी। राज्यपाल ने कहा कि यह जानकर उनकी अंतरात्मा कांप गई। अधिकारी के अनुसार, वह अचानक देर रात दिल्ली रवाना हुए। एक अन्य अधिकारी ने कहा, संदेशखाली में सीएपीएफ कर्मियों की तैनाती की मांग की गई है।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बरसाई लाठियां, कई जखमी

**संदेशखाली मामला** | **अमित मालवीय ने ममता पर साधा निशाना**

**एजेंसी। नई दिल्ली**


पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली हिंसा और महिला के साथ हुए यौन उत्पीड़न को लेकर बवाल मचा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले को लेकर बंगाल की ममता सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर अपना रोष प्रकट किया लेकिन, पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़ दिए। जिसमें कई महिला और पुरुष कार्यकर्ता जख्मी भी हुए हैं। ये आरोप भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी शेयर करते हुए बंगाल की ममता सरकार पर हमला बोला। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि बंगाल पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसा रही है। अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा पश्चिम बंगाल में खून बह रहा है। शाहजहां शेख और उसके सहयोगी संदेशखाली की युवा विवाहित महिलाओं को कैद में रखते हैं और उनके साथ दुष्कर्म करते हैं लेकिन पश्चिम बंगाल की तानाशाह ममता बनर्जी की पुलिस ने बशीरहाट एसपी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठियां बरसाई और पथराव किये।

साथ ही उन पर आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए, जिसमें भाजपा की महिला और पुरुष कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया, बंगाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया।

भाजपा नेता अमित मालवीय ने लिखा इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं को सड़क मार्ग से संदेशखाली की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी और उन्हें वहां के लिए ट्रेन लेनी पड़ी। आरोपी शाहजहां शेख को बचाने के लिए ममता बनर्जी इतनी बेचैन क्यों हैं? वह पश्चिम बंगाल में हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार को क्यों बढ़ावा दे रही हैं?

ज्ञात हो कि टीएमसी नेता शेख शाहजहां के घर ईडी की टीम छापा मारने पहुंची थी तो उस वक्त उनके समर्थकों ने ईडी टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें कई अधिकारियों को चोटें भी आई थी।

## हाईकोर्ट ने धारा 144 लागू करने का आदेश रद्द किया



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल-न्यायाधीश पीठ ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में धारा 144 लगाने के आदेश को रद्द कर दिया। धारा 144 लगाने की अधिसूचना को रद्द करने का तर्क देते हुए न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने कहा कि ऐसे निषेधात्मक आदेश केवल अशांत क्षेत्रों के रूप में पहचाने गए स्थानों पर जारी किए जाने चाहिए। चूंकि इस मामले में पूरे इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है, इसलिए जस्टिस जय सेनगुप्ता ने निषेधाज्ञा संबंधी अधिसूचना को रद्द करने का फैसला किया। सोमवार को जब पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा की टीम संदेशखाली के लिए रवाना हुई, तो उन्हें एक विशाल पुलिस दल द्वारा ग्रेटर कोलकाता में रोक दिया गया। आदेश पारित करते समय न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने यह भी कहा कि संदेशखाली में जो कुछ भी हो रहा है, उसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी देखा कि जब शेख शाहजहां और उसके सहयोगियों की हरकतों के कारण स्थानीय महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही थीं, तो वहां की पुलिस ने कोई मामला या जांच शुरू नहीं की।

## गडकरी ने उत्तराखंड के कुमाऊं को दी 2200 करोड़ की सौगात



**टनकपुर (चंपावत)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के चंपावत जिले के सीमांत क्षेत्र टनकपुर नगर पहुंचे। उन्होंने गांधी मैदान में आयोजित जनसभा में सीमांत क्षेत्र के लिए कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं सांसद अजय भट्ट एवं अजय टम्टा भी उपस्थित रहे। केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने डिजिटल माध्यम से कुमाऊं मंडल में 2200 करोड़ से अधिक की लागत की सात योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने जन समूह से देवभूमि उत्तराखंड में मार्गों के विकास हेतु निकट भविष्य में 2 लाख करोड़ से ज्यादा की योजनाओं के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसी ही परियोजनाओं के फलस्वरूप ही उत्तराखंड वासी जल्द ही 2 घंटे में देहरादून से दिल्ली का सफर पूरा कर सकेंगे।

## गडकरी ने मिजोरम में फोर लेन सड़क निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मिजोरम के आइजोल और कोलासिब जिलों में सिलचर-वालरेंगटे-सैरांग रोड के किनारे स्थित एनएच-6 पर 4-लेन एन कावनपुई (एन.मुआल्वम)-सैरांग खंड के निर्माण के लिए 1742.11 करोड़ रुपये मंजूर किए। गडकरी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 24.41 किलोमीटर की इस परियोजना को राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल)-उत्तर पूर्व (एनएच (ओ)-एनई) के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड के तहत क्रियान्वित किया जाएगा।

## पंजाब के दो प्रवासी श्रमिकों की हत्या का जिम्मेदार आतंकवादी श्रीनगर में गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर में पिछले सप्ताह पंजाब के दो प्रवासी श्रमिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार एक आतंकवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हमले में एक श्रमिक की मौत मौके पर हो गई थी, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान श्रीनगर के अस्पताल में दम तोड़ दिया था। एडीजीपी विजय कुमार और आईजीपी वीके बिदरी ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि 6 दिनों के भीतर इस हमले के लिए जिम्मेदार एक आतंकवादी को श्रीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि 7 फरवरी को लगभग 7 बजे अज्ञात आतंकवादियों ने शाला कदल, शहीद गंज श्रीनगर में अमृतसर के दो प्रवासी श्रमिकों पर गोलियां चला दीं। इस घटना में चमायारी निवासी अमृतपाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी रोहित मासी को पहले एसएमएचएस अस्पताल और फिर एसकेआईएमएस सौरा श्रीनगर ले जाया गया। रोहित मासी ने अस्पताल में इलाज के दौरान 8 फरवरी को दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि मामला इस संदर्भ में श्रीनगर के पुलिस स्टेशन शहीद गंज में मामला दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले की पहचान हो गई। श्रीनगर पुलिस ने कुछ संदिग्धों पर ध्यान केंद्रित किया और बाद में पुख्ता सबूतों के आधार पर मुख्य आरोपित जाल्डागर श्रीनगर निवासी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि उसने पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं के साथ मिलकर इस हमले की साजिश रची थी।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज शाम पहुंचेंगी जयपुर कल जाएंगी मेहंदीपुर बालाजी

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर आज (मंगलवार) शाम जयपुर पहुंच रही हैं। वो रात्रि विश्राम राजभवन में कर 14 फरवरी को मेहंदीपुर बालाजी व बेणेश्वर धाम के दर्शन करने जाएंगी। साथ ही, लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करेंगी। राजधानी जयपुर में मंगलवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन और बुधवार को राजभवन से एयरपोर्ट तक जाने के दौरान यातायात में बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति आज शाम करीब 5.30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी और राजभवन जाएंगी। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे राजभवन से जयपुर एयरपोर्ट के लिए निकलेंगी। इस दौरान 8:30 बजे से 9:30 बजे तक इस मार्ग पर आवाजाही बंद रहेगी। राष्ट्रपति राजस्थान में मेहंदीपुर बालाजी व बेणेश्वर धाम दर्शन करने आ रही हैं। अभी तक के कार्यक्रम के अनुसार बेणेश्वर धाम में दर्शन करने के बाद बुधवार को उदयपुर एयरपोर्ट से दिल्ली जाएंगी। राष्ट्रपति भवन ने बयान में कहा है कि राष्ट्रपति 14 फरवरी को राजस्थान के बेणेश्वर धाम में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आदिवासी महिलाओं की सभा को संबोधित करेंगी।

## वायु सेना का हॉक ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त, दोनों पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना का एक हॉक ट्रेनर विमान मंगलवार को प्रशिक्षण उड़ान के दौरान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल गए। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। इस दुर्घटना में किसी की जान या नागरिक संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ है। भारतीय वायु सेना ने एक बयान में बताया कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। दोनों पायलट समय पर विमान से कूद गए और सुरक्षित हैं। हॉक ट्रेनर विमान एक जेट-संचालित उन्नत ट्रेनर है, जिसका उपयोग भारतीय वायुसेना सहित दुनिया भर की वायु सेनाएं करती हैं। हॉक को उच्च प्रदर्शन वाले लड़ाकू विमानों के पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें एक टेंडेम-सीट कॉकपिट व्यवस्था है, जिससे एक प्रशिक्षक पायलट अपने प्रशिक्षु के साथ उड़ान भर सकता है।

# ओडिशा में एसटीएफ ने शिकारी के चंगुल से पैंगोलिन को छुड़ाया, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओडिशा अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने सोमवार शाम को बरगढ़ जिले के अंबाभोना में छापेमारी के बाद एक शिकारी के चंगुल से एक जिंदा पैंगोलिन को छुड़ाया।



पुलिस ने शिकारी की पहचान डूंगुरी गांव निवासी जगदीश मिंज (41) के रूप में की है। एसटीएफ के अधिकारियों ने सोमवार शाम को एक गुप्त सूचना के आधार पर अंबाभोना में बुधिपल्ली चक के पास बरगढ़ वन डिवीजन के वन अधिकारियों की मदद से छापेमारी की। इस दौरान टीम ने जगदीश को गिरफ्तार कर लिया, जो पैंगोलिन का सौदा करने के लिए एक ग्राहक का इंतजार कर रहा था।

एसटीएफ की टीम ने आरोपी के कब्जे से अन्य आपत्तिजनक सामग्री के साथ एक जीवित पैंगोलिन बरामद किया। आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका कि किस अधिकार से उसके पास पैंगोलिन था। इसके तुरंत बाद उसे पकड़ लिया गया।

पैंगोलिन को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए बरगढ़ जिले के भटाली के वन रेंज अधिकारी को सौंप दिया गया है।

# प्रधानमंत्री करेंगे वाराणसी में अमूल प्लांट का उद्घाटन, 26 महीने पहले किया था शिलान्यास

**एजेंसी। वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के प्रस्तावित दौरे में 622 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित करखियांव स्थित बनास काशी संकुल डेयरी (अमूल प्लांट) का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वाराणसी सहित पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के लगभग एक लाख गोपालक किसान मौजूद रहेंगे। इस प्लांट की आधारशिला प्रधानमंत्री ने आज से 26 महीने पहले यानी 13 दिसंबर 2021 को रखी थी। प्रधानमंत्री एक जनसभा के दौरान पूर्वांचल के विकास के जुड़े अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम की थीम पूर्वांचल के विकास में सहकार का प्रयास है। प्रधानमंत्री के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए अमूल बनास डेयरी प्लांट ने भी पूरी तैयारी की है। आगामी 22 से 24 फरवरी के बीच प्रधानमंत्री का वाराणसी दौरा प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश में बनास डेरी का दूध कारोबार 47 जिलों के 4,600 गांवों में फैला हुआ है। यह दूध संग्रहण अगले साल तक 70 जिलों के 7,000 गांवों तक विस्तारित हो जाएगा।



# ईडी के समन पर फिर नहीं पहुंचे फारूक अब्दुल्ला

**एजेंसी। श्रीनगर**



लोकसभा सदस्य और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला मंगलवार को फिर से सम्मन के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि चूंकि अब्दुल्ला फिलहाल जम्मू में हैं, इसलिए वह ईडी दफ्तर नहीं जाएंगे। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि जब वह शहर में होंगे तो वह श्रीनगर में ईडी कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। एजेंसी ने उन्हें मंगलवार को श्रीनगर कार्यालय में पेश होने के लिए समन भेजा था। उन्हें जेके क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) घोटाले में कथित तौर पर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में तलब किया गया था, जिसकी जांच एजेंसी द्वारा की जा रही है। ईडी ने 11 जनवरी को डॉ. अब्दुल्ला को तलब किया था, लेकिन 80 वर्षीय राजनेता उस समन में भी शामिल नहीं हुए थे।

# अनुराग ठाकुर ने किसानों से बातचीत जारी रखने की अपील की

**कांग्रेस पर लगाया देश को गुमराह करने का आरोप**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

किसान आंदोलन को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, सरकार ने हमेशा किसानों के हित में ही अच्छे निर्णय लिए हैं और आगे भी लेगी। ठाकुर ने किसान संगठनों से बातचीत जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के देश में बातचीत से बहुत रास्ते निकल सकते हैं। उन्होंने पूर्व नौसैनिकों की रिहाई का उदाहरण देते हुए किसान संगठनों से कहा कि आप हाल के कतर का उदाहरण ले सकते हैं, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व कर, बातचीत के जरिए हमारे आठ पूर्व नौसैनिकों की सकुशल देश वापसी कराई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने प्रदर्शनकारियों से हर स्तर पर चर्चा की है, बातचीत के दरवाजे सदा खुले हुए हैं। प्रदर्शन की आड़ में कुछ लोग राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं। किसानों को लेकर सरकार की गंभीरता इससे नजर आती है कि सरकार के मंत्रियों ने दो बार चंडीगढ़ जाकर उनसे बात की और सोमवार रात को भी मंत्री वहां देर रात तक बैठे रहे, लगातार चर्चा करते रहे। मंत्री अंतिम समय तक उनको (किसान संगठनों) कहते रहे कि आप बैठिए और चर्चा कीजिए, मंत्री बातचीत से उठ कर नहीं गए।

उन्होंने कहा कि सरकार स्पष्ट तौर से चर्चा की पक्षधर है इसीलिए बातचीत से उठकर हम नहीं गए, लेकिन प्रदर्शनकारी पहले चले गए।

केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कांग्रेस पर किसानों के मुद्दे पर देश को गुमराह करने का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकना चाहते हैं। कांग्रेस के बयान पर उन्हें हंसी आती है। 2013-14 में जब उनकी सरकार थी, तब यूपीए काल का सबसे ज्यादा कृषि बजट 27 हजार 662 करोड़ रुपए था। अभी मोदी सरकार का कृषि बजट 1 लाख 25 हजार करोड़ से ज्यादा है यानी यूपीए काल से 5 गुना ज्यादा कृषि बजट है। उनके समय किसान सम्मान निधि नहीं थी।

# भारत अब खुद विकसित करेगा जासूसी विमान

- स्वदेशी रूप से संचालित परियोजना में विमान के अधिकांश उपकरण भारत में ही बनेंगे
- दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर होगी, लंबी दूरी के निगरानी अभियान में मिलेगी मदद

**जल्द मिलेगी सरकार की मंजूरी**



**नई दिल्ली।**

दुश्मन के संचार तंत्र पर कड़ी नजर रखने और लंबी दूरी के निगरानी अभियानों को अंजाम देने के लिए भारत अब खुद तीन नए जासूसी विमान विकसित करेगा। इन जासूसी विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है। यह परियोजना स्वदेशी रूप से संचालित की जाएगी और इसके अधिकांश उपकरण भारत में ही बनाए जाएंगे।

इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस तरह के विमान की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही थी लेकिन अब इस परियोजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) भारतीय वायु सेना के सहयोग से एयरबस-319 श्रेणी के विमान का उपयोग करके इस परियोजना का नेतृत्व कर रही है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद प्लेटफॉर्म के अधिग्रहण के लिए संबंधित एजेंसियां विमान निमार्ताओं को निविदा जारी करेंगी। इन जासूसी विमानों के लिए प्रस्ताव पूरी तरह तैयार है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारत तीन नए जासूसी विमानों को विकसित करने के साथ अपनी रक्षा क्षमताएं बढ़ाने के कगार पर है। इन उन्नत विमानों को सिग्नल इंटेलिजेंस और संचार जैमिंग सिस्टम विमान के रूप में भी जाना जाता है।

ऐसे जासूसी विमानों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। सेंटर फॉर एयरबोर्न स्टडीज इस पहल की देखरेख कर रहा है और एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम सहित विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

दरअसल, भारत ने 3 जासूसी विमान विकसित करने की इस परियोजना पर वैश्विक निमार्ताओं के साथ डेढ़ दशक पहले काम शुरू किया था। भारत ने 2009 में विमान परियोजना के लिए एम्ब्रेयर और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज को शॉर्टलिस्ट किया था लेकिन ऑफसेट नीति का खुलासा न किये जाने से यह परियोजना रद्द कर दी गई। इसके तीन साल बाद वायु सेना ने इन विमानों के विकास और खरीद के लिए नया अनुरोध जारी किया। इस बार के रक्षा बजट में वृद्धि की घोषणा के लगभग एक सप्ताह बाद अब इन जासूसी विमानों का प्रस्ताव पूरी तरह तैयार कर लिया गया है और जल्द ही सरकार से मंजूरी मिलने की संभावना है।

केंद्र ने 2024-25 के रक्षा बजट के लिए 6.21 लाख करोड़ रुपये अलग रखे हैं, जो पिछले साल के 5.25 लाख करोड़ रुपये के आवंटन से 4.72 प्रतिशत अधिक है। डीआरडीओ को बजटीय आवंटन 23,855 करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं।

## सीबीआई ने रिश्वत मामले में नगालैंड और दिल्ली में 11 जगहों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर रिश्वत के 71.5 लाख रुपये नकद बरामद करने के मामले में मंगलवार को आरोपितों के दिल्ली और नगालैंड में 11 स्थानों पर तलाशी ली है। आरोपितों से दिल्ली दौरे के दौरान तलाशी में आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद हुए हैं। आरोपितों में नगालैंड सरकार के कृषि विभाग में जितेंद्र गुप्ता, अतिरिक्त सचिव व 2013 बैच के आईएएस जितेंद्र गुप्ता, उप वन संरक्षक राम-पौकाई और पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा सहायक सर्जन ऑटो विहोई का नाम शामिल है। सीबीआई ने सभी आरोपितों के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर लिया था। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक आरोपित नगालैंड में प्रोजेक्ट फोकस (फोस्टरिंग क्लाइमेट रेजिलेंट अपलैंड फार्मिंग सिस्टम) के तहत काम कर रहे थे।

## भारत के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर दत्ता गायकवाड़ का 95 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान दत्ताजीराव कृष्णराव गायकवाड, जो देश के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले टेस्ट क्रिकेटर थे, का मंगलवार को बड़ौदा में अपने आवास पर निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। गायकवाड का टेस्ट करियर 1952 से 1961 तक चला, लेकिन इस दौरान उन्होंने केवल 11 टेस्ट खेले, जिसमें 350 रन बनाए। उन्होंने 1959 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम की कप्तानी की, लेकिन टीम सभी पांच टेस्ट हार गई। उनका सर्वोच्च स्कोर 1959 में नई दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 52 रन था। रणजी ट्रॉफी में गायकवाड बड़ौदा के लिए ताकत का स्तंभ थे, जिसके लिए उन्होंने 1947 से 1961 तक खेला। उन्होंने 14 शतकों सहित 3139 रन बनाए। उनका उच्चतम स्कोर 1959-60 में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 249 रन था। गायकवाड ने दो दोहरे शतक भी लगाए और 1949-50 में गुजरात के खिलाफ 128 और नाबाद 101 रन बनाए। वह भारत के पूर्व क्रिकेटर अंशुमन गायकवाड के पिता हैं, जिन्होंने दो कार्यकालों में राष्ट्रीय टीम को कोचिंग भी दी थी। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने पूर्व क्रिकेटर के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की।

# मुझे पूरा यकीन है कि कमिंस आईपीएल 2024 में हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे : गावस्कर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का नेतृत्व करने के लिए पैट कमिंस का समर्थन किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल दिसंबर में नीलामी में पैट कमिंस को 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। ट्रैविस हेड (6.80 करोड़ रुपये) नीलामी में उनकी दूसरी महंगी खरीद थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए, कमिंस के नेतृत्व गुणों और हरफनमौला कौशल को टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इस कदम को हैदराबाद के लिए गेम-चेंजर बताया। गावस्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि पैट कमिंस एक स्मार्ट खरीदारी थी, शायद थोड़ी अधिक महंगी। स्मार्ट खरीदारी क्योंकि वह उनकी टीम में नेतृत्व का पहलू लाएंगे, जिसकी पिछली बार टीम में कमी थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछली बार गेंदबाजी में कुछ बदलाव जो हमने महत्वपूर्ण मैचों में देखे थे, जिससे टीम को मैच गंवाना पड़ा। इसलिए अब पैट कमिंस के आने से मुझे पूरा यकीन है कि वह टीम के कप्तान होंगे और इससे बहुत फर्क पड़ेगा।"

## भारत के दानिश मंजूर विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप एशिया क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ताइक्वांडो एथलीट दानिश मंजूर प्रतिष्ठित विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप एशिया रीजन और फज्र कप 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, जो सोमवार को ईरान के तेहरान में शुरू हुआ और 21 फरवरी को समाप्त होगा। दक्षिण कोरिया में ऐतिहासिक विश्व ताइक्वांडो ऑक्टागन डायमंड जी4 ओलंपिक रैंकिंग कार्यक्रम में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद, जहां दानिश शीर्ष 8 में रहे, वह आगामी कार्यक्रमों के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के रहने वाले दानिश 2013 से इस खेल में शामिल हैं। उनके समर्पण और कड़ी मेहनत ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिलाया है।

## वीजा संबंधी समस्या के चलते

# राजकोट एयरपोर्ट पर रोके गए रेहान अहमद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाड़ी को एक बार फिर वीजा के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बार लेग स्पिनर रेहान अहमद से जुड़ा मामला सामने आया है। सही पेपरवर्क नहीं होने के चलते उन्हें टीम के साथ एयरपोर्ट से बाहर नहीं जाने दिया गया। वह अपनी टीम के साथ अबू धाबी से लौट रहे थे। दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच लंबे ब्रेक के कारण इंग्लैंड की टीम अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए अबू धाबी गई। स्पोर्टस्टार ने बताया, सोमवार को रेहान को भारत आने से रोका गया। इंग्लैंड टीम मिड-सीरीज ब्रेक के चलते अबू धाबी गई थी। वहां से लौटने के दौरान रेहान को रोक लिया गया क्योंकि उनके पास सिंगल-एंट्री वीजा ही था। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय अधिकारियों की मदद से अहमद को जल्द से जल्द दो दिन का वीजा दिया गया और बाकी कागजी कार्रवाई मैच शुरू होने से पहले समय पर पूरी कर ली जाएगी। रेहान ने अब तक श्रृंखला के पहले दो टेस्ट मैचों में 36.37 की औसत से आठ विकेट लिए हैं और 70 रन बनाए हैं, जिसमें दूसरे टेस्ट में नंबर 3 पर 23 रनों की पारी भी शामिल है। यह मुद्दा ऐसे समय में उठा है जब कुछ सप्ताह पहले ही वीजा जारी होने में देरी के कारण शोएब बशीर का भारत दौरे को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था, जिसके कारण वह हैदराबाद में पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ने हैदराबाद में शुरूआती टेस्ट 28 रन से जीता, जबकि भारत ने विशाखापत्तनम में 106 रन की जीत के साथ वापसी की। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट गुरुवार से राजकोट में शुरू होगा।

### ध्रुव जुरेल, सरफराज खान ने की कड़ी ट्रेनिंग, तीसरे टेस्ट में डेब्यू की संभावना



**राजकोट।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान के राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने की संभावना है। तीसरे टेस्ट से पहले पहले अभ्यास सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग अभ्यास करते देखा गया। खराब फॉर्म से गुजर रहे केएस. भरत की जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। केएस भरत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट खेले और कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने चयनकताओं को उनका विकल्प तलाशने की सलाह दी। पहले दो मैचों में केएस भरत ने 102 रन बनाए थे, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 41 रन था। पहले टेस्ट में केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद भारतीय टीम में शामिल किए गए सरफराज खान खेल के लंबे प्रारूप में डेब्यू करते नजर आ सकते हैं। सरफराज ने पहले अभ्यास सत्र में ज्यादातर समय नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए बिताया।

## न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स श्रीलंका में लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे सीजन में शामिल होंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट में अपनी जीत के बाद, न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स अब लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के दूसरे सीजन के लिए तैयार हो रहे हैं। कीरोन पोलार्ड, बाबर आजम, इमाम उल हक, नसीम शाह, मथीशा पथिराना, रहमानुल्लाह गुरबाज, आसिफ अली, मोहम्मद आमिर जैसे क्रिकेट के दिग्गजों के नेतृत्व में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स स्क्वाड न केवल एक ताकत है, बल्कि निरंतर सुधार और सफलता के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे ही वे लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 के लिए तैयार हो रहे हैं, वे अतिरिक्त स्टार खिलाड़ियों के साथ अपनी टीम को और मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे उनके पहले से ही मजबूत शस्त्रागार में और भी अधिक मारक क्षमता जुड़ जाएगी।न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के मालिक सागर खन्ना ने आगामी टूर्नामेंट में टीम की भागीदारी के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने टिप्पणी की, 'पिछले कुछ वर्षों में, हमने न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स स्क्वाड में प्रतिभा और गहराई दोनों में उल्लेखनीय विस्तार देखा है।' इसके अलावा, लंका प्रीमियर लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मंच पर एक प्रमुख ताकत के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को मजबूत किया।

# महिला वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना चौथे नंबर पर पहुंचीं



**दुबई (एजेंसी)।** स्मृति मंधाना ने दो पायदान की छलांग लगाते हुए नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में महिला वनडे बल्लेबाजों की सूची में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। इंग्लैंड की नट शिवर ब्रंट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। मंधाना की उन्नति को बल्ले से उनके लगातार प्रदर्शन से मदद मिली, खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में, जहां उन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में 34 और 29 के स्कोर के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल उनकी टीम को जीत दिलाई बल्कि उन्हें रैंकिंग सीढ़ी पर भी ऊपर पहुंचाया। एश्ले गार्डनर तीन स्थान गिरकर 22वें नंबर पर आ गईं, जबकि फोएबे लीचफील्ड भी दो स्थान नीचे खिसक गईं। ताहलिया मैकग्रा बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के फायदे से 30वें नंबर पर पहुंच गईं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट को गिरावट का सामना करना पड़ा और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गईं। दुर्जेय एलिसा हीली एंड कंपनी के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरूआत करते हुए, वोल्वार्ट ने संघर्ष किया और 2.33 की औसत से केवल सात रन ही बना सकीं। उनके निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें अपनी पिछली रैंकिंग त्यागनी पड़ी, जिससे मंधाना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया। लेकिन यह सिर्फ बल्लेबाज नहीं थे जिनकी रैंकिंग में बदलाव देखा गया; हरफनमौला खिलाड़ियों और गेंदबाजों की भी हलचल देखने को मिली। दक्षिण अफ्रीका के एलिज-मैरी मार्क्स की उल्लेखनीय वृद्धि, ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 34 स्थान की बढ़त के साथ 75वें स्थान पर पहुंच गई, जिससे खेल में उभरती प्रतिभा की गहराई का पता चला। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ का 36वें नंबर पर पहुंचना और अलाना किंग का 19वें नंबर पर पहुंचना महिला क्रिकेट के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को रेखांकित करता है। गेंदबाजी विभाग में, मैरिजेन कैप का नंबर 2 पर पहुंचना, केवल इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से पीछे, मैदान पर उनके प्रभुत्व को उजागर करता है।

# नेपाल में त्रिकोणीय श्रृंखला के साथ शुरू होगी आईसीसी पुरुष सीडब्ल्यूसी लीग 2




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 गुरुवार को कीर्तिपुर में शुरू हो रही है जिसमें नामीबिया, नीदरलैंड और मेजबान नेपाल 24 मैचों की त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में भाग लेंगे, जो उन्हें वनडे विश्व कप 2027 के क्वालीफाइंग राउंड तक ले जाएगा। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2019 से 2023 तक उद्घाटन संस्करण के समान प्रारूप के माध्यम से प्रतियोगिता छह-छह मैचों की 24 मैचों की त्रिकोणीय श्रृंखला के माध्यम से सात-टीम प्रारूप से आठ-टीम प्रतियोगिता में बदल जाती है। कनाडा, ओमान, स्कॉटलैंड, यूएई और अमेरिका आठ टीमों की लीग में अन्य टीमें हैं जिनमें विश्व कप क्वालीफायर से पहले 144 मैच शामिल होंगे। पिछले विश्व कप क्वालीफिकेशन चक्र के आधार पर टीमों को विश्व कप लीग 2 और क्वालीफायर प्ले-ऑफ में रखा गया था। लीग 2 की शीर्ष चार टीमें विश्व कप क्वालीफायर में जगह बनाएंगी। क्वालीफायर में उनके साथ क्वालीफायर प्ले-ऑफ के माध्यम से आने वाली चार टीमों के साथ-साथ वे टीमें भी शामिल होंगी जो आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर स्वचालित रूप से क्वालीफाई नहीं करती हैं।

## बधिरों के लिए तीसरी टेस्ट राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की बधिरों के लिए तीसरी टेस्ट राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप 2024 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष कुमार राय, जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण-पूर्व, दिल्ली द्वारा एक शानदार समारोह में किया गया। उद्घाटन समारोह में क्रिकेट और कॉर्पोरेट जगत के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने इस आईडीसीए तीसरी टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप फॉर डेफ 2024 का समर्थन किया। देव दत्त, बीसीसीआई प्रमाणित कोच भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में सभा को संबोधित करते हुए, पूर्व क्रिकेटर और मुख्य अतिथि, संतोष कुमार राय, जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण पूर्व, दिल्ली ने कहा, 'तीसरी आईडीसीए राष्ट्रीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह लीग एक मंच प्रदान करती है। विशेष रूप से विकलांग पुरुषों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए। उन्होंने इसके लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है, और मैं उनके साथ जुड़कर वास्तव में खुश हूं।" आईडीसीए की संरक्षक रीना जैन मल्होत्रा ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि का स्वागत करते हुए कहा, 'आईडीसीए में हमारे लिए चार अलग-अलग राज्यों को प्रतिष्ठित तीसरी आईडीसीए राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप खेलने के लिए एक साथ देखना एक विशेष क्षण है। हम श्रवण-बाधित क्रिकेट के हित में विश्वास के लिए अपने सभी सहयोगी साझेदारों के बहुत आभारी हैं। हम आने वाले वर्षों में इसे विकसित करने और इसे बड़ा और बेहतर बनाने की उम्मीद करते हैं।' विशेष रूप से विकलांग युवाओं के बीच उभरती खेल प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए समर्पित, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, जो साइरस पूनावाला समूह का एक हिस्सा है, ने प्रमुख भागीदार के रूप में आईडीसीए के साथ हाथ मिलाया है।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग : भारतीय महिला टीम चीन से 1-2 से हारी



**राउरकेला (एजेंसी)।** यहां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में सोमवार को भारतीय महिला हॉकी टीम शुरूआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण में निराशाजनक शुरूआत करते हुए चीन से 1-2 से हार गई। भारतीय महिला हॉकी टीम ने संगीता कुमारी की बदौलत बढ़त बना ली, लेकिन गु बिंगफेंग (14', 53') के दो गोल ने चीन को 2-1 से मैच जीतने में मदद की। फारवर्ड वंदना कटारिया के असाधारण क्रॉस और संगीता कुमारी (7') के समान रूप से उल्लेखनीय फिनिश की बदौलत भारत ने पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही बढ़त ले ली। दोनों टीमों ने अपनी लय बरकरार रखी और उन्हें कई पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत अपने तीन पेनल्टी कॉर्नर अवसरों में से किसी को भी परिवर्तित करने में सक्षम नहीं था, चीन ने अपने दूसरे का पूरा उपयोग किया, क्योंकि गु बिंगफेंग (14') ने पहले क्वार्टर में एक मिनट से थोड़ा अधिक समय शेष रहते हुए बराबरी कर ली। दूसरे क्वार्टर में चीन ने गेंद पर अधिक कब्जा कर लिया, लेकिन भारतीय रक्षा ने चीनियों को डॉट्स कनेक्ट करने और बढ़त लेने की अनुमति नहीं दी। दूसरे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट शेष रहने पर चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने अच्छा बचाव किया। भारतीय महिला हॉकी टीम तुरंत जवाबी हमले में जुट गई और उसे एक और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करने का मौका मिला। हालांकि, चीनी डिफेंस ने हार नहीं मानी और हाफ समाप्त होने तक दोनों टीमों के पास अभी भी एक-एक गोल था। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन सतर्क नेहा गोयल के रेफरल के कारण निर्णय पलट गया, क्योंकि गेंद चीनी खिलाड़ी हुआंग हैयान की पिंडली से टकरा गई थी। भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर अच्छा नियंत्रण बनाए रखा, जबकि चीनियों ने अपने ही हाफ में काफी अंदर तक खेलकर भारतीयों को उनकी रक्षा में सेंध लगाने से रोक दिया। तीसरे क्वार्टर में कोई भी टीम नेट पर गोल नहीं कर पाई और गतिरोध जारी रहा। दोनों टीमें कई मौकों पर बढ़त लेने के करीब पहुंची, लेकिन चीन ने पेनल्टी स्ट्रोक मिलने के बाद अपना दूसरा गोल दागा। जीयू बिंगफेंग (53') ने पेनल्टी स्ट्रोक लेने के लिए कदम बढ़ाया और कोई गलती नहीं की। 55वें मिनट में भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन चीनी डिफेंस ने दोनों बार गेंद को रोके रखा। चीन ने एक गोल की मामूली बढ़त बरकरार रखते हुए मैच 2-1 से जीत लिया।

## कैमरून बॉयस दो साल और एडिलेड स्ट्राइकर्स से जुड़े रहेंगे




**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर कैमरून बॉयस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) क्लब एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ दो साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए हैं, जो इस ऑफ-सीजन में स्ट्राइकर्स के लिए दोबारा अनुबंध करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। यह घोषणा बिग बीबीएल 13 में बॉयस के असाधारण प्रदर्शन के बाद की गई है, जहां उन्होंने स्ट्राइकर्स को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पिछले सीजन में उन्होंने 14 विकेट लिए थे। बॉयस 100 बिग बैश विकेट लेने वाले 10वें खिलाड़ी बने और ऐसा करने वाले केवल दूसरे स्पिन गेंदबाज बने। बॉयस ने कहा, 'डिजी (मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी) के नेतृत्व में आना और खेलना काफी आकर्षक था और मुझे फिर से समर्थन मिला, मैं एक खिलाड़ी और टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने का एहसास पाकर खुश हूं।'

## खबरें व्यापार जगत की

# टाटा मोटर्स ने इलेक्ट्रिक कारों की कीमत 1.2 लाख रुपए घटाई




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने मंगलवार को अपनी इलेक्ट्रिक कारों की कीमतों में 1.20 लाख रुपए तक की कटौती की। कंपनी ने इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी सेल की लागत में गिरावट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अब अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली नेक्सन ईवी को 20,000 रुपये कम कर 14.5 लाख रुपये में बेचेगी, जबकि इसकी छोटी इलेक्ट्रिक कार टियागो की कीमत 70,000 रुपये कम हो गई है। लॉन्ग रेंज नेक्सन ईवी की कीमत अब 16.99 लाख रुपए से शुरू होगी। टीपीजी समर्थित कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवत्स ने कहा, 'हाल ही में बैटरी सेल की कीमतों में नरमी आई है। निकट भविष्य में संभावित कमी पर विचार करते हुए हमने सक्रिय रूप से लाभ को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का विकल्प चुना है।'

## कर्नाटक में 5,500 करोड़ रुपये का इलेक्ट्रिक स्टील प्लांट स्थापित करने को जेएसडब्ल्यू का जापान की जेएफई स्टील के साथ समझौता



**मुंबई।** अरबपति सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने भारत में ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील के निर्माण के लिए एक संयंत्र स्थापित करने के लिए 5500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए जापान के जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन के साथ एक समझौता किया है। जेएसडब्ल्यू ने एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक में बनने वाली इस फैक्ट्री में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिक स्टील एक उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद है, जिसमें चुंबकीय गुण होते हैं, और इसका उपयोग बिजली के उपकरण बनाने के लिए किया जाता है। 'यह सहयोग एक मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारत में ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील उत्पादों का एंड-टू-एंड विनिर्माण करने वाली पहली कंपनी होगी। जेएसडब्ल्यू ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, जेवी कंपनी ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और देश की ऊर्जा बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान देने की इच्छा रखती है।

## भारत एशिया में बांग्लादेश का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है : भारतीय उच्चायुक्त

**ढाका।** बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि नई दिल्ली आज एशिया में ढाका का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है और उम्मीद है कि बेहतर कनेक्टिविटी लिंक और भारतीय रुपए में व्यापार जैसे नए उपायों से भारत में निर्यात में और वृद्धि होगी। वर्मा की यह टिप्पणी जहाजरानी मंत्री खालिद महमूद चौधरी द्वारा सोमवार को सुल्तानगंज बंदरगाह का उद्घाटन करने के बाद आई। इस पहल से बांग्लादेश के राजशाही और भारत के मुर्शिदाबाद के बीच नौसैनिक संपर्क स्थापित करने में मदद मिलेगी। वर्मा ने कहा, 'हमारे भूगोल, साझा इतिहास और संस्कृति के साथ हम वास्तव में अपने दोनों देशों को फिर से जोड़ रहे हैं।' यह उद्घाटन भारत में मैया बंदरगाह और बांग्लादेश में सुल्तानगंज, गोदागरी पोर्ट ऑफ कॉल के बीच इंडो बांग्लादेश प्रोटोकॉल (आईबीपी) रूट 5 और 6 के बीच मालवाहक जहाजों की पांच परीक्षण गतिविधियों में से पहला है। इस आईबीपी रूट के माध्यम से कार्गो आवाजाही की महत्वपूर्ण संभावना है, जिससे दोनों देशों में अंतर्देशीय जलमार्ग पारिस्थितिकी तंत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## निवेशकों को आकर्षित करेगा भारतीय शेयर बाजार, चीन से रहेंगे दूर

**नई दिल्ली।** अल्केमी कैपिटल मैनेजमेंट के हेड क्वांट और पोर्टफोलियो मैनेजर आलोक अग्रवाल का कहना है कि चीनी शेयर बाजार ने, विशेष रूप से तीन वर्षों में गंभीर रूप से खराब प्रदर्शन किया है। यह उस 'खोए हुए दशक' के समान है, जिसे उनके जापानी समकक्षों ने 1990 के दशक में अनुभव किया था, जिसमें हालिया उछाल के बाद स्थिरता आकर्षक थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के माध्यम से, चीन के रियल एस्टेट और बैंकिंग उद्योग पूरी अर्थव्यवस्था में जारी रह सकते हैं, जो कई उपभोक्ता क्षेत्रों में देखे गए मध्यम विस्तार को संतुलित करेगा। 2019 के बाद से शेयर बाजार पर सबसे कम दैनिक औसत कारोबार 2023 में 790 बिलियन युआन था, और प्रमुख उभरते बाजार (ईएम) फंड अभी भी चीनी शेयर बाजार से बच रहे हैं।

## नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने सी-डैक के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने एआई-बेस्ड जनरल पर्पस थर्मल कैमरे विकसित करने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) के साथ समझौता किया है। सी-डैक इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) संगठन है। नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने 'सामान्य प्रयोजन थर्मल कैमरा' (जनरल पर्पस थर्मल कैमरे) के डेवलपमेंट के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (टीओटी) पर आधारित एक विशेष साझेदारी की है। नॉर्डेन कम्युनिकेशन के भारत और सार्क के निदेशक प्रशांत ओबेरॉय ने कहा, 'यह सहयोग निगरानी प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने का एक अवसर है और 'मेक इन इंडिया' पहल के एक हिस्से के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण को दशार्ता है।' नॉर्डेन एक्स्ट्रा-लो वोल्टेज (ईएलवी) समाधानों के निर्माण और वितरण में माहिर है। कंपनी निगरानी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सी-डैक के विजन के साथ संरेखित है। टीओटी भागीदार के रूप में नॉर्डेन नेशनल हाईवे, रक्षा और तेल एवं गैस सेक्टर में सामान्य प्रयोजन थर्मल कैमरे के उत्पादन, विपणन, बिक्री और लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समझौते के तहत इस सेक्टर में करीब 30 फीसदी उत्पादन की उम्मीद है।

## वैलेंटाइन डे के लिए नेपाल भारत से 3 लाख से ज्यादा गुलाब आयात कर रहा



**काठमांडू।** वेलेंटाइन डे को लेकर गुलाब के फूल की मांग में तेजी देखने को मिली है। नेपाल भारत से करीब 3 लाख अधिक गुलाब के फूलों का आयात कर रहा है। नेपाल फ्लोरीकल्चर एसोसिएशन के अध्यक्ष बहादुर तमांग ने कहा, "गुलाब के फूलों की मांग 3,00,500 तक पहुंच चुकी है। मांग का 10 फीसद हिस्सा स्थानीय उत्पादकों द्वारा पूरा किया जाता है। अब शेष मांगों को पूरा करने के लिए हमें भारत पर निर्भर होना पड़ेगा, क्योंकि वेलेंटाइन डे को ध्यान में रखते हुए फूलों की डिमांग में एकाएक तेजी देखने को मिली है। उन्होंने कहा, "दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता से बड़े पैमाने पर गुलाब के फूलों की आपूर्ति की जाती है। केवल 23 हजार फूल ही स्थानीय बाजार से प्राप्त हो पाते हैं। एक गुलाब की कीमत 80 से 100 रुपए के बीच है। कुल मांग में से 60 प्रतिशत की खपत काठमांडू में होगी और बाकी काठमांडू के बाहर जाएगी। तमांग ने कहा, "हम घरेलू मांगों को पूरा करने के लिए गुलाब का उत्पादन करने में विफल रहे। उम्मीद है कि वेलेंटाइन डे के आसपास गुलाब का व्यापार 30.50 मिलियन रुपए से अधिक हो जाएगा।"

## एक नजर

### ट्रैकर ने बाइक को मारी टक्कर व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के गुरहा हुसैनी निवासी मंटू साव उम्र 40 वर्ष ट्रैक्टर के धक्के से बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बारे घायल मंटू साव के परिजनों ने बताया की मंटू साव सोमवार को बाइक पर सवार होकर अपनी भगिनी को परीक्षा दिलाने पाकी जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में ट्रैकर ने उन्हें धक्का मार दिया।जिसमे बाइक से गिर कर मंटू साव गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पांकी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां चित्सको ने मंटू साव की गंभीर स्थिति को देखते हुवे उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।इसके बाद परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी, पूजा अर्चना आज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में बारिश के बावजूद ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा की तैयारी युवाओं ने पूरी कर ली है। बुधवार को ज्ञान की देवी की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों में पूजा की तैयारी की गयी है। इसके अलावा दर्जनों जगहों पर कई संगठनों द्वारा पूजा के लिए भव्य पंडाल की तैयारी की जा रही है। इस बार शहर में केदारनाथ की लूक के पंडाल में माता सरस्वती की मूर्ति स्थापना आकर्षण का केंद्र होगा। यह भव्य पंडाल का निर्माण अखंड ज्योति नवयुवक संघ गांधी चौक जपला द्वारा की गयी है। पूजा को शांति पूर्ण संचालन के लिये संघ के संरक्षक मदन प्रसाद गुप्ता, पवन कुमार,अमित गुप्ता, प्रिज्म, अध्यक्ष रवि चंदेल,उपाध्यक्ष शनि चंदेल, गोपाल, राज, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूजा की जा रही है। इस अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

### टाइगर रिजर्व में एक स्नीफर डॉग रखने की कवायत शुरू

**मेदिनीनगर।** इस सिलसिले में उत्तरी और मंडल पलामू टाइगर रिजर्व के एक वंरक्षी और ट्रेकर को हरियाणा राज्य के मानेसर जिले में भेजा गया है। यह दोनों कर्मी हरियाणा के मानेसर में कुत्तों को हैंडल करने और रखरखाव की ट्रेनिंग ले रहे हैं। इनकी ट्रेनिंग पूरे 6 महीने की है।अब तक बर पीटीआर के इन दोनों कर्मियों की ट्रेनिंग 3 महीने की पूरी हो चुकी है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने इस बात की पुष्टि करते हुए प्रेस को बताया की एक वनरक्षक और एक ट्रैकर को 3 महीना पहले ही डॉग ट्रेनिंग और हैंडलिंग के लिए हरियाणा राज्य के मानेसर भेजा जा चुका है। उनकी यह ट्रेनिंग और 3 महीने हरियाणा के मानेसर में चलेगी। जब यह प्रशिक्षित होकर लौटेंगे तो फिर एक सूंघने वाला कुत्ता पलामू टाइगर रिजर्व हासिल करेगा। आज से करीब 12 से 14 साल पहले बेतला में दो सुंघने वाले कुत्ते हुआ करते थे।

# भाजपा विधायक शशिभूषण के बयान पर कांग्रेस के नेताओं ने जताया विरोध

**कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों ने मंगलवार को विरोध जताया और विधायक पर कार्रवाई की मांग की है।**



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बीते सोमवार को सड़क दुर्घटना के आरोपित को जिंदा जला देने या पीट-पीट कर हत्या कर देने की बात कही थी। उनके इस बयान पर कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला समेत अन्य लोगों ने मंगलवार को विरोध जताया और विधायक पर कार्रवाई की मांग की है। रुद्र शुक्ला ने कहा कि विधायक का मानसिक संतुलन खराब हो गया है। संविधान की कसम खाने वाले विधायक यदि कोर्ट और संविधान को भूल जाएं तो इससे बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण और क्या हो सकता है? आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने इस मामले में कहा कि मृतक के परिजनों के प्रति उनकी गहरी संवेदना है और हम सभी लोगों को कानून -संविधान और प्रशासन पर विश्वास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात पांकी विधायक का है तो उनका दिमाग खराब हो गया है। वे लोगों को भड़काना चाहते हैं और राजनीति रोटी सेंकना चाहते हैं। लाश पर राजनीति अच्छी बात नहीं है। सभी लोग धैर्य से काम लें। कानून काम करेगा। दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। हमलोग वरीय अधिकारी से मिलकर बात रखेंगे। इस बाबत जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि विवादित बयान देने से संबंधित मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। किसी ने इस संबंध में कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। इस संबंध में किसी तरह का आवेदन या फिर जानकारी दी जाती है तो कार्रवाई की जायेगी। उल्लेखनीय है कि जिले के पांकी थाना क्षेत्र के तेतराई नहर के पास सोमवार की दोपहर जाइलो कार चालक बलमुआ के मो. नौशाद ने बाइक सवार दो सगे भाइयों को रौंद दिया था। हादसे में भुइयां कुरहा के विनोद सिंह की मौके पर मौत हो गयी थी जबकि रामा सिंह को रांची रिम्स रेफर किया गया है। आक्रोशित ग्रामीणों ने पीड़ित परिजनों के साथ पांकी में कपूरी चौके के पास कई घंटे तक सड़क पर जाम लगा रखा था। इस दौरान पांकी विधायक शशिभूषण ने विवादित बयान दिया था। इससे पहले भी वे मुस्लिमों को लेकर विवादित बयान दे चुके हैं।

## आखिर कब होगी डीलरों पर कारवाई

**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखण्ड अन्तर्गत डेवडर के कार्ड कार्डधारी का आरोप है कि जनवितरण प्रणाली गंगा मिलन महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा जनवरी माह का खाद्यान्न उठाव कर और लोगों से अंगूठा लगवाकर वितरण नहीं किया गया है, फरवरी माह का राशन वितरण करने के एवज में पुनः दो माह का अंगूठा ईपॉश मशीन में लगवा रही है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व हीं कार्डधारियों ने इस डीलर पर राशन घोटाले का आरोप लगाया था, जिसका खबर अखबारों में प्रकाशित भी किया गया था। लेकीन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस संबंध में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार से बात करने पर उन्होंने बताया कि उक्त डीलर की शिकायत पहले भी आता रहा है इसकी निलंबन की प्रक्रिया जारी है, अब देखना यह होगा कि क्या संबंधित डीलर पर कोई कारवाई होती है या यूं ही संबंधित पदाधिकारियों द्वारा डीलरों को बचाने का प्रक्रिया जारी रहेगा।

## शांतिपूर्ण ढंग से मैट्रिक-इंटर की हो रही परीक्षा, सीसीटीवी से निगरानी



**अनुमंडल मुख्यालय में चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक-इंटर की परीक्षा संचालित**

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मैट्रिक-इंटर की परीक्षा हो रही है. अनुमंडल मुख्यालय के इंटरमीडिएट आर्ट्स संकाय में 877 छात्र राजकीय कृत उच्च विद्यालय रंका में परीक्षा दे रहे हैं जबकि साइंस के 38 तथा कॉमर्स के एक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए. वहीं माध्यमिक परीक्षा में 1071 छात्र-छात्राएं इस विद्यालय में परीक्षा दे रहे हैं. जबकि परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में मैट्रिक में 612 तथा इंटर में 467 और साइंस में 62 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं. वही राजकीय मध्य विद्यालय दौनादाग, रंका में 420 और संत जोसेफ उच्च विद्यालय बिश्रामपुर में 395 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं. इसकी जानकारी केंद्र अधीक्षक शाहनवाज अख्तर, उज्जवल कुमार चौबे, सिस्टर जोस्फीन और सुधीर कुमार रजक ने दी. उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सीसीटीवी की देखरेख में संचालित की जा रही है।

**परीक्षा को लेकर दंडाधिकारी तैनात :** राजकीय कृत उच्च विद्यालय रंका में 65 वीक्षक,संत जोसेफ उच्च विद्यालय विश्रामपुर में 20, राजकीय मध्य विद्यालय दौनादाग में 30 तथा परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में 50 वीक्षक परीक्षा का संचालन कर रहे हैं. वहीं दंडाधिकारी के रूप में नवीन कुमार चौबे, रेखा कुजूर, विनय करकेट्टा, निर्मला कुजूर सुनीता कुमारी का सहयोग मिल रहा है।

# पलामू में बे मौसम बूंदाबांदी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू साल 2024 के फरवरी के महिने चल रहे ठंडा ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है।मौसम का मिजाज बदला,गरज के साथ हो रही,वे मौसम बारिश होने से किसान चिंतित हैं।लेकिन भीषण सर्दी और शीतलहर से इस जिले के किसान काफी खुश नहीं दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि ठंड मौसम की वजह से इस हल्की बारिश सुबह से ही शुरू होने के वजह से परेशानियां बढ़ जाती है, तेलहन व दलहन फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।रबी फसलों की अच्छी पैदावार खराब हो जाता है।जिले में मौसम के उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। कभी आसमान में बादल तो कभी बारिश ने हर आम और खास को प्रभावित किया है।वहीं हल्की बूंदाबांदी होने से दलहनी फसलों व सब्जियों को नुकसान होता है।सबसे ज्यादा असर अरहर, मटर की फसल पर पड़ रहा है। अरहर और मटर की फल्लियां लगना प्रारंभ हो जाता है। ऐसे में आसमान में बदली छाने से उन पर कीड़े लगना प्रारंभ हो गए है। इसी तरह सब्जियों के उत्पादन में भी असर पड़ रहा है। बैगन, गोभी, भिंड़ी सहित अन्य सब्जियों में इल्लियां लगना प्रारंभ हो जाने से फसल खराब होने के सम्भावना होती है।साथ ही व्यापारियों का भी कहना है कि कड़ाके की ठंड के कारण रबी फसलों का उत्पादन में कमी हो रही है।इससे किसानों की इनकम में भी बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।अगर ठंड के साथ-साथ आने वाले हफ्ते में एक या दो बार बारिश होने से, रबी फसलों नुकसान हो जाता है।क्योंकि बे मौसम बारिश होने से फसल उत्पादन बढ़ाने में कमी हुए है।कड़ाके की ठंड के दौरान ओस अधिक पड़ती है, जिससे जमीन में नमी बढ़ जाती है।ऐसे में फसलों को अतिरिक्त पानी मिलने से नुकसान पहुंचा है।

## झमाझम बारिश और सर्द हवा से ठंड बढ़ी

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। झमाझम बारिश और सर्द हवा से ठंड बढ़ी। सुबह से आसमान में अचानक घने बादल छा गए। सूर्य की किरण दिखाई नहीं दिया।बारिश से एक तरफ जनजीवन प्रभावित हुआ है।बारिश की वजह से लोग अपने-अपने घरों से नही निकल रहे। लगातार हो रही बारिश से लोग घर में ही दुबके है। इन सब के बीच बारिश और सर्द हवा से सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित हुए। मौसम में अचानक आई तब्दीली के कारण एक बार फिर से लोगों को छाता, स्वेटर एवं गरम कपड़े निकालने पड़े। अचानक हुई बारिश के कारण लोग सर्दी के मौसम में बारिश से बचने के लिए छाता और रेन कोर्ट का सहारा लिया जा रहा है। तब भी लोग भींग कर ही घर पहुंच रहे है। बारिश की वजह से सड़कों पर विशेष चहल-पहल नहीं देखी जा रही है। सड़कों पर चहल-कदमी बहुत ही कम है।

## भाजपा का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम



नवीन मेल संवाददाता


**लातेहार।** भाजपा के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शहर के माको डाक बंगला में किया गया. इसकी इसकी अध्यक्षता भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष शीला देवी ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मौजूद थे. अपने संबोधन में उन्होने कहा कि नारी सृष्टि का आधार है और शक्ति का स्वरूप है. भाजपा इस कार्यक्रम के तहत समस्त नारी शक्ति का वंदन व अभिनंदन करता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनायें चलायी है. इन योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना है।

**मौके पर भाजपा के कई नेता रहे मौजूद :** कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे रामधनी सिंह, कल्याणी देवी, सीतामनी तिर्की, जिला महामंत्री बंशी यादव, मुकेश पांडेय, गोविंद प्रसाद, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, प्रियंका कुमारी, रमेश राम, स्टेला नगेसिया, प्रमुख प्रतिमा देवी, उप प्रमुख कामेश्वर राम, राजकुमार प्रसाद, आदि मौजूद थे. कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अर्पणा सिंह व धन्यवाद ज्ञापन युवा मोर्चा के प्रदेश का समिति सदस्य मुकेश पांडेय ने किया. मौके पर जिले के सभी 11 मंडलों के भाजपाइयों ने भाग लिया।

## पलामू अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा

**मेदिनीनगर।** पलामू अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने छात्रावास पोषण योजना 2024 को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है इस योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ी जाति और अल्प संख्यक छात्रावास के छात्र छात्राओं को सुबह का नाश्ता दिन और रात का भोजन दिया जायेगा यह योजना एनजीओ के द्वारा संचालित होगा प्रति छात्र पर 3000 रुपया खर्च होगा । छात्रावास पोषण योजना के तहत छात्रावास निर्माण संचालन संवर्धन मरमती का कार्य शुरू होगा। अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने छात्रावास पोषण योजना 2024 को झारखंड कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर प्रसन्नता वयक्त करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई दी है।

## शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर नहीं लग रहा प्रतिबंध



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंध के बावजूद बाजार में धड़ल्ले से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है।अब सरकार के आदेश का कोई व्यक्ति गंभीरता से पालन कर रहा है।अभी का हाल यह है की बाजार के दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक थोक में मात्रा में बिक रहा है। इसी प्लास्टिक को इन दिनों खुदरा फल-सब्जी, मिठाई, किराना वालों से लेकर हर कोई धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहा है।आज कोई भी दुकानदार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से अछूता नहीं है। मिठाई दुकान, किराना दुकान, सब्जी, फल दुकान समेत करीब करीब सभी जगहों पर पॉलिथीन का उपयोग धड़ेले से किया जा रहा है। प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने के शुरूआत में नगर निगम की छापेमारी व जुमार्ना से दुकानदारों में थोड़ा हड़कंप मचा था।लेकिन कुछ ही दिन में यह छापेमारी भी बंद हो गई और कारोबारी इसे प्रशासन का दिखावा समझ कर फिर से प्लास्टिक की बिक्री करना सुरु कर दिए। मालूम हो कि 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा है।सरकार ने देश में सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाया हुआ है। नियम-प्रावधान एवं सजा को लेकर अधिसूचना भी जारी की गई है। इसके बावजूद स्थिति यह है कि जगह-जगह इनकी धडल्ले से बिक्री व उपयोग हो रहा है।वही शादी समारोह में प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, कांटे, पॉलीथिन सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के तहत आने वाले सभी उत्पाद धडल्ले से काम में लिए जा रहे है।कुछ दिनों पहले ही नगर निगम के द्वारा बाजार क्षेत्र के दुकानदारों को सिंगल यूज पॉलीथिन उपयोग न करने की हिदायत दी गई थी।

# 19वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स के लिए 12 सदस्यीय टीम गुजरात रवाना



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गुजरात एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा 16 से 18 फरवरी तक गुजरात विश्वविद्यालय,नवरंग पुरा,अहमदाबाद में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू जिले से 12 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे एवं मैनेजर रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्पर्धा में भाग लेने के लिए अहमदाबाद रवाना हुई। बेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो पलामू का प्रतिनिधित्व करेंगे। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया सोमवार की शाम खिलाड़ियों को रवाना किया गया। गुजरात गये खिलाड़ियों में बालक अंडर 16 आयु वर्ग के जीपीएस स्कूल से आशुतोष कुमार ठाकुर - पैंथालोन अंकित कुमार -जेवेलिन प्रतम्य पाण्डेय - गोला फेंक बीसी मिशन स्कूल से साधना कुमारी - 60मीटर वी पी एम ज्ञान निकेतन से संध्या कुमारी- ऊंची कूद व अंश कुमार -60मीटर दौड़ के लिए शामिल हैं। इसी तरह बालक अंडर 14 आयु वर्ग में ट्रेथलॉन वी पी एम ज्ञान निकेतन से अपर्णा कुमारी व मानसी कुमारी जीजीपीएस जमुने से प्रतीक उपाध्याय एवं ओरिएंट स्कूल से आयुष कुमार शामिल हैं। टीम की कोच रेशमा पाण्डेय व रंजीत कुमार सिंह मैनेजर हैं। सभी खिलाड़ियों को पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ,ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, ऐथलेटिक्स एसोसिएशन के संगरक्षक महेंद्र कुशवाहा,वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित बरमन ,साइकिल एसोसिएशन सचिव सिद्धार्थ कुमार , इत्यादि ने शुभकामना दी हैं।

## जिले में टीकाकरण कार्य की नियमित निगरानी का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं एवं कोरोना महामारी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें जिले में टीकाकरण की स्थिति को सुदृढ़ करने पर चर्चा की गई। बताया गया कि कोई बच्चा छुटे नहीं, इसे लेकर नियमित टीकाकरण के लिए माइक्रोप्लान को अपडेट करें, छुटे हुए स्थानों को जोड़े ताकि शत प्रतिशत टीकाकरण कराया जा सके। वहीं डीडीसी ने निर्देशित किया कि जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर सही से टीकाकरण कार्य चल रहा है या नहीं इसकी लगातार मॉनिटरिंग करें। शिक्षा विभाग एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापि कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बच्चों के टीकाकरण के संबंध में मॉनिटरिंग करने, वैसे बच्चे जिनकी उम्र 10 वर्ष है उन्हें टीडी वैक्सीन दिए जाने की बात कही गई। इस संदर्भ में शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए एक अभियान मोड के तहत बच्चों को टीकाकरण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, जिला स्तर के सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखण्डों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डब्लूएचओसे के डॉ. दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## सावधान | स्मार्टफोन व ऑनलाइन क्लास भी चुनौती

# बच्चों के आंखों की देखभाल बेहद जरूरी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आज कल छोटे बच्चों को बहुत जल्दी चस्मा आंखों पर दिखाई देता नजर आ रही है।स्मार्टफोन पर कार्टून दिखाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।अभिभावक बच्चे को चुप व व्यस्त रखने के लिए स्मार्टफोन का सहारा ले रहे हैं। साथ ही स्कूलों में भी आनलाईन क्लास भी बच्चों को बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।उनका आदतें वहीं से बिगड़ना भी शुरू हुआ है।आमतौर पर कहा जाता है आंखों की रोशनी बढ़ती उम्र के साथ कम होनी शुरू हो जाती है और ऐसे में अधिकतर बुजुर्गों को चश्मे का सहारा लेना पड़ता है. लेकिन आजकल बच्चे सहित हर उम्र के व्यक्ति को चश्मा लगना आम बात हो गई है।आंखों की रोशनी कमजोर होने का कारण रिफ्रेक्टिव एरर होता है। जिसमें आंख रेटिना पर फोकस नहीं कर पाती है और आंखो से धुंधला दिखाई देता है।आजकल के बच्चे फिजिकल एक्टिविटी या आउटडोर गेम्स में भाग ना लेकर मोबाइल, वीडियो गेम्स और टेलीविजन पर ज्यादा टाइम बिताते हैं।आंखों की रोशनी बच्चों के न्यूट्रिशन इंटेक पर भी निर्भर होती है इसीलिए बच्चों के ग्रोथ इयर्स में केवल आंखो के लिए ही नहीं बल्कि ओवरऑल ग्रोथ के लिए उन्हें पोष्टिक आहार दें।शुरूआत में तो ये सब बड़ा अच्छा लगता रहा, लेकिन बाद में यह परेशानी का सबब बन जाता है।चश्मा पहनने की निचली सीमा कुछ महीने की उम्र जितनी छोटी हो बच्चों की आंखों की देखभाल ज्यादा जरूरी होता है। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का कहना है कि बच्चे आमतौर पर 6 और 12 साल की उम्र के बीच दूरदर्शी या दूरदर्शी हो जाते हैं। दूरदर्शिता का निदान पहले भी किया जा सकता है, कभी-कभी शैशवावस्था में भी। यहां तक ??कि शिशु भी चश्मा पहन सकते हैं यदि उन्हें अच्छी तरह देखने के लिए सहायता की आवश्यकता हो।आज कल के बच्चे फास्ट फूड ज्यादा खाते हैं बजाए पोष्टिक आहार के तो विटामिन अ नहीं मिलती जो आंखो के लिए जरूरी है।पहले की अपेक्षा अब स्कूल में कोर्स ज्यादा होता है तो किताबों में आंखे गढ़ी रहती है तो कमजोर होती हैं । और कॉमिक्स वगैरह भी।बच्चे तो अब 2 साल के होते ही टीवी देखना शुरू कर देते हैं तो उसमें से भी निकलने वाली रेज और रोशनी आंखों को खराब करती है।आज कल खाने पीने की कोई चीज ऐसी नहीं जो शुद्ध आती हो ऊपर से बढ़ता हुआ पॉल्यूशन का धुआं भी आंख खराब करता है।

## विधिक सशक्तिकरण शिविर, डीसी ने की बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 14 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा. इस शिविर की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर अपर समाहर्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी. मौके पर रामा रविदास ने कहा कि विधिक सशक्तिकरण शिविर के आयोजन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है. नालसा व झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा 14 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष हिमांशु मोहन, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अमित कुमार और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन शिरकत करेगें. उन्होंने विधिक सशक्तिकरण शिविर को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बात कही. बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी सुजीत सिंह समते जिले के अन्य कई पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे।

## पेज एक के शेष

**हेमंत और पिंटू के...**

रही है। गौरतलब है कि ईडी ने 31 जनवरी को जमीन घोटाला मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ईडी उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। सोमवार को उनकी पीएमएलए कोर्ट में पेशी हुई थी जिसके बाद उनकी रिमांड अवधि तीन दिनों के लिए बढ़ा दी गयी।

**ईडी की छापेमारी में...**

की ईडी जांच करेगी। जरूरत पड़ने पर तीनों ही आरोपितों को बारी-बारी से बुलाकर ईडी उनका बयान भी दर्ज करेगी। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व बड़गाईं अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद रिमांड पर हैं। ईडी दोनों से लगातार पूछताछ कर रही है।

**ईडी कोर्ट ने हेमंत...**

बड़गाईं, के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत की अवधि भी 22 फरवरी तक निर्धारित है। 31 जनवरी को गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन को एक फरवरी को ईडी के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया था। इसके बाद उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 13 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी गई थी। मंगलवार को यह अवधि समाप्त हो रही थी, जिसे देखते हुए ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी है। हेमंत सोरेन अभी ईडी के रिमांड पर हैं। ईडी कोर्ट ने हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए ईडी को 5-5 दिन के लिए दो बार रिमांड पर दिया था। इसके बाद सोमवार को हेमंत को और तीन दिनों की रिमांड पर ईडी को दिया गया है। ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA



" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज




CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# हरियाणा पुलिस ने अंतरराज्यीय बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले

**एजेंसी। चंडीगढ़**

पंजाब के सैकड़ों प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए मंगलवार को पुलिस ने उन्हें पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। हरियाणा पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। किसान अपनी प्रमुख मांगों में से एक के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून की मांग कर रहे हैं। मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए हरियाणा की सभी सीमाओं पर भारी सुरक्षा तैनात है और नाकेबंदी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यहां तक कि प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागने के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। इससे पहले दिन में चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई घंटों तक चली उच्च स्तरीय बैठक बेनतीजा रही। इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले 200 से अधिक यूनियनों के नेतृत्व में हजारों किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी की ओर 'दिल्ली चलो' विरोध मार्च शुरू किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री एमएसपी के मुद्दे पर एक कमेटी बनाने की वकालत कर रहे थे, लेकिन किसान नेताओं ने इसे ठुकरा दिया। केंद्र सरकार 2020-21 आंदोलन के दौरान दर्ज किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने पर भी सहमत हुई। लेकिन केंद्र ने कर्जमाफी पर भी कोई वादा नहीं किया।



बैठक में शामिल होने वाले संयुक्त किसान मोर्चा नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने मीडिया को बताया कि इस मुद्दे पर कई समितियां पहले ही एमएसपी को वैध बनाने की जरूरत की वकालत कर चुकी हैं। इसलिए किसी अन्य समिति का कोई उद्देश्य नहीं है। सरकार कर्ज माफी पर भी गंभीर नहीं थी। हालांकि, सरकार ने बड़े कॉरपोरेट के लाखों करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया। जगजीत सिंह दल्लेवाल ने सरकार पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाया। सूत्रों ने बताया कि सरकार एमएसपी की मांग पर सहमत नहीं है, उन्होंने मंगलवार को दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति दे दी। हरियाणा पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। हरियाणा पुलिस की प्रवक्ता एवं सहायक महानिरीक्षक मनीषा चौधरी ने कहा, "राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 114 कंपनियां तैनात की गई हैं। जिनमें से 64 कंपनियां अर्धसैनिक बलों की हैं और 50 कंपनियां हरियाणा पुलिस की हैं। किसानों ने पटियाला के शंभू बॉर्डर, संगरूर के मूनक, मुक्तसर के डबवाली और मनसा के रतिया बॉर्डर से हरियाणा में प्रवेश करने की योजना बनाई है।

हरियाणा पुलिस ने बैरिकेड्स, बोल्डर, रेत से भरे टिपर्स एवं कंटीले तारों और लोहे की कीलें लगाकर सभी चार प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया है। जिससे भारी ट्रैफिक जाम के साथ वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। दिल्ली में विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए सिंघू, गाजीपुर और टिकरी बॉर्डर पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## बवाना स्टेडियम का अस्थायी जेल बनाने के अनुरोध खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने के केंद्र के अनुरोध को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि किसानों की मांगें वास्तविक हैं। अनुरोध को ठुकराते हुए दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा किसानों की मांगें वास्तविक हैं और शांतिपूर्ण विरोध करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है इसलिए किसानों को गिरफ्तार करना गलत है। हम केंद्र सरकार के इस फैसले में एक पक्ष नहीं हो सकते।

## किसानों के साथ तीन घंटे चली अधिकारियों की मीटिंग

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 100 से अधिक गांवों के किसान लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। इस सिलसिले में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट ऑफिस में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ के अलावा पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी के साथ किसानों की बैठक रखी गई। अफसरों के साथ करीब तीन घंटे तक बैठक चली। किसानों ने कहा कि बैठक में प्रशासन को हमने अपना पक्ष रख दिया है। किसानों की मांगों को लेकर समाधान होना चाहिए नहीं तो किसान अपना निर्णय लेने में स्वतंत्र हैं।

## केंद्र सरकार ने किसानों से किए वादे तोड़े : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर किसानों की आवाज दबाने का आरोप लगाया है। खरगे ने बताया कि अधिकारियों ने किसानों को शहर में प्रवेश करने से रोका। उन्होंने मोदी सरकार पर किसानों से किए तीनों वादे तोड़ने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने देश के अन्नदाताओं से किए गए अपने तीनों वादे तोड़े हैं। कहा, 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी, स्वामीनाथन रिपोर्ट के मुताबिक लागत और 50 प्रतिशत एमएसपी लागू करना। एमएसपी को कानूनी दर्जा देने में कुछ भी लागू नहीं हुआ।

## यूएई में अहलान मोदी कार्यक्रम को लेकर भारतीय समुदाय में जश्न का माहौल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को यूएई पहुंच गए। वहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और उनके बीच औपचारिक वार्ता हुई। प्रधानमंत्री बुधवार को अबू धाबी के पहले भव्य हिंदू मंदिर (बीएपीएस) का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के इस दौरे से पहले अबू धाबी में सालों से रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में जश्न का माहौल है, सभी लोग प्रधानमंत्री मोदी के लिए आयोजित अहलान मोदी कार्यक्रम और हिंदू मंदिर के उद्घाटन से काफी उत्साहित भी हैं। आदित्य भारद्वाज चार साल से अबू धाबी में लैब असिस्टेंट के तौर पर काम करे हैं। उनका कहना है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की दुनिया में एक अलग पहचान बनी है, जिससे हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत के रिश्ते बाकी देशों से काफी बेहतर और मजबूत भी हुए हैं। आदित्य ने कहा कि मोदी सरकार ने विदेशों में रह रहे एनआरआई लोगों के लिए भी बेहतर कार्य किया है।

वहीं अभिषेक शर्मा करीब 10 सालों से अबू धाबी में बैंकिंग क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के विजन, लीडरशिप और डिसीजन मेकिंग क्वालिटी की खूब सराहना की। इसके साथ ही अभिषेक ने भारत में हो रहे विकास को लेकर भी केंद्र सरकार की सराहना की और कहा ह्यमोदी है तो मुमकिन है। बिहार के रहने वाले मनोज शर्मा पिछले 25 साल से अबू धाबी में हैं। उन्होंने बताया कि ह्यअहलान मोदी कार्यक्रम को लेकर न केवल एक समुदाय उत्साहित है बल्कि पूरे भारतवासी जो अबू धाबी में रह रहे हैं उनके लिए यह एक गौरव का पल होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने आगे लिखा, पीएम बनने के बाद मेरी यह यूएई की सातवीं यात्रा है, जो यह दशार्ता है कि भारत-यूएई मित्रता को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने लिखा, मैं राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मिलने के लिए बेहद उत्सुक हूं, मुझे संयुक्त अरब अमीरात में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिलेगा। मैं अबू धाबी में एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करूंगा। इसके साथ ही मैं वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट को भी संबोधित करूंगा।

## बाफ्टा में पुरस्कार प्रदान करेंगी अभिनेत्री दीपिका पादुकोण



GRATITUDE...

BAFTA

Presenters confirmed to date include (in alphabetical order)

Adjoa Andoh, Andrew Scott, Bryce Dallas Howard, Callum Turner, Cate Blanchett, Chiwetel Ejiofor, Daisy Edgar Jones, Daryl McCormack, David Beckham, Deepika Padukone, Dua Lipa, Emma Corrin, Emma Mackey, Gillian Anderson, Himesh Patel, Hugh Grant, Idris Elba, Indira Varma, James Martin, Jack O'Connell, Keegan-Michael Key, Kingsley Ben-Adir, Lily Collins, Marisa Abela, Rebecca Ferguson, Sheila Atim, Taylor Russell.



**एजेंसी। मुंबई**

हाल ही में एक्शन फिल्म 'फाइटर' में नजर आने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आट्र्स (बाफ्टा) पुरस्कार देती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बीते वर्ष अकादमी पुरस्कारों में आरआरआर के गाने नाटू-नाटू पर लाइव प्रदर्शन किया था। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में जाकर अपने फॉलोअर्स के साथ यह खबर शेयर करते हुए अपना आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री ने बाफ्टा वेबसाइट से प्रस्तुतकर्ताओं की सूची का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है।

समारोह में हन्ना वाडिंगम एक विशेष कवर गीत प्रस्तुत करेंगी, जबकि सोफी एलिस बेक्सटर 'मर्डर ऑन द डांसफ्लोर' गाएंगी, जिसने हाल ही में साल्टबर्न के कारण रिलीज के दो दशक बाद लोकप्रियता हासिल की है। बाफ्टा फिल्म पुरस्कार रविवार को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में होंगे। भारतीय दर्शक समारोह को लायंसगेट प्ले पर देख सकते हैं।

## पेशाब गेट विवाद

### शंकर मिश्रा ने वेल्स फार्गो पर किया केस मामले की सुनवाई 14 को

**नई दिल्ली।** जनवरी 2023 में न्यूयॉर्क-दिल्ली एयर इंडिया की उड़ान में अपने साथी यात्री 70 वर्षीय महिला पर पेशाब करने के लिए कुख्यात शंकर मिश्रा ने अब अपने पूर्व नियोक्ता 'वेल्स फार्गो' के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। विमान में हुई इस घटना के बाद कंपनी ने 35 वर्षीय मिश्रा को नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। दिल्ली हाई कोर्ट इस मामले पर बुधवार को सुनवाई करेगा। शंकर के पिता श्यामनवल मिश्रा ने कहा कि उनका बेटा एक साल से अधिक समय से बेरोजगार है और अपने नियोक्ता वेल्स फार्गो द्वारा बिना किसी पूछताछ या तथ्य-जांच के बर्खास्त करने के बाद उसे 200 से अधिक जगहों से नौकरी से खारिज कर दिया गया।

## वाराणसी के जज पर अपमानजनक पोस्ट ने कर्नाटक में लिया सांप्रदायिक रंग

**एजेंसी। रामनगर, (कर्नाटक)**

ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर फैसला सुनाने वाले जज पर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता चांद पाशा के एक अपमानजनक पोस्ट ने मंगलवार को कर्नाटक में सांप्रदायिकता का रंग ले लिया। इस घटना के बाद पुलिस ने 40 अधिवक्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। जिसके बाद रामनगर जिले में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। वहीं अब अधिवक्ता सब-इंसपेक्टर के निलंबन की मांग कर रहे हैं। पुलिस विभाग को चेतावनी जारी की गई है कि मंगलवार शाम तक सस्पेंशन ऑर्डर जारी नहीं किया गया, तो राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

मंगलवार को रामनगर जिला कोर्ट में अधिवक्ताओं ने कार्यवाही का बहिष्कार किया। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन का भी आह्वान किया। रामनगर के व्यापारी रफीक खान की शिकायत पर पुलिस ने अधिवक्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। शिकायत में एडवोकेट एसोसिएशन से मांग की गई है कि वो एक ज्ञापन यह कहते हुए जमा कराए कि चांद पाशा पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से झूठे हैं।

रफीक खान ने अपनी शिकायत में कहा आरोपियों ने हमें रोका, हमें बंद कर दिया और हमारे साथ मारपीट की। आरोपियों ने दावा किया कि वह जगह मस्जिद नहीं है। उन्होंने हमारे धर्म का नाम लेकर हमारे साथ दुर्व्यवहार किया। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता बीएम श्रीनिवास की शिकायत पर पुलिस ने चांद पाशा सहित 40 के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई।

शिकायत में कहा गया। अधिवक्ता चांद पाशा के खिलाफ हुई शिकायत के बाद एडवोकेट एसोसिएशन ने गत 6 फरवरी को बैठक की। जिसमें आगे की कार्रवाई के बारे में व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श किया गया।

## 'असली' एनसीपी के सवाल पर शरद पवार पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** शरद पवार गुट ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'असली' राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता देने व पार्टी का चुनाव चन्हि 'घड़ी' आवंटित के चुनाव आयोग (ईसी) के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। गौरतलब है कि अजित पवार पक्ष ने पिछले हफ्ते ही एक कैविएट दायर कर कहा है कि मामले में शीर्ष अदालत द्वारा कोई भी आदेश पारित करने से पहले उसे सुना जाना चाहिए। राकांपा पिछले साल जुलाई में विभाजित हो गई थी, जब अजीत पवार के नेतृत्व वाले एक गुट ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल होने के लिए अपने चाचा और राकांपा संस्थापक शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया था।

## भारतीय मूल की अमेरिकी मीरा जोशी न्यूयॉर्क के एमटीए बोर्ड के लिए नामित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल की अमेरिकी मीरा जोशी को न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड में सेवा देने के लिए नामित किया है। जनवरी 2022 से न्यूयॉर्क शहर के संचालन के लिए डिप्टी मेयर जोशी, एडम्स प्रशासन के परिवहन बुनियादी ढांचे और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करेंगी। एडम्स ने कहा, न्यूयॉर्क शहर की ट्रांजिट सिस्टम हमारी रीढ़ है और एमटीए बोर्ड से पुष्टि होने के बाद उप महापौर जोशी यह सुनिश्चित करने में मदद करेंगी कि हमारी रीढ़ पहले से कहीं अधिक मजबूत हो। इसमें कहा गया है कि उनकी टीमें शहर के खुले, हरे और जलीय स्थान का विस्तार करने के लिए हर दिन काम करती हैं। न्यूयॉर्क शहर के भवन और परिवहन उत्सर्जन के साथ ही इसके अपशिष्ट प्रवाह को कम करना और न्यूयॉर्क वासियों को अत्यधिक गर्मी और बारिश के पानी से लगातार बढ़ते खतरों से बचाएं।

## भारतीय-अमेरिकी सोनाली कोर्डे ने यूएसएआईडी प्रशासक के सहायक के रूप में ली शपथ

**न्यूयॉर्क।** भारतीय-अमेरिकी सोनाली कोर्डे ने सोमवार को यूएसएआईडी के ब्यूरो फॉर ह्यूमैनिटेरियन असिस्टेंस (बीएचए) के प्रशासक के सहायक के रूप में शपथ ली। अंतरराष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया के लिए अमेरिकी सरकार के नेतृत्व के रूप में, बीएचए वैश्विक खतरों और मानवीय जरूरतों की निगरानी करता है, उन्हें कम करता है और प्रतिक्रिया देता है। सोनाली ने हाल ही में मध्य पूर्व मानवीय मुद्दों के लिए अमेरिकी विशेष दूत के उप के रूप में कार्य किया। उन्होंने गाजा में मानवीय संकट को दूर करने के लिए देश के कूटनीतिक प्रयासों का नेतृत्व किया। यूएसएआईडी प्रशासक सामंथा पावर ने एक बयान में कहा,मानवीय सहायता ब्यूरो का नेतृत्व करना यूएसएआईडी में सबसे कठिन नौकरियों में से एक है। पवार ने कहा बीएचए को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो कुशल प्रतिक्रिया देने के लिए नौकरशाही को चतुराई से संचालित कर सके, जिसके पास व्यक्तिगत कौशल, कांग्रेस के संपर्क और बजट बनाने का अनुभव हो, जो जरूरतमंद लोगों के लिए वकालत करता हो हो और कोई ऐसा व्यक्ति जो उत्पादन कर सके, पोषण कर सके, और टीमों को आगे बढ़ने और इस पल का सामना करने के लिए सशक्त बनाता हो। यह सोनाली हैं, विशिष्ट सोनाली, अद्वितीय सोनाली।



## गुटेरेस ने पाकिस्तान चुनाव विवादों को कानूनी तरीकों से सुलझाने का किया आह्वान

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान चुनाव विवादों को कानूनी तरीकों से सुलझाने का आह्वान किया है। उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा, महासचिव अधिकारियों, राजनीतिक नेताओं से शांत माहौल बनाए रखने, हिंसा से दूर रहने और तनाव बढ़ाने वाली किसी भी कार्रवाई से बचने का आग्रह करते हैं।



पाकिस्तान को राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि गुरुवार के चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल को सरकार बनाने के लिए स्पष्ट बहुमत नहीं मिलाा। चुनाव में धोखाधड़ी के दावों के बीच जेल में बंद पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान के समर्थक सेना के विरोध के बावजूद अप्रत्याशित रूप से मजबूत हो गए हैं।


दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, वह सभी मुद्दों और विवादों को स्थापित कानूनी ढांचे के माध्यम से हल करने और मानवाधिकारों और कानून के शासन का पाकिस्तान के लोगों के हित में पूरी तरह से सम्मान करने का आह्वान करते हैं।

जिन 268 नेशनल असेंबली सीटों पर चुनाव लड़ा गया, उनमें से पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान का समर्थन करने वाले निर्दलीय उम्मीदवारों ने 93 सीटें हासिल कीं, जो अन्य दलों से अधिक हैं। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पाकिस्तान यूनियन मुस्लिम लीग-नवाज 75 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही और बिलावल भुट्टो जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। खान को आधिकारिक गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने और अवैध विवाह करने सहित चार आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया गया था, और कुल 34 साल की जेल की सजा दी गई है।

पीटीआई ने आरोप लगाया है कि बड़े पैमाने पर मतदान में धांधली हुई है। उसके समर्थकों ने रविवार को देश भर में विरोध प्रदर्शन किया, कुछ स्थानों पर पुलिस के साथ झड़प हुई।

## 8 फरवरी के चुनाव में 'धांधली' के खिलाफ अदालत जाएगी पीटीआई : इमरान खान

**एजेंसी। रावलपिंडी**



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 8 फरवरी के आम चुनाव के नतीजों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। पार्टी के संस्थापक इमरान खान ने अदियाला जेल में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये बात कही। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, सोमवार को, पार्टी ने पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग की थी। उन पर संवैधानिक और कानूनी कर्तव्यों की उपेक्षा करने और 'चुनावी धोखाधड़ी' में एक सूत्रधार की भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई ने आगे जोर देकर कहा कि न केवल सीईसी राजा को पद छोड़ना चाहिए, बल्कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के सदस्यों को भी अपना इस्तीफा देना चाहिए। इसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को जनता द्वारा दिए गए जनादेश को छीनने के लिए मिलीभगत की। पीटीआई प्रमुख ने पीएमएल-एन, पीपीपी या एमक्यूएम-पी के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कथित धांधली के खिलाफ पीटीआई के सूचना सचिव रऊफ हसन को इन तीनों को छोड़कर दूसरे राजनीतिक दलों को इकट्ठा करने का निर्देश दिया।

## तमिलनाडु के राज्यपाल ने जेल में बंद मंत्री वी सेंथिल बालाजी का इस्तीफा मंजूर किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मंत्रिपरिषद से तमिलनाडु के मंत्री और डीएमके नेता वी सेंथिल बालाजी का इस्तीफा मंजूर कर लिया। यह जानकारी तमिलनाडु राजभवन की आज (मंगलवार) जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। वी सेंथिल बालाजी ने पुझल सेंट्रल जेल से अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को भेजा था। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद वी सेंथिल बालाजी ने अपनी गिरफ्तारी के आठ महीने बाद सोमवार को इस्तीफा दिया। स्टालिन के कार्यालय ने सेंथिल बालाजी के इस्तीफे की पुष्टि करते हुए कहा था कि उनका इस्तीफा राज्यपाल को भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी को मद्रास हाई कोर्ट वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा।